सुप्रभात
रांची, गुरुवार
23.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
माघ, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 193




12 बर्थराइट पॉलिसी के खिलाफ अमेरिका के 22 राज्यों में मुकदमा

## न्यूज डायरी

### पहले टी-20 में भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से रौंदा

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गये पहले टी20 मैच में 7 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 132 रन बनाये। टीम इंडिया ने जीत के लिए मिले 133 रनों के लक्ष्य को 12.5 ओवर में 43 गेंद बाकी रहते हुए 3 विकेट के नुकसान पर पूरा कर 7 विकेट से जीत दर्ज कर ली। अभिषेक शर्मा ने 33 बॉल में 5 चौके और 8 छक्कों के साथ 232.35 की धमाकेदार स्ट्राइक रेट के साथ 79 रनों की तूफानी पारी खेली। संजू ने 20 बॉलों में 130 की स्ट्राइक रेट से 4 चौके और 1 छक्का लगाया।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 5 सालों तक जारी रहेगा

**नयी दिल ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत देश में प्राप्त उपलब्धियों को स्वीकारते हुए बुधवार को इसे अगले पांच वर्षों तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी।

### जूट का एमएसपी केंद्र ने 315 रुपये बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 315 बढ़ाने की घोषणा की है। अब कच्चे जूट का नया एमएसपी 5,650 प्रति क्विंटल होगा जो पिछले सीजन के 5,335 प्रति क्विंटल से अधिक है। यह बढ़ोतरी सरकार की उस नीति के तहत की गयी है जिसमें एमएसपी को उत्पादन की औसत लागत से जोड़ा जाता है ताकि किसानों को बेहतर लाभ मिल सके।

### पुलिस लाइन में जन शिकायत समाधान

**रांची।** पुलिस लाइन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आइपीएस मनोज कौशिक,आइजी मुख्यालय ने लोगों की शिकायतें सुनीं और समाधान का निर्देश दिया। कार्यक्रम में डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा,सिटी एसपी राज कुमार मेहता,सिटी डीएसपी केवी रमन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित सम्बंधित थाने के थानेदार और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### हिंदपीढ़ी इलाके में मारपीट, चली गोली

**रांची।** राजधानी के हिंदपीढ़ी इलाके में मारपीट के दौरान गोलीचालन की खबर है। गोली चलने से क्षेत्र में अफरातफरी मच गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। अपराधियों ने पहले छिनतई का प्रयास किया। भीड़ को देख अपराधी फायरिंग कर भाग निकले।

## योगी ने मंत्रियों संग संगम में लगायी डुबकी



एजेंसी

**कुंभनगर।** महाकुंभ प्रयागराज में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ संगम में स्नान किया। मुख्यमंत्री ने इस पल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए आस्था और भारतीय संस्कृति की महिमा का उल्लेख किया। सीएम योगी ने एक्स पोस्ट में लिखा, महाकुंभ 2025 के महासमागम में त्रिवेणी संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी का कल्याण करें। स्नान के बाद उन्होंने संगम पर पूजा-अर्चना की और प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौड़ ने इस अनुभव को 'असीम आनंद की अनुभूति' बताया। मंत्रियों ने मां गंगा की गोद में बच्चों की तरह जल क्रीड़ा की। इस दौरान कैबिनेट बैठक भी हुई, जिसमें कई जनकल्याणकारी फैसले लिये गये।

# महाराष्ट्र के जलगांव में ट्रेन हादसा, 12 की मौत

## पुष्पक में आग की अफवाह, कूदे यात्रियों को दूसरी ट्रेन ने रौंदा

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पचोरा रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गयी। इस अफवाह के बाद ट्रेन में सवार यात्री जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदने लगे। इसी बीच सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने अनेक यात्रियों को रौंद दिया। हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गयी। 40 से अधिक यात्री घायल हैं। घायलों में कई की हालत गंभी है, ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की भी आशंका है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। घायलों को जलगांव और आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने यह जानकारी दी। हादसे से ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ है। मध्य रेलवे ने घटनास्थल के लिए एक रिलीफ ट्रेन भी भेजी है।

**घबराहट में कूद गये यात्री :** रेलवे के एक अधिकारी ने को बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर 'हॉट एक्सल' या 'ब्रेक-बाइंडिंग' (जामिंग) के कारण चिंगारी निकली थी, जिससे कुछ यात्री घबरा गये। उन्होंने चेन खींची और उनमें से कुछ पटरियों पर कूद गये। उसी समय,कर्नाटक एक्सप्रेस बगल की पटरी से गुजर रही थी। कई यात्री ट्रेन की चपेट में आ गये। नासिक के डिवीजनल कमिश्नर प्रवीण गेदाम के अनुसार, मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। (शेष पेज 11 पर)

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा विधायक आवास

### एक ही कैंपस में विधायकों को रहने का मिलेगा मौका

## सीएम हेमंत सोरेन ने निरीक्षण कर दिये शीघ्र पूरा करने का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जगन्नाथपुर में बन रहे विधायक आवासीय परिसर अत्याधुनिक सुविधा से लैस होगा। विधायक आवासीय परिसर में डुपलेक्स के अलावा एक प्रेक्षागृह, एक इनडोर स्टेडियम, चिल्ड्रेन पार्क आदि की सुविधा रहेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। सीएम ने निर्माण कार्य में और कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि शीघ्र हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी हो। सीएम ने कहा कि इसके बन जाने से सभी विधायकों को एक ही कैंपस में रहने के लिए एक बेहतर, व्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त आवास मिलेगा।



**पौधरोपन का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने विधायक आवासीय परिसर में बड़े पैमाने पर प्लांटेशन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभी विधायकों के लिये आवासीय व्यवस्था व्यवस्थित नहीं है। राजधानी रांची के अलग-अलग क्षेत्र में उन्हें रहने के लिये आवास उपलब्ध कराया गया है। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)

## बेरमो के ऊपरघाट इलाके में मुठभेड़

# एक महिला समेत दो हार्डकोर नक्सली ढेर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल के नक्सल प्रभावित पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र में ऊपरघाट के बंशी एवं जरवा के जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। इसमें एक महिला नक्सली भी है। मुठभेड़ बुधवार को अहले सुबह हुई। मारी महिला नक्सली चंद्रपुरा से पकड़े गये15 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली रणविजय महतो की पत्नी बतायी जा रही है। मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हैं।

**कई हथियार भी मिले :** पुलिस मुख्यालय ने एक महिला समेत दो नक्सलियों के मारे जाने की पुष्ट की है। उनके पास से कई घातक हथियार भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के जवानों की प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के साथ यह मुठभेड़ हुई। पुलिस को बंसी गांव के समीप जंगल में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस सर्च ऑपरेशन पर थी। (शेष पेज 11 पर)

### लातेहार में भी मुठभेड़, एक नक्सली को लगी गोली

लातेहार। लोहरदगा-लातेहार के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित सेमरखाड़ के पास मंगलवार की देर रात पुलिस और जेजेएमपी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक नक्सली को गोली लगी, जबकि अन्य नक्सली अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। घटना के बाद बुधवार की सुबह पुलिस ने घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाकर एक हथियार बरामद किया है।

# झारखंड के 8 आइपीएस अधिकारियों को सम्मान

### मतदाता दिवस पर राज्यपाल करेंगे सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड के 8 जांबाज आईपीएस अधिकारियों को चुनाव आयोग सम्मानित करेगा। लोकसभा और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए इन्हें सम्मानित किया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल के द्वारा सभी आईपीएस अफसरों को सम्मानित करेंगे।

चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण निर्वाचन संचालन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी है। सम्मान पानेवाले अधिकारी हैं झ सीआरपीएफ के आइजी साकेत कुमार सिंह, आईजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर, आईजी, बोकारो रेंज माइकल राज, झारखंड जगुआर के आइजी अनूप बिरथरे, झारखंड जगुआर के डीआइजी इंद्रजीत महथा, धनंजय कुमार सिंह ( डीआइजी, झारखंड पुलिस), पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन और झारखंड पुलिस के उप समादेष्टा मिथिलेश कुमार।

तीन दशक बाद नक्सलियों के गढ़ में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को ले कर झारखंड की लेडी सिंघम के रूप में चर्चित पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को चुनाव आयोग ने पुरस्कृत करने का फैसला किया है। रीष्मा रमेशन एकमात्र एसपी हैं, जिन्हें चुनाव आयोग के तरफ से पुरस्कृत किया जा रहा है।

# नामकुम के राजस्वकर्मी के ठिकानों पर रेड

### रांची और बिहार में एक साथ छापा

## एसीबी ने कई भूखंडों के दस्तावेज, मोबाईल बरामद की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के रांची, गुमला और बिहार के औरंगाबाद समेत कई ठिकानों पर बुधवार को एसीबी ने छापेमारी शुरू की है। रांची के टैगोर हिल रोड स्थित राजेश कुमार के निवास स्थान पर भी एसीबी की टीम ने रेड किया है और कागजात खंगाले। इस छापेमारी में अब तक कई भूखंडों के दस्तावेज और कई मोबाईल एसीबी ने बरामद किये हैं। इसके साथ ही एसीबी को कैश पैसे भी मिले हैं। एसीबी की छापेमारी के बाद राजस्व कर्मचारी राजेश को लेकर तरह तरह की चर्चा शुरू हो गई हैं। लोग बताते हैं कि अपने स्ट्रांग कनेक्शन की वजह से राजेश को नामकुम जैसे महत्वपूर्ण अंचल में अंचल निरीक्षक (सीआई) का प्रभार नामकुम सीओ ने दे दिया। अंचल कार्यालय में राजेश की हनक ऐसी है कि उसकी मर्जी के बिना किसी बड़े भूखंड का म्यूटेशन नहीं हो सकता।



**दस्तावेज बनाने वेतन पर रखता था :** राजस्व कर्मचारी होकर भी राजेश स्कॉर्पियों से कार्यालय आता था। वह अपने साथ एक ड्राइवर भी लेकर चलता था। इतना ही नहीं, राजेश ने रिपोर्ट तैयार करने और अंचल से जुड़े अन्य दस्तावेज तैयार करने के लिए दिलीप दास नाम के एक व्यक्ति को वेतन पर रखा था। दिलीप दास का वेतन राजेश खुद अपनी पॉकेट से देता था। राजेश का ड्राइवर जमशेद है जो उसका सबसे बड़ा राजदार है। रांची टाउन अंचल में रहने के दौरान एक वरीय आईपीएस की भूमि के म्यूटेशन को लेकर भी राजेश काफी विवादों में रहा था।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# आवास बोर्ड ई-लॉटरी से मकान और फ्लैट करेगा आवंटित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने ई-लॉटरी के माध्यम से मकान और फ्लैट का आवंटन करने का फैसला किया है। इसके तहत रांची प्रमंडल के हरमू और अरगोड़ा में मकान और फ्लैट दिये जायेंगे। इसकी सूचना जारी कर दी गयी है। बोर्ड ने सूचना जारी करते कहा है कि ई-लॉटरी के माध्यम से मकान और फ्लैट का आवंटन होगा। भाड़ा सह क्रय के आधार पर 90 वर्षों के लिए पट्टे पर आवंटियों को मकान दिये जायेंगे।

अलग-अलग कैटेगरी के फ्लैट और मकानों के आवंटन के लिए बोर्ड ने कुछ शर्तें भी तय की हैं इन्हें किस वर्ग (सामान्य, दिव्यांग, एससी-एसटी, ओबीसी, ओबीसी-दिव्यांग, रिटायर्ड सरकारी सेवक, सैन्य सेवा से रिटायर, परित्यक्ता, बेसहारा-विधवा) को दिया जायेगा।

**आवेदन शुल्क :** आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्गीय के लिए 1000 रुपये। अल्प आय वर्गीय के लिए 2000 रुपये। मध्यम आय वर्गीय के लिए 2000 रुपये। उच्च आय वर्गीय के लिए 3000 रुपए।

### आवेदन व आवंटन की प्रक्रिया

ई-लॉटरी के माध्यम से मकान और फ्लैट का आवंटन होगा। भाड़ा सह क्रय के आधार पर 90 वर्षों के लिए पप्ते पर आवंटियों को मकान दिये जायेंगे। मकान, फ्लैट के लिए 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बोर्ड कार्यालय द्वारा जमा किये गये कागजात-आवेदनों की जांच 11 मार्च से 4 अप्रैल तक की जायेगी। औपबंधिक आवेदकों की सूची का प्रकाशन 7 अप्रैल को आयोग की वेबसाइट पर होगा। आवास बोर्ड के प्रांगण में ऑनलाइन लॉटरी का आयोजन 9 अप्रैल को होगा। विशेष जानकारी के लिए बोर्ड कार्यालय से कार्यपालक अभियंता से संपर्क किया जा सकता है। जिन आवेदकों को आवासीय इकाई, फ्लैट का आवंटन नहीं हो सकेगा, उनकी जमा राशि ब्याज रहित वापस कर दी जायेगी।

### मकान और फ्लैट की कीमतें

- ईडब्ल्यूएस ब्लॉक 7, हरमू में 15 यूनिट (सुपर बिल्ड अप एरिया 450-455 वर्ग फीट तक) - करीब 15-16 लाख रुपये तक।
- एलएफ फ्लैट (298 वर्ग फीट) हरमू में 47 यूनिट - करीब 9 लाख रुपये। एलआइजी कैटेगरी के 25 यूनिट (573 वर्ग फीट से 754 वर्ग फीट तक) हरमू और अरगोड़ा में - 28 लाख से 32 लाख रुपये तक। एमआइजी कैटेगरी के फ्लैट (915 वर्ग फीट से 1145 वर्ग फीट तक) - 39 लाख से 53 लाख रुपये तक। एचआईजी (उच्च आय वर्गीय) फ्लैट (ब्लॉक 1- अरगोड़ा, ब्लॉक 2- हरमू, 1319-1650 वर्ग फीट) - 60 लाख से 65 लाख रुपये तक।

# सीजीएल परीक्षा रिजल्ट पर रोक जारी रहेगी

### हाइकोर्ट ने मांगी स्टेट्स रिपोर्ट, अगली सुनवाई 26 मार्च को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित सीजीएल परीक्षा परिणाम जारी करने पर लगी रोक हाईकोर्ट के अगले आदेश तक जारी रहेगी। पेपर लीक मामले की सीबीआइ से जांच की मांग वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश दीपक रौशन की बेंच ने चार सप्ताह के भीतर जांच से जुड़ी स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में सीआइडी के अनुसंधान जारी है। मोबाइल सहित कुछ डिजिटल उपकरण को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट में चार सप्ताह का समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने सरकार को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 मार्च निर्धारित की। कोर्ट ने रिजल्ट पर अगले आदेश तक रोक बरकरार रखा है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा। (शेष पेज 11 पर)

### रिम्स पार्ट टू के निर्माण पर भाजपा ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

# रिम्स-2 से पहले मौजूदा रिम्स की व्यवस्था सुधारे सरकार : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य व्यवस्था और रिम्स की दशा सुधारने की मांग की है। श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार रिम्स पार्ट 2 की नींव रखने की बात कर रही है जबकि रिम्स की मौजूदा स्थिति दिन-प्रतिदिन और भी बदतर होती जा रही है। राज्य सरकार को पहले रिम्स की वर्तमान व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना चाहिये। न कि नये प्रोजेक्ट का सब्जबाग दिखाना चाहिये। उन्होंने कहा कि रिम्स की हालत दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। दवाइयां नहीं मिल पातीं, बेड नहीं मिलते और कई जगहों पर मशीनें खराब पड़ी हैं। इसके साथ ही उन्होंने रिम्स में हाल ही में हुई एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना पर भी चिंता जताते हुये कहा कि रिम्स में महिलायें सुरक्षित नहीं हैं। यह भी आरोप लगाया कि रिम्स में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन भी समय पर नहीं मिल पाता है। इससे वहां काम करने वाले कर्मचारियों की स्थिति और भी खराब हो रही है। इसके अलावा, कई सरकारी मशीनें खराब पड़ी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में बैठे कुछ नेताओं ने निजी डाइग्नोस्टिक कंपनियां बना रखी हैं। उनका उद्देश्य रिम्स में अपने उत्पादों की आपूर्ति करना है। यह सब भ्रष्टाचार का खेल है। राज्य सरकार बुनियादी सुविधाएं एवं मैन पावर दुरुस्त करने के बजाय नया खेला करने में जुटी हुई है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को रिम्स-2 के निर्माण के लिए सुकुरहुटू में स्थल निरीक्षण अधिकारियों संग किया था।

मौके पर मीडिया से कहा था कि दो सालों में 700 बेड की क्षमता का रिम्स-2 बनाया जायेगा। इनमें 250 बेड में सुपर स्पेशियलिटी सुविधा मिलेगी। निर्माण पर 1074 करोड़ की लागत आयेगी। डॉ इरफान ने कहा था कि 15 दिनों में रिम्स 2 के लिये डीपीआर तैयार करा लिया जायेग।




## सरना प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हेमंत को दिया वार्षिक पूजा का निमंत्रण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा एवं केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित सिरसी गांव में 3 फरवरी को सिरसी-ता-नाले दर्शन यात्रा (वार्षिक पूजा एवं प्रार्थना कार्यक्रम) में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति ने मुख्यमंत्री को मांगों से भी अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ बातचीत के दौरान सरना धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर अपनी मांगों को रखा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री वार्षिक पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर सरना समाज का मान बढ़ायेंगे। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधियों में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, प्रकाश हंस, सचिन कच्छप, मुन्ना उरांव सहित राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, छोटेलाल करमाली, जलेश्वर उरांव, करमा उरांव, बिरसा उरांव, राजेश लिंडा, संदीप उरांव, फुलेश्वर उरांव आदि थे।

## विधानसभा के प्रभारी सचिव जावेद हैदर को दी गयी विदायी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर के सेवानिवृत्त होने पर शुभकामनायें दी है। श्री महतो ने सादे समारोह में श्री हैदर को पुष्पगुच्छ, मोमेंटों व शॉल प्रदान किया। दरअसल, अपर सचिव सह प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर 30 नवंबर 2024 को झारखंड विधानसभा सचिवालय से सेवानिवृत्त हुये थे। इस अवसर को लेकर सभा सचिवालय में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर स्पीकर ने कहा कि सभागार में आपके सहकर्मियों का उपस्थिति यह प्रमाणित कर रही है कि अपने सेवाकाल में आपने अपने व्यवहार कौशल से सभी को साथ लेकर चला है। प्रभारी सचिव माणिक लाल हेमब्रम ने कहा कि सैयद जावेद हैदर के कुशल कार्यक्षमता और सौहार्दपूर्ण व्यवहार के लिये हमेशा जाने गये और उन्होंने सम्पूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण रूप से की है। हम सभी उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।

## ईडी कोर्ट पहुंची पूजा सिंघल, सुनवाई टली



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के मामले में ट्रायल फेस कर रहीं आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल बुधवार को ईडी द्वारा जब्त अभिप्रमाणित दस्तावेज का निरीक्षण करने पीएमएलए कोर्ट पहुंचीं लेकिन किसी कारणवश वह दस्तावेज का निरीक्षण नहीं कर पाईं। मामले में वह वर्तमान में ईडी द्वारा जब्त अभिप्रमाणित दस्तावेज का निरीक्षण कर रहीं हैं। इसी मामले में आरोपी सीए सुमन कुमार ने कोर्ट में बैठकर अभिप्रमाणित दस्तावेज का निरीक्षण किया। दस्तावेज निरीक्षण के कारण ईडी की ओर से जारी गवाही नहीं हो पा रही है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 30 जनवरी निर्धारित की है। वहीं, मामले में जेल में बंद बर्खास्त जेई राम बिनोद प्रसाद सिन्हा और शशि प्रकाश की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अदालत में पेश किया गया।

### शैक्षणिक सत्र 2024-25 में ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का विभाग का प्रयास जारी

# झारखंड के 54,130 विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में मिली कामयाबी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में आउट ऑफ स्कूल और ड्रापआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में बड़ी कामयाबी मिली है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 54,130 आउट ऑफ स्कूल/ ड्रापआउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया गया है। सभी जिलों ने लक्ष्य के अनुरूप बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयास में सफलता पायी है।

झारखंड शिक्षा परियोजना परियोजना परिषद को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अबतक 54,130 बच्चों को विद्यालय से जोड़ा गया है। कुल 65,065 लक्षित बच्चों में से अबतक 83.19% को विद्यालय से जोड़ा जा चुका है और उनकी पढ़ाई शुरू हो गयी है। शेष बचे बच्चों को भी विद्यालय से जोड़ने का प्रयास जारी है। इस शैक्षणिक सत्र में शत प्रतिशत लक्षित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।



**पिछले सत्र में जोड़े गये थे 34,608 बच्चे :** वर्ष 2023-24 में 34,608 को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा गया था। वर्ष 2022-23 में 3,930 को शिक्षा से जोड़ा गया था। राज्य कार्यक्रम प्रबंधक बिनीता तिर्की ने बताया कि अधिकांश जिलों में आउट ऑफ स्कूल/ड्राप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के प्रयास में सफलता मिली है। जिन जिलों ने अबतक लक्षित बच्चों को शत प्रतिशत शिक्षा से नहीं जोड़ा है, उन्हें जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। विभाग की कोशिश है कि इस शैक्षणिक वर्ष में भी शत प्रतिशत लक्षित स्टूडेंट्स को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

**शिक्षा विभाग द्वारा लगातार अनुश्रवण :** आउट ऑफ स्कूल/ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का लगातार प्रयास हो रहा है। इसके लिए सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता को बढ़ाने तथा राज्यस्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विद्यालयों एवं जिलों का निरंतर अनुश्रवण हो रहा है। राज्य के 24 जिलों में 24 राज्यस्तरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में अनुश्रवण दल के पदाधिकारी भ्रमण कर यह सुनिश्ति करा रहे हैं कि उनके जिले में शत प्रतिशत शिशु पंजी हो, कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से अलग न रहे।

**प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रयास और स्कूल रुआर का दिख रहा असर :** स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और उन्हें शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रयास और स्कूल रुआर कार्यक्रम असरदार साबित हो रहा है। प्रयास कार्यक्रम के तहत स्कूल में छात्रों की अनुपस्थिति को दिवसों के आधार पर चिन्हित किया जाता है। प्रत्येक कक्षा में कक्षा पंजी बनाकर प्रत्येक माह बच्चों का रिकार्ड संधारण किया जाता है। 3 दिन, 15 दिन एवं 30 दिन तक अनुस्पस्थित बच्चों को चिन्हित कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक प्रयास किया जाता है एवं उनकी पूरी विवरणी संधारित की जाती है। इस कार्यक्रम को प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के मापदंडों में भी शामिल किया गया है। अनुपस्थित बच्चों के परिजनों से संपर्क कर बच्चे की पूरी विवरणी, अनुपस्थिति का कारण आदि जांचा जाता है। एसएमसी के सदस्य एवं शिक्षक बच्चे के परिजनों से संपर्क कर बच्चे के अनुपस्थित होने का कारण जानते है और उन्हें शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करते हैं।

## झारखंड को मिला एक और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

**पंडरा के बीणा हॉस्पिटल में ऑर्थो और गायनी के साथ अन्य बीमारियों का इलाज**



खबर मन्त्र ब्यूरो


**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में एक और नये सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का बुधवार को शुभारंभ हुआ। हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा सिंह ने बीणा हॉस्पिटल का विधिवत पूजा कर शुभारंभ किया। समाजसेवी और डॉक्टर अमित के पिता सत्यवान सिंह ने इस हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। बताते चलें कि डॉ अमित पीजीआई चंडीगढ़ में अपनी सेवा दे चुके हैं। वह झारखंड के कई अस्पतालों में ऑर्थो से जुड़े जटिल से जटिल ऑपरेशन कर चुके हैं। पंडरा क्षेत्र में इस हॉस्पिटल के खुलने स्थानीय लोगों में काफी खुशी है।

### देवघर में अग्निकांड के पीड़ित दुकानदारों से मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

## राज्य सरकार पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा और दुकान उपलब्ध कराने की करे पहल : केशव महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मीना बाजार सब्जी मंडी, देवघर में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पहुंचकर अग्निकांड में पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की। स्थल निरीक्षण के बाद दुकानदार संघ के अध्यक्ष संतोष शाह एवं अन्य दुकानदारों से वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने राज्य सरकार से अग्निकांड पीड़ित दुकानदारों को तत्काल राहत एवं मुआवजा प्रदान करते हुए दुकान उपलब्ध कराने की मांग की। मालूम हो कि मीना बाजार सब्जी मंडी, देवघर में बीते 13 जनवरी को दो एवं 17 जनवरी को 33 दुकानों में आग लग गई थी। इसमें करोड़ों का समान जल कर नष्ट हो गया था। निरीक्षण के वक्त मीडिया विभाग चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी, हिन्दू न्यास बोर्ड अध्यक्ष जयशंकर पाठक, संजय मुननम, जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश, शानतानु मिश्रा, ईश्वर आनन्द, सुल्तान अहमद और कांग्रेस नेता शामिल थे।



## एनएसयूआई ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के रांची आगमन पर कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष बिनय उरांव के निर्देशानुसार रांची जिला के एनएसयूआई नेता अब्दुल रबनवाज ने बुधवार को अपनी टीम के साथ गुलाम अहमद मीर का स्वागत किया। अब्दुल रबनवाज ने कहा कि मीर साहब के नेतृत्व और प्रतिबद्धता से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है। इस मौके पर आर्यन यादव, महेश, आदिल, आदित्य, कारण, विश्वजीत अमन, प्रियांशु आदि मौजूद थे।



### उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वां नेशनल गेम्स का आयोजन

# 37 में सिर्फ 18 राष्ट्रीय खेलों में झारखंड की भागीदारी चिंतनीय, खेल संघों के साथ होगा मंथन : संदीप कुमार

**38वां नेशनल गेम्स**

- उत्तराखंड नेशनल गेम्स में जानेवाले झारखंड के खिलाड़ियों को दिये गये खेल किट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खेल निदेशक संदीप कुमार ने चिंता जताते हुए कहा कि उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें नेशनल गेम्स का आयोजन हो रहा है। इसमें 37 खेलों में देशभर के अलग-अलग राज्यों के प्लेयर्स भागीदारी कर रहे हैं पर झारखंड से मात्र 18 खेलों में ही हिस्सा लिया जा रहा है। राज्य सरकार इस विषय पर आनेवाले समय में खेल संघों के साथ जरूर मंथन करेगी और भविष्य में इस तस्वीर को ठीक किया जाएगा। मोरहाबादी मैदान में बुधवार को उत्तराखंड नेशनल गेम्स में जानेवाले झारखंड के खिलाड़ियों को खेल किट (टी शर्ट, ब्लेजर व अन्य) देते हुए कहा कि राज्य सरकार खेल नीति के मुताबिक सभी सुविधाएं खिलाड़ियों को दे रही है। जरूरत के हिसाब से डिमांड भी पूरी कर रही है। खिलाड़ियों को शुभकामना देते और ढेर सारे पदक जीतने की कामना करते हुए कहा कि झारखंड वापस लौटने पर भी विनर्स का जोरदार स्वागत होगा।

मौके पर साझा के संयुक्त सचिव राज किशोर खाखा, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ के डॉ मधुकांत पाठक, शिवेंद्र दुबे, शेखर बोस, शिव कुमार पांडेय, इंटरनेशनल हॉकी प्लेयर रही सुमराय टेटे, हॉकी झारखंड के बिजय शंकर सिंह, रजनीश, मनोज कोनबेगी, कोच आशु भाटिया, अजय झा सहित अन्य भी उपस्थित थे।




**इन खेलों में भागीदारी**

झारखंड से कुल 18 गेम्स में प्लेयर्स उत्तराखंड नेशनल गेम्स में 118 पदकों के लिए ताल ठोकेंगे। 95 पुरुष प्लेयर्स और 76 महिला प्लेयर्स सहित 18 मैनेजर और 24 कोच भी शामिल होंगे। झारखंड की ओर से एक्वेटिक्स, आर्चरी, एथलेटिक्स, बीच हैंडबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, हॉकी, जुडो, लॉन बॉल, मलखंब, मॉडर्न पैंथालॉन, शूटिंग, स्क्वैश, ट्रायथलन, कुश्ती और वुशु जैसे खेलों में भागीदारी होनी है।

### चयन न होने पर कमियों को करें दूर : मधुकांत

मधुकांत पाठक ने कहा कि अभी जितनी टीम और प्लेयर्स उत्तराखंड जा रहे हैं, उससे बेहतर हो सकता था। 25 साल पुराने और युवा झारखंड जैसे राज्य में अलग-अलग तीन दर्जन खेल संघ हैं। बावजूद इसके 5-6 संघों को छोड़ दें तो वे क्या कर रहे हैं, दिखता नहीं। अभी झारखंड टीम में कई प्लेयर्स वाइल्ड कार्ड से आये हैं। जनता भी एक- एक पैसे का हिसाब जानना चाहती है कि आखिर उनके पैसों से कितने खेल आयोजन हो रहे हैं, कितने योग्य प्लेयर्स तैयार किये जा रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि जेओए का काम प्लेयर्स चयन का नहीं होता। उसके लिए चयन समिति होती है। शूटिंग के लिए जेओए के आरके आनंद (पूर्व सांसद) तक के पास फोन जाता है कि इस खिलाड़ी को चुन लिया जाए। हमेशा ओपन ट्रायल और परफॉर्मेंस के आधार पर ही किसी खिलाड़ी का चयन होता है। जिनका चयन किसी कारण से नहीं हुआ, वे खुद पर फोकस कर कमियों को ठीक करें और भविष्य के लिए नजर रखें। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को झारखंड का ब्रांड अंबेसडर बताते कहा कि उत्तराखंड में वे शानदार परफॉर्मेंस दिखाएं।

### स्कीपा को मिला क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए 9001-2015

# श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को मिला आइएसओ प्रमाण पत्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के मेयर्स रोड स्थित प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को उत्कृष्ट मैनेजमेंट के लिए आईएसओ सर्टिफिकेट से नवाजा गया है। आईएसओ के ये तीनों प्रमाण पत्र दिनांक 17 जनवरी 2025 को प्राप्त हुये हैं। आईएसओ सर्टिफिकेट देने वाली संस्था क्वालिटी रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन द्वारा श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान का मूल्यांकन किया गया। इसमें संस्थान को इन तीनों प्रमाण पत्रों के अनुरूप पाया गया। झारखंड के लिये हर्ष की बात है कि संस्थान को एक साथ आईएसओ के तीन प्रमाण पत्र प्राप्त हुये हैं। संस्थान द्वारा लोक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर कर रहे अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने, मानिकीकरण, पारदर्शिता, पाठ्यक्रम के मानक को उच्चतर बनाने के साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उत्तम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आईएसओ 9001- 2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, विशिष्ट गुणवत्ता प्रबंधन नवाजा गया। एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन मैनेजमेंट के लिए से कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को आईएसओ 21001-2018 का प्रमाण पत्र मिला है। संस्थान द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षण शैली, विशाल पुस्तक संग्रह के माध्यम से गुणवत्तापरक परिणाम देने एवं बेहतरीन पाठ्यक्रम उपलब्ध करने के लिए दिया गया है।संस्थान द्वारा एक, दो एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किये गये हैं। समय-समय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्य क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं पदाधिकारियों के लिए मिड कॅरियर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहे हैं।

**एनवॉयर्नमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम के लिए 14001-2015 का मिला प्रमाण पत्र :** श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को बेहतरीन वातावरण प्रबंधन उपलब्ध करने के लिये 14001- 2015 का प्रमाण पत्र मिला है। संस्थान में ऊर्जा एवं पानी की बचत, बेहतरीन कचरा प्रबंधन के माध्यम से वातावरण प्रबंधन के लिए किये गये कार्यों और संस्थान परिसर में प्रदूषण रहित वातावरण के लिए प्रमाण पत्र से नवाजा गया है।

एसएसपी के आदेश के बाद लालपुर थाना में मामला दर्ज

# महिला डॉक्टर से ₹12 लाख की ठगी, एसएसपी से की शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में एक महिला डॉक्टर से 12 लाख रूपया की ठगी करने का मामला सामने आया है। बरियातू में प्रैक्टिस करने वाली एक महिला डॉक्टर से शादी के नाम पर इमोशनल ब्लैकमेल कर एक युवक ने 12 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस मामले को लेकर महिला डॉक्टर ने लालपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ठगे जाने की जानकारी होने पर महिला डॉक्टर बुधवार को सबसे पहले पुलिस जन शिकायत में पहुंची, जहां रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने मामले में संज्ञान लेते हुए लालपुर थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।




### क्या है मामला

जानकारी के मुताबिक, बेंगलुरु के रहने वाले एक युवक ने रांची की महिला डॉक्टर से 12 लाख रुपए की ठगी कर ली। युवक से महिला डॉक्टर का संपर्क मैरेज साइट के जरिये हुआ था। दोनों ने एक दूसरे को ऑनलाइन में ही पसंद किया। इसके बाद दोनों आगे चल कर शादी करने वाले थे। मैरेज साइट के जरिये ही दोनों ने अपने मोबाइल नंबर का आदान प्रदान भी किया और फिर दोनों में बातचीत भी होने लगी। इसी बीच आरोपी ने महिला डॉक्टर को बताया कि उसे बिजनेस में काफी नुकसान हुआ है। आरोपी ने महिला डॉक्टर को इमोशनल ब्लैकमेल किया और उसे अपने झांसे में लेकर अपने खाते में 12 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिये। महिला डॉक्टर से आरोपी के द्वारा जब 12 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिये। तब उसने महिला से दूरी बना ली। इसके बाद डॉक्टर को इसका आभास हुआ कि उसके साथ ठगी हुई जिसके बाद उन्होंने पुलिस की मदद ली।

सिरमटोली फ्लाइओवर के पास आदिवासी संगठनों ने सड़क जाम किया

# आदिवासी कोई गाजर-मूली नहीं जो कोई भी उखाड़कर फेंकने की धमकी दे : चमरा लिंडा

### एक इंच भी जमीन नहीं दी जायेगी : प्रेम शाही मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिरमटोली फ्लाईओवर के पास रैंप उतारने के लिए मुख्य सरना स्थल की 10 फीट जमीन अधिग्रहण नहीं करने देने की मांग को लेकर बुधवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों ने विरोध के साथ-साथ सड़क जाम किया। जिससे कुछ घंटे के लिए शहर अस्त-व्यस्त हो गया। इस मौके पर पहुंचे आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी समुदाय कोई गाजर मूली नहीं है, जो एलएनटी कंपनी उसे उखाड़कर फेंक देगा। उन्होंने कहा कंपनी को आदिवासियों की भावनाओं को समझना चाहिए यह एक धार्मिक स्थल है। जाम का नेतृत्व कर रहे प्रेम शाही मुंडा ने कहा की मुख्य सरना स्थल की 1 इंच जगह आदिवासी समाज नहीं देगा। मौके पर पहुंचे एसडीओ लॉ एण्ड ऑडर आलोक कुमार ने भीड़ को यह आश्वासन दिया कि 24 जनवरी को डीसी के साथ वार्ता इस विषय में की जायेगी। तब जाकर जाम हटा।



इस मौके पर नारायण उरांव, राजू महतो, पवन उरांव प्रवीण कच्छप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्टॉक डैडी का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को हरमू रोड स्थित स्टॉक डैडी हाइब्रिड लर्निंग सेंटर का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड में स्टॉक मार्केट के निवेशकों को इस क्षेत्र में दक्षता बढ़ाने वाली इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की लर्निंग सेंटर की कमी थी, निश्चित रूप से स्टॉक डैडी इस क्षेत्र में बहुत कारगर साबित होगी। झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हर क्षेत्र में अपार संभावनायें है, जरूरत है निरंतर प्रयत्नशील रहने का।

इस अवसर पर भाजपा नेता केके गुप्ता, चैंबर के आदित्य मलहोत्रा, विकाश सहाय उपस्थित थे। स्टॉक डैडी के फाउंडर आलोक जी ने स्टॉक मार्केट में निवेश से संबंधित विषय की जानकारी दी। पूरे झारखंड के लिए स्टॉक डैडी सेंटर के संचालक विवेक अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, गौरव अग्रवाल हैं। इस अवसर पर सुनील यादव, अनीता वर्मा, शोर्य पूजा सिंह, पिंटू सिंह, इंद्रजीत यादव, पूनम जयसवाल, पायल सोनी, संजय यादव, रामचंद्र जयसवाल, दिव्या साहु, फिरंगी साव, शंकर पाल, अशोक यादव, संदीप सोनी, सुरेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बीआइटी में ग्रीन हाइड्रोजन : स्वच्छ ऊर्जा का भविष्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआईटी मेसरा के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 24 जनवरी 2025 तक ग्रीन हाइड्रोजनः स्वच्छ ऊर्जा का भविष्य विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला संस्थान की प्लेटिनम जुबली समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और स्वच्छ ऊर्जा समाधान के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन की अद्भुत क्षमता को उजागर करने पर केंद्रित है। उन्नत राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन और भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन प्रौद्योगिकियों, भंडारण की चुनौतियों, अनुप्रयोगों और नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्यों में इसके योगदान पर चर्चा करना है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके उत्पादित ग्रीन हाइड्रोजन को ऊर्जा संक्रमण और उद्योगों, परिवहन और विद्युत क्षेत्रों के डीकाबोर्नाइजेशन के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम माना जा रहा है।



उद्घाटन सत्र का नेतृत्व बिट्स मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने किया। उन्होंने संस्थान की स्वच्छ ऊर्जा समाधानों में योगदान की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ नरसिंगा राव ने ग्रीन हाइड्रोजन के औद्योगिक विकास और अनुसंधान-आधारित प्रयासों पर विचार साझा किए। डॉ पी शन्मुगम, ने ऊर्जा क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन की भूमिका पर अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए।

कार्यशाला में तकनीकी सत्रों का नेतृत्व डॉ एके रॉय, प्रमुख, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, और डॉ अनिल कुमार, मुख्य संयोजक एवं प्रोफेसर, डीटीयू-दिल्ली कर रहे हैं। डॉ ओम प्रकाश, संयोजक और डॉ लखबीर सिंह बराड़, सह-संयोजक ने डॉ निर्मल कुमार, डॉ अर्कदेब मुखोपाध्याय, डॉ. सुशांत घुकू, डॉ. सौरव चक्रवर्ती और डॉ. फैसल रहमानी, आयोजन सचिवों के साथ कार्यशाला का सफल समन्वय किया है। यह ज्ञान-साझाकरण और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए इंटरैक्टिव चर्चा और पैनल वाद-विवाद को भी शामिल करता है। यह कार्यशाला छात्रों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों को ग्रीन हाइड्रोजन की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। साथ ही, यह बिट्स मेसरा की नवाचार और स्थायी ऊर्जा समाधान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## खबर एक नजर में

### गणतंत्र दिवस पर मांस-मछली की दुकानें बंद रखने का रांची नगर निगम ने दिया निर्देश

**रांची।** रांची नगर निगम के अपर प्रशासक ने राजधानी के सभी बधशालाओं और मांस-मछली की दुकानों को 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर बंद रखने का निर्देश दिया है। यदि इस निर्देश के बावजूद गणतंत्र दिवस के दिन राजधानी में कहीं भी मांस, मछली या मुर्गे की बिक्री की जाती है, तो नगर निगम की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी

### मध्यस्थता में अधिवक्ताओं और मध्यस्थों की भूमिका अहम : कविता कुमारी खाती

**रांची।** बुंडू प्रखंड के कोरम्बो गांव में डालसा का 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती ने आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत व 22 फरवरी को आयोजित होने वाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी सोनामनी देवी, रूकमनी देवी, सुनीता कुमारी, मुस्कान कुमारी, संध्या कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

### कांके विधायक से मिला बीआरपी-सीआरपी का डेलिगेशन, सौंपा मांग पत्र



**रांची।** बीआरपी-सीआरपी एसएस संघ का डेलिगेशन बुधवार को कांके विधायक सुरेश बैठा से मिला। इस दौरान उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं पौधा प्रदान देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। संघ के प्रतिनिधि ने बीआरपी सीआरपी के लंबित समस्याओं के समाधान के निराकरण का आग्रह किया। कहा कि आगामी बजट सत्र में हमलोगों से संबंधित मुद्दे को रखते हुए उसका समाधान करने का प्रयास करें। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद के साथ सुमन सुरभि, धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, कुमार सिकंदर, ललित तिर्की, जैनुल अहमद, अजय कुमार, रविंद्र ठाकुर, इम्तियाज अंसारी, समीउल्लाह अंसारी सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

### विभिन्न मामलों में 18 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित



**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नंबर 2 की अदालत ने जानलेवा हमले, स्त्री की लज्जा भंग करने समेत एक दर्जन से अधिक धाराओं के तहत बुधवार को 18 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित किया। साथ ही, मामले में अभियोजन पक्ष को गवाह प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसके लिये अदालत ने 12 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। अदालत ने सफीक मंसूरी, शान मंसूरी, बाबू मंसूरी/सैयद मंसूरी, इरफान मंसूरी, जिलानी मंसूरी, मंटू मंसूरी/ खुशीद मंसूरी, चांद मंसूरी, रब्बानी मंसूरी/सब्बानी, इमरोज मंसूरी, तौहीद अंसारी, सहनवाज मंसूरी, बरकू मंसूरी/जुल्फान मंसूरी, राजा मंसूरी/जुनैद रज्जा, तमवीर मंसूरी, शमीम मंसूरी, पप्पू मंसूरी, आफताब मंसूरी और अकिब मंसूरी पर आरोप गठित किया। सभी आरोपी कांके थाना क्षेत्र के छोटी मस्जिद सुकुरहुटू गांव निवासी है। घटना को लेकर पीड़िता ने 28 मार्च 2024 को कांके थाना में कांड संख्या 110/24 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया है कि आरोपियों ने जूतों का माला पहनाकर गांव में घुमाया और निजी अंगों को छुआ। इसके अलावा अन्य आरोप लगाया गया है।

### भ्रष्ट आइएएस को सुधारने के लिए निलंबन मुक्त नहीं, सेवा से बर्खास्त करना होगा : नायक



**रांची।** भ्रष्ट आइएएस को सुधारने के लिए निलंबन मुक्त नहीं सेवा से बर्खास्त करना होगा, तब ही झारखंड भ्रष्टाचार मुक्त हो सकेगा। ये बातें बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आइएएस पदाधिकारी पूजा सिंघल को निलंबन समीक्षा समिति की अनुशंसा पर सरकार ने निलंबन मुक्त किये जाने पर कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट आईएएस पूजा सिंघल को निलंबन मुक्त किया जाने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा जो राज्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि ईडी का आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर अवैध धन अर्जित किया। इस मामले में ईडी ने पूजा सिंघल के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान करोड़ों रुपये नकद बरामद हुए थे। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार और कार्मिक एंव प्रशासनिक सुधार विभाग से मांग किया कि ये जब तक मनी लॉन्ड्रिंग के केस से एवम अन्य भ्रष्टाचार के आरोप से बरी नहीं हो जाती है, तब तक इन्हें कोई भी राज्य के महत्वपूर्ण विभाग नही सौपें जाये।

# पहाड़ी मंदिर में बाबा का श्रृंगार के साथ 56 भोग लगाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पहाड़ी मंदिर में बुधवार को भव्य श्रृंगार पहाड़ी बाबा का किया गया एवं महाकाल के रूप का दर्शन भक्तजनों को कराया गया। फूलों से सजा बाबा का दरबार बहुत ही मनमोहक प्रतीत हो रहा था। सुबह 11:00 से पूजा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ एवं दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक लगातार भंडारे का आयोजन भक्तों के बीच किया गया। जिसमें भक्तों को पूरी आलू चने की सब्जी, बुंदिया, मालपुआ, खीर सहित 56 भोग के प्रसाद वितरित किए गए। पहाड़ी मंदिर दैनिक दोपहर श्रृंगार परिवार की ओर से बाबा का महारुद्राभिषेक 151 लीटर दूध से किया गया। प्रातः काल 10:00 बजे से दोपहर 1:00 तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात 1:00 बजे से बाबा का भव्य श्रृंगार एवं भजन के साथ 56 भोग एवं महाआरती का आयोजन किया गया एवं दो बजे से 56 भोग एवं महाप्रसाद का वितरण दर्शनार्थियों एवं सनातन प्रेमियों के बीच किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य पुजारी के रूप में कबीर दास पिंटू, पंकज गुप्ता, आशुतोष कुमार गुप्ता, रामनाथ साहू, जितेंद्र बरनवाल, अमित व्यास सहित अन्य सदस्य अपना योगदान दिया। इस की जानकारी शिव भक्त रोहित शारदा ने दी।



### पार्षद पति के हत्यारों मुर्शीद, हैदर और बबलू को उम्रकैद

**रांची।** सिविल कोर्ट ने निगम की निवर्तमान वार्ड-17 की पार्षद शबाना खान के पति जमीन कारोबारी रिंकू खान की हत्या के आरोपी मुर्शीद, हैदर अली और बबलू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया है। रिंकू की हत्या की साजिश मुर्शीद ने ही रची थी। मुर्शीद ने 45 लाख रुपये के विवाद में रिंकू खान की हत्या करवा दी थी। रांची पुलिस ने इस मामले के साजिशकर्ता मुर्शीद खान, शूटर बबलू राइडर सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया था। यह घटना 16 अप्रैल को हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र के सेकंड स्ट्रीट के हफीज चौक के पास हुई थी। प्राथमिकी के मुताबिक बाइक से आये दो अपराधियों ने रिंकू को ताबड़तोड़ चार गोलियां मारी थी। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी थी।

# इनरव्हील क्लब की चेयरपर्सन पहुंची रांची, करूणा अनाथाश्रम में बच्चों के साथ बिताये खुशियों के पल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची, इनरव्हील क्लब आफ क्षितिज रांची ने बिहार/झारखंड डिस्ट्रिक्ट 325 की चेयरमैन आलोका नंदा बख्शी के रांची आगमन पर स्वागत किया। उनकी उपस्थिति में करुणा अनाथाश्रम में शिशुओं के लिए सदस्यों द्वारा बनाया गया ऊन का कंबल एवं खिलौने, किताब कॉपी उपहार दिया। वहीं एक जरुरतमंद महिला को रुई बती बनाने की मशीन देकर रोजगार शुरू करने में मदद की। केसी रॉय मेमोरियल अस्पताल में दो बेंच लगाया गया। रिंकू बनर्जी ने भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। माहेर अनाथाश्रम के बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों को उपहार भी दिया गया। रागिनी सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। अध्यक्ष दीपा चौहान, उपाध्यक्ष सोमा भादुड़ी, सचिव नीता शेखर, अर्चना त्रिवेदी, निशी श्रीवास्तव, मंजू सिंह, नीता नारायण, तनुजा अधिकारी, माला श्रीवास्तव, ज्योति तिवारी, अम्बुजा शरण, नीलम अखोडी, मंजू सिंह, सुप्रीता लाल रीता, वर्मा डौली दुबे, छवि प्रसाद, देवयानी सन्याल, सुषमा मिश्रा, ममता नारायण, अनिता जयसवाल, नीता सिंह मौजूद थीं।

# सीएमपीडीआई में अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट के दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में 21 जनवरी से 23 जनवरी, 2025 तक अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। इसके दूसरे दिन पुरूष वर्ग के लिए आयोजित 400 मीटर ओपेन रेस में मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के कमलेश सोरेन-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के प्रशांत कुमार दास-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली के केशव राय थे। महिला वर्ग के लिए आयोजित 200 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की श्रीमती प्रीति देवी-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की रीतु कुमार मांगर-द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर की अंजली रहीं।



पुरूष वर्ग के लिए आयोजित ओपेन शॉटपुट थ्रो में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के कौशिक मंडल-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के एस चंद्र शेखर-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के ही पी सभापति रहे। महिला वर्ग में मुख्यालय-रांची की मार्था एस होरो-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की श्रीमती शांति देवी-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मुख्यालय-रांची की एस गंगावती रहीं। पुरूष वर्ग के लिए आयोजित लांग जम्प में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के सैकत मुखर्जी-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के मुकेश कुमार-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रांची के अमन सिंह रहे। महिला वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल की अमृता सिंह-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की रीतु कुमार मांगर-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की ही सुधा केन रहीं।

पुरूष वर्ग के लिए आयोजित आयोजित ओपेन जैवलिन थ्रो में क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के राहुल कुमार मुंडा-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के कौशिक मंडल-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मुख्यालय के आकाश कुमार रहे। महिला वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की शांति देवी-प्रथम, मुख्यालय-रांची की बी गंगावती-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की माधवी वर्मा रहीं। पुरूष वर्ग के लिए आयोजित ओपेन डिशकश थ्रो में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के कौशिक मंडल-प्रथम, मुख्यालय-रांची के अमित कुमार-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के राहुल कुमार मुंडा रहे। महिला वर्ग में मुख्यालय-रांची की मार्था एस होरो-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की माधवी वर्मा-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की शांति देवी रहीं। वेटरन पुरूष वर्ग के लिए आयोजित शॉटपुट में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के अमित कुमार सिंह-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के एसएस लुगून-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर के जगजीत सिंह रहें। विजयी प्रतिभागियों को मुख्यालय-रांची के महाप्रबंधक (गवेषण) आरके सिंह एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक कंचन सिन्हा ने मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया।

### मानव दिवस कर्मियों के लिए प्राथमिकता तय करे सरकार : अजय राय

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में होने वाली बहाली में पहले कार्य कर रहे मानव दिवस कर्मियों के लिए प्राथमिकता तय करने की मांग की है। श्री राय ने कहा कि 2016-2018 में अनुबंध एवं मानव दिवस कर्मियों के लिए अनुभव के आधार पर छूट व उम्र सीमा में प्राथमिकता तय की गई थी, जिसे आने वाली बहाली में भी लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि लगभग 10-15 वर्षों से लगातार जो कर्मी ऊर्जा निगम की सेवा कर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता मिलनी ही चाहिए। उन्होंने निगम संचरण के एमडी और वित्त एवं परियोजना के निदेशक केके वर्मा व ऊर्जा निगम के महाप्रबंधक सुनील दत्त खाखा से मुलाकात की और उन्हें तीन अक्टूबर को श्रमिक संघ के साथ हुए समझौते की भी याद दिलायी। अजय राय ने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ओर से इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई है। अगर इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं होती है, तो श्रमिक संघ की ओर से आंदोलन किया जाएगा।

# हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा को बचाना ही होगा : कल्याण मंत्री



- हेसल जदुरा जतरा में सफ़ेद मुर्गा की बलि देकर ईष्ट देव से की खुशहाली की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति सह हेसल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को हेसल जदुरा जतरा का आयोजन किया गया। मौके पर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड को बचाना है तो हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा को बचाना होगा। इनका संरक्षण होगा तभी हमरा अस्तित्व सुरक्षित रहेगा। पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि जतरा भाईचारा खुशियां बांटने एवं एकजुट का पर्व है। इस मौके पर भुनू पहान, पाइनभोरा सोहाराई मुंडा ने इष्ट देव को रंगवा मुर्गा, माला मुर्गा और सफेद मुर्गा की बलि देकर ईष्ट देव से सभी गांवों के खुशहाल सुख-समृद्धि की कामना इष्टदेव से की। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि जतरा और धार्मिक पारंपरिक आयोजनों को जिंदा रखने की आवश्यकता है। आने वाले पीढ़ी को अपने संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। ऐसे आयोजन से समाज में एकता का संचार होता है। जतरा को अल्वीन लकड़ा, पूर्व मुखिया सुनिल तिर्की, चारे भगत, शाशि उरांव, सती तिर्की, अनिता उरांव, अनुप किंडो इत्यादि ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जीतू तिर्की, विक्की तिर्की, बाबू टोप्पो, गौतम कुजूर, अंजीत लकड़ा, राजू लकड़ा, बिष्णु तिर्की, अजय मुंडा, सती तिर्की, अनिता उरांव, सागर टोप्पो इत्यादि का सहयोग रहा।

# दीन व दुनियावी दोनों तालीम हासिल करना जरूरी : मंत्री हफीजुल हसन

- जामिया अरबिया कासिमुल उलूम बेयासी में वार्षिक समारोह व कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सह पुस्तकालय का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जिनकी आंख नहीं है जो दुनिया को देख नहीं सकते मौलाना मुशर्रफ कह वह दीनी शिक्षा को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हम लोगों के पास आंखें हैं मगर फिर भी हम दीन का काम नहीं कर रहे हैं। ये बातें झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कही। वह बुधवार को जामिया अरबिया कासिमुल उलूम ब्यासी रांची में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं एक मुहीम छेड़ रहा हूं कि लोग अपने वलीमा के खर्चा का 5% हिस्सा शिक्षा में लगाएं। अब समय ऐसा है कि दीन और दुनिया दोनों तालीम को हासिल करना जरूरी है। जामिया अरबिया कासिमुल उलूम बेयासी में एक दिवसीय वार्षिक समारोह और हाजी हुसैन अंसारी के याद में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सह पुस्तकालय का उद्घाटन मंत्री ने फीता काट कर किया। साथ ही 50 बेड का छात्रावास देने का वादा किया। विशिष्ट अतिथि मौलाना नसीम अनवर नदवी डायरेक्टर फातिमा गर्ल्स एकेडमी ने कहा इस तरह के एदारो को जो शिक्षा पर काम कर रहा है उसे बढ़ाने की जरूरत है। जहां शिक्षा होगी वहां अंधकार नहीं होगा। मौके पर बोलते हुए मदरसा के संस्थापक मौलाना मुशर्रफ जमाल कासमी ने कहा कि मदरसा 21 सालों से दीनी और दुनियावी तालीम दे रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मुशर्रफ जमाल कासमी ने किया और संचालन मौलाना रिजवान दानिश ने किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को इनाम से नवाजा गया।

मंच पर रांची जिला जेएमएम अध्यक्ष मुश्ताक आलम, मो अर्शी, मोहम्मद परवेज आलम सचिव जमियतुल एराकीन देही हल्का छोटानागपुर, मौलाना नुरुल्लाह नदवी, मो जावेद बयासी, मौलाना डॉक्टर शौकत, हाजी जहीर, मौलाना महताब साकिबी, मौलाना कासिम मजाहिरी, मौलाना दानिश, कारी इमरान, मौलाना रमजान, मौलाना अल्ताफ, मौलाना अरशद, मास्टर जमीरुद्दीन, नौजवान कमिटी बयासी के मौलाना गुलजार, ओबैदुल्लाह आलम, नईम आलम, मो इरशाद अंसारी, अफजल आलम, मो अशफाक, मो इरशाद, सद्दाम अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सीयूजे में एससी, एसटी के लिए तकनीकी कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची एवं एडुविटे सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में वंचित, ग्रामीण पृष्ठभूमि के प्रौद्योगिकी/विज्ञान पृष्ठभूमि के साथ साथ अन्य संबंधित विभागों के एससी एवं एसटी छात्रों के लिए 5 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के करियर डेवलपमेंट सेल ने ईवीएस एडुविटे सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में पाइथन प्रोग्रामिंग, एमईआरएन स्टैक वेब डेवलपमेंट जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर कौशल विकास और प्रशिक्षण देना शुरू किया है। इसके साथ-साथ कार्यशाला में उद्यमिता, स्टार्टअप और नवाचार के लिए बुनियादी मौलिक कौशल प्रशिक्षण भी शामिल है। इस पहल का उद्देश्य वंचित और ग्रामीण समुदायों के उम्मीदवारों को आवश्यक कौशल, प्रौद्योगिकी ज्ञान से लैस करना, उन्हें भविष्य के अवसरों को जब्त करने और उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाना है। उद्घाटन समारोह में सीयूजे के प्रो (डॉ) केबी पांडा, सीडीसी के अध्यक्ष प्रो (डॉ) डीबी लता, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (रांची), अंकित रावल ने भाग लिया। अंकित ने कौशल प्रशिक्षणों के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया, छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## खबर एक नजर में

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर



रांची। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 41वें स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में झारखंड प्रांत द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष विनिता सिंघानिया के नेतृत्व में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 11 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला, कंचन सोमानी, रोजी खण्डेलवाल, कोमल पोद्दार, स्मिता अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### अल्बर्ट एक्का चौक पर नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



रांची। राजधानी रांची के हृदय स्थली अल्बर्ट एक्का चौक पर स्थित पुराने हनुमान मंदिर में नवनिर्मित मंदिर का बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा हुआ। यह मंदिर पत्रकारों के समूह एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से बना है। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ के साथ झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं रांची के विधायक सीपी सिंह, एएनआई के झारखंड प्रमुख गिरिजा शंकर ओझा, सत्येंद्र सिंह, कमलजीत सिंह, संतोष पाठक, कार्तिक कुमार, बबलू चौधरी, रविंद्र सहाय, उमेश सिंह, फोटोग्राफर संजय, मनोज प्रसाद, सीसीएल के पूर्व जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक कुमार, वरिष्ठ व्यवसाय एवं समाजसेवी सज्जन अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, गोपाल ठाकुर, पवन सिंह, लंकेश सिंह, भैरव सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार एवं आम लोग मौजूद रहे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव पर हुई विशेष पूजा आरती, श्रृंगार भजन कीर्तन का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव पर बुधवार को राजधानी के मंदिर में विशेष पूजा आरती, श्रृंगार भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसी के कड़ी में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में जन गायक मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया एवं निर्मल जालान ने श्री राम, हनुमान, राधा कृष्ण पर आधारित भजन गाए। पूरा दरबार जय श्री राम, जय श्री कृष्णा के नारों से गुंजायमान हो गया। सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से महाआरती किया। तथा भोग एवं प्रसाद का वितरण किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट मुरली की पूजा-अर्चना पूरे विधि विधान से विधिवत किया जा रहा है।

मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे पूरे श्रद्धा भाव के साथ भक्त जनों को पूजा अर्चना कराकर प्रसाद बांटें। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा की अयोध्या का राम मंदिर भारतीय इतिहास के गौरव का प्रतीक है। इस अवसर पर अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ, सज्जन पाडिया, विशाल जालान, शिवभगवान अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, बिष्णु सोनी, मनीष सोनी, नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर वेबिनार का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। उच्चतर शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों पर बुधवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय में कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन प्राइवेट यूनिवर्सिटीज द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान सीआईपीयू के अध्यक्ष एवं एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों से जुड़े अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभवों का जिक्र किया। विद्यार्थियों में अवसाद की समस्याओं को अत्यंत सावधानीपूर्वक हल करने और उनकी बेहतर काउंसिलिंग की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। भारतीय समाज में अवसाद की समस्या को मानसिक रुग्णता करार दिए जाने और समाज में ऐसे लोगों का तिरस्कार किए जाने के बारे में उन्होंने कई उदाहरण दिया।

वेबिनार में बोलते हुए चित्कारा विवि की प्रतिकुलाधिपति डॉ. मधु चित्कारा ने आज के दौर में डिप्रेशन जैसे शब्द के प्रचलन के बारे में बोलते हुए इसे आधुनिक युग की उपज बताया।

ऑरोबिंदो विवि की वीसी प्रो. ज्योति बिंदल ने आज के दौर में सोशल मीडिया को मानसिक स्वास्थ्य की नकारात्मक प्रवृत्ति के कारणों के तौर पर चिन्हित किया। इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज, नवी मुंबई के वीसी प्रो. शशांक दलवी ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के विद्यार्थियों पर पड़ने वाले प्रभाव और उसमें काउंसिलिंग से लेकर थेरेपी और दवाओं के इस्तेमाल पर बल दिया।

# राधा नगर में धर्मरक्षणी श्री राम सेवा समिति का सामूहिक सुंदरकांड पाठ



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राधा नगर ग्राउंड पंडरा में धर्म लक्ष्मी श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरा क्षेत्र राम भक्त के रंग में रंगी रही एवं जय श्री राम जय घोष से वातावरण भक्ति में हो गया। आयोजन समिति के संयोजक कुमुद झा ने बताया कि बुधवार को पंडरा के राधा नगर ग्राउंड में सामूहिक सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गया के प्रसिद्ध पाठ वाचक आलोक मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। साथ ही 1100 महिलाओं ने एक साथ सुंदरकांड का पाठ किया, जो अपने आप में अनोखी भक्ति अनुभूति हुई। यह आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चला। कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ के अलावा भजन और भंडारा का भी आयोजन किया गया।

आयोजन में 4000 से 4500 भक्तों की उपस्थिति थी, जो भगवान राम की भक्ति में डुबकर इस अद्वितीय कार्यक्रम का आनंद उठाएं। सुंदरकांड के उपरांत महिलाओं द्वारा सामूहिक आरती किया गया। आरती उपरांत प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया, इसमें 5000 से ज्यादा भक्तों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में धर्मरक्षणी श्री राम सेवा समिति के सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान रहा।

# पंजाबी हिंदू बिरादरी के सदस्य गुलशन सुनेजा का निधन

रांची। पंजाबी हिंदू बिरादरी के सदस्य गुलशन सुनेजा का निधन बुधवार को देर शाम हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

# जंगली भालू के हमले से वृद्ध महिला घायल

लापुंग। लापुंग प्रखंड के चंपाडिह निवासी वृद्ध महिला सुलामी हेरेंज को बुधवार को जंगली भालू ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना बुधवार की दोपहर की है। जहां महिला चंपाडिह टोगंरी के नीचे स्थित अपने बारी में झाड़ी की कटाई कर रहीं थीं। इसी दौरान जंगली भालू ने वृद्ध महिला पर अचानक हमला कर घायल कर दिया। महिला ने अपने पास रखें दौली भांजी तब जाकर जंगली भालू भाग गया। घटना के बाद घायल महिला को स्वजनों ने पहले दवा दिया लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इलाज कराए।

# एसपीडी से मिले देवेंद्र महतो, उत्कृष्ट आदर्श और मॉडल विद्यालय के कर्मी की मांगों पर चर्चा

रांची। राज्य में प्राथमिक बुनियादी शिक्षा व्यवस्था कुछ ठीक नहीं है एवं शिक्षा विभाग के विभिन्न अनुबंध कर्मी भी अपनी मांगों को लेकर प्रयासरत हैं। आज उत्कृष्ट आदर्श और मॉडल विद्यालयों में कार्यरत विज्ञान लैब फैसिलिटेटर के प्रतिनिधि मंडल के साथ जेएलकेएम वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने बुधवार को राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन से मुलाकात की। इस दौरान बुनियादी शिक्षा व्यवस्था एवं परियोजना पर चर्चा की गयी। विज्ञान लैब फैसिलिटेटर कर्मियों के सेवा विस्तार तथा मानदेय भुगतान करने का लिखित ज्ञापन निदेशक महोदय को सौंपा गया। लैब फैसिलिटेटर का पिछले चार महीनों से सेवारत है, लेकिन मानदेय का भुगतान नहीं हो पा रहा है, जिसके उनके पारिवारिक आर्थिक संकट हो रही है। बताते चलें कि राज्य में कुल 80 उत्कृष्ट 20 मॉडल विद्यालय एवं 32 आदर्श जेएमडी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड से नौ हजार की मानसिक वेतन में नियुक्ति किया था। जिसकी पुनः सेवा विस्तार करने की मांग निदेशक के समक्ष लिखित रूप से रखी गयी।

# अंशुतोष कुमार अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

रांची। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की ओर से युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण दायित्व के लिए अंशुतोष कुमार को मनोनीत किया गया। इस सम्मानजनक पद पर मनोनीत किए जाने पर अंशुतोष कुमार ने महासभा के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मैं संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मैं विश्वास दिलाता हूं कि अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि यह पद उन्हें समाज और संगठन के उत्थान के लिए और अधिक प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का अवसर प्रदान करेगा। अंशुतोष कुमार ने सभी स्वजनों और शुभचिंतकों से स्नेह एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा भी व्यक्त की। महासभा के इस निर्णय से समाज के युवाओं में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है। संगठन के सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की। इस उपलब्धि पर अंशुतोष कुमार को अमन सिंह कुशवाहा, अमनजीत मेहता, शुभम कुशवाहा, अमित राजा, रंजन प्रसाद, निरंजन कुमार, इंदरजीत कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा और अमित ने बधाई दी है।

# अफीम खेती में संलिप्त दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा



बुंडू। प्रशासन अफीम की खेती करने में संलिप्त व्यक्ति को पहचान कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। बुधवार को वरीय पुलिस ग्रामीण अधीक्षक के निर्देश पर सीडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई कर पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ दशमफॉल थाना के कुचीडीह पहुंचा तो पाया लगभग 6 एकड़ में अफीम की खेती की गई है, उक्त अफीम की खेती को विनष्टीकरण किया गया और अवैध अफीम खेती में संलिप्त चेतन मुंडा और सोनाराम मुंडा को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया। यह जानकारी अनुमंडल कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी गयी।छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दशमफॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# नगड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर में 13 मामले आये, 2 निष्पादित



पिस्कानगड़ी। नगड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 13 मामले सामने आए जिसमें 02 मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया। शिविर में सबसे अधिक जमीन विवाद और आनलाइन भूमि सुधार के आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में सीओ राजेश कुमार, सीआई अशोक कुमार सिंह, डीएसपी अरविंद कुमार, नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय सहित नगड़ी अंचल के कर्मी और थाना के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बेड़ो थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन



रांची। बेड़ो थाना परिसर में बुधवार को जनशिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बेड़ो थाना के 16 व नरकोपी थाना के एक मामला पर छानबीन करते हुए समाधान किया गया। शिविर में बेड़ो एवं नरकोपी थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने पदाधिकारियों के समक्ष विभिन्न मामलों को लेकर अपने जनशिकायतों के समाधान के लिए बेड़ो थाना पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करायी। जिसका पदाधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। वहीं शिविर में बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह व नरकोपी थाना के एएसआई कंचन कुमार सिंह, अक्षय कुमार सिंह व मुखिया सुशांति भगत समेत दर्जनों पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# मुरी ओपी प्रांगण स्थित शिव मंदिर में प्रथम वार्षिक उत्सव मनाया गया



मुरी/सिल्ली। मुरी ओपी थाना प्रांगण में स्थित शिव मंदिर का प्रथम वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के वार्षिकोत्सव पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर स्वर्णरेखा नदी के पावन तट पर कलश में जल भरकर शिव मंदिर परिसर पहुंची जहां पुरोहित द्वारा पूरे विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ बेदी पूजन, शनि पाठ, आरती और हवन के साथ पूजन को संपन्न कराया गया। जिसमें थाना के सभी कर्मचारी और आसपास के बड़े संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर की भव्य सजावट की गई थी जो काफी आकर्षक दिख रहा था। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि मंदिर की स्थापना पिछले वर्ष पूरे विधि विधान से की गई थी और एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह उत्सव मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अवर निरीक्षक मणि भूषण पासवान, उत्तम कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना सिंह, आशीष रंजन, मुंशी रितेश वर्मा और अजय लोहरा का काफी सराहनीय योगदान रहा।

# 27 जनवरी को सिरासिता नाले का दर्शन करने जा रहे 150 सदस्यीय पैदल जत्था का भव्य स्वागत का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



पिस्कानगड़ी। नगड़ी प्रखंड कार्यालय के समीप इंद जतरा मैदान नगड़ी में बुधवार को आदिवासी 21 पड़हा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आदिवासी 21 पड़हा के अध्यक्ष विजय धान ने की। बैठक में आदिवासी 21 पड़हा के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे। मौके पर आगमी 27 जनवरी को सिरासिता नाले का दर्शन एवं पूजा करने जा रहे ओरमांझी प्रखंड के सदमा गांव के सरना स्थल से 150 सदस्यीय जत्था पैदल यात्रा कर रहे हैं। इनका पहला पड़ाव नगड़ी के देवरी गांव में होगा। इनका स्वागत नगड़ी प्रखंड के कोलाम्बी मोड में पड़हा के सदस्य एवं नगड़ी प्रखण्ड के सरना धमार्लंबियों के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

बैठक में दूसरा प्रस्ताव के रूप में आगामी 23 फरवरी को दिल्ली के संविधान सभा भवन में प्रतिनिधि सभा होगी और 24 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर में सरना धर्म कोड को लेकर धरना दिया जाएगा।

बैठक में संयुक्त रूप से आदिवासी 21 पड़हा के सभी सदस्यों ने सभी समुदाय के लोगों से इनका सहयोग करने का आह्वान किया है। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कच्छप एवं धन्यवाद ज्ञापन नारो पंचायत के पूर्व मुखिया पंचम प्रेम किस्पोट्टा ने किया। मौके पर राहुल टोप्पो, सुरेश उरांव, मंगल उरांव, विलियम उरांव, शंकर कच्छप, विमल उरांव, रंजीत तिर्की, कर्मा मुंडा, सुदेश लकड़ा, कुशल उरांव चुंडा लकड़ा, किन्दूवा कुजूर एवं घासिया मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसडीपीओ बुंडू के नेतृत्व में अफीम की खेती के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया

बुंडू। एसडीपीओ बुंडू ओमप्रकाश के नेतृत्व में अवैध रूप से लगी अफीम की खेती के विरुद्ध छामेपारी की गई। छापामारी के दौरान थाना क्षेत्र के बारुहातु, ताऊ और भोड़गाडीह में 14 एकड़ भूमि पर, दशमफॉल थाना क्षेत्र में 4 एकड़ कुल 18 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती का विनष्टीकरण किया गया। इस छापेमारी दल में एसडीपीओ ओमप्रकाश के अलावे थाना प्रभारी बुंडू रामकुमार वर्मा, दशमफॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव के साथ एसएसबी, सैप, सैट एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## जन शिकायत समाधान दिवस में प्रचार की रही कमी

**रातू।** सीनियर एसपी चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जन शिकायत समाधान दिवस में प्रचार-प्रसार की घोर कमी रही। इसके कारण जमीन विवाद के सिर्फ ग्यारह मामले आये। फरियादियों से अर्जी ली गयी। उन्हें अगली तिथि को इसकी सुनवाई का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम में थानेदार आरएन सिंह समेत 8 पुलिस पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कई लोग डीएसपी अरविंद कुमार, सीओ रवि कुमार, सीआई जेट सिंह टोप्पो व राजस्व उप निरीक्षकों के आने का इंतजार करते देखे गये। इनकी अनुपस्थिति के कारण उन्होंने अर्जी नहीं डाली। अल्वत्ता, थाने में डीएसपी ने प्राप्त अर्जियों का अवलोकन किया। वहीं, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने इसकी जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये। मौके पर पुलिस निरीक्षक रामनारायण सिंह, अवर निरीक्षक उमेश सिंह, अवधेश पाठक, विशेश्वर कुमार, छोटू कुमार, नवीन शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक जुल्फिकार अली व एक अंचलकर्मी मौजूद थे।

## फुटकलटोली में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**रातू।** प्रखंड के पंचायत ग्राम फुटकलटोली में मुतुर्जा अंसारी के घर के समीप समाजसेवी आसिफ अंसारी और चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष अनुराग हर्ष दुबे व शिव सरस्वती सेवा निकेतन, पिर्रा के संस्थापक व्रजेश शर्मा की पहल पर भगवान महावीर आई हॉस्पिटल ने नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा लगाया। डॉ वर्तिका गुप्ता व डॉ मयूरी भट्टाचार्य ने एक सौ मरीजों के नेत्र की जांच कर बीमारी के बारे में उन्हें जानकारी दी। इसमें बीस लोग मोतियाबिंद मरीज थे। हॉस्पिटल में उनका फ्री ऑपरेशन होगा। ग्रामीण काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने चिकित्सकों का आभार जताया।

**कार्यक्रम में लिया हिस्सा :** मुखिया प्रभा तिर्की, शिव सरस्वती सेवा निकेतन के संस्थापक व्रजेश शर्मा, समाजसेवी मोबिन अंसारी, आसिफ अंसारी, अनुराग हर्ष दुबे, अंकित कुमार, देवराज कुमार महतो, आविष्कार फाउंडेशन ट्रस्टी के संस्थापक बॉबी सिंह, पूर्व जिला परिषद मीणा उरांव, मियांजान अंसारी, नेयाजुल हक व अनवर अंसारी आदि।

## कार और आटो की सीधी भिड़ंत, चालक समेत पांच घायल

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के सहेदा मोड़ के समीप कार और आटो के बीच सीधी भिड़ंत में आटो चालक और चार महिला घायल हो गई।इस घटना में आटो चालक सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव निवासी नसीम खान,रोहनडीह महतो टोली गांव निवासी फुलको देवी,गांगो देवी,सीमा देवी व सुनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।सुनीता देवी का पैर टूट गया। घटना बुधवार की दोपहर दो बजे की है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची सिकिदिरी थाना की पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेज दिया।सभी घायलों को रांची स्थित सागर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिकिदिरी के रोहनडीह गांव से महिलाएं टमाटर,मटर और आलू लेकर आटो बीआईटी बाजार जा रही थी।इसी दौरान रांची से सिकिदिरी की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार संख्या ने आटो को जोरदार टक्कर मार दिया।

## नरेश गंझु झारखंड आंदोलन कारी चिन्हित

**खलारी।** डकरा निवासी नरेश गंझु झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किया गया है। झारखंड झारखंड सरकार के गृह,कारा एव आपदा प्रबंधन विभाग के आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग के द्वारा झारखंड आंदोलन कारी के रूप में चिन्हित किया गया है।झारखंड आंदोलन कारी के रूप में चिन्हित किए जाने पर रैयत विस्थापित मोर्चा सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वाले लोगों में मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, दामोदर गंझु,जयराम गंझु,बिनोद मुंडा सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# राहे क्षेत्र में दस घरों में चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अंतर्गत बारूडीह, पारमडीह ओर बुकरूडीह गांव में अज्ञात चोरों के द्वारा दस घरों में ताला तोड़ कर चोरी किया गया हालांकि चार घरों में ताला तोड़ कर प्रवेश किया लेकिन कोई भी वस्तु का चोरी नहीं किया गया। छः घरों में नगद राशि और जेवरात की चोरी किया गया। चोरों ने घर से बक्शा निकाल कर खेत में जाकर तोड़ फोड़ भी किया। ग्रामीणों ने राहे पुलिस को सूचना दिया। सूचना के तत्काल बाद पुलिस गांव पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। छः घरों के लोग मेहमान गए थे।घर के बाहर ताला बंद था। अन्य घरों के लोग दूसरे कमरे में सो रहे थे।

**चोरी कर रहे लोगों का सीसीटीवी कैमरे से रिकॉर्डिंग हुई :** पारमडीह गांव के समीप एक ग्राहक सेवा केंद्र की सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना को अंजाम देते रिकॉर्डिंग हुई है ।काले रंग के कार में चार लोग उतरते हैं घटना को अंजाम देते हैं और पुनः चार लोग कार में सवार होकर निकल पड़ते हैं। रात के 1 बजकर 15 की घटना बताई गई है। रात होने के कारण किसी का चेहरा साफ नहीं दिखाई दिया है कार का नंबर भी नहीं दिखाई दिया है।

बारूडीह गांव के माला देवी, जयश्री देवी और नमिता देवी जो एक कैंपस में है ,इनके घर का ताला तोड़, घर में प्रवेश कर अलमारी तोड़ कर नगद राशि और जेवरात निकाल लिये। टीन के बक्शा को खेत में ले जाकर तोड़ा। इनके घर से तीन लाख तक के जेवरात और 30 हजार नगद राशि की चोरी हुई।

गांव के ही भुनेश्वर महतो, फुलेश्वर महतो ओर बिंदु देवी के घर का ताला तोड़,अलमारी से ढाई लाख के जेवरात और 50 हजार तक का नगद राशि की चोरी हुई है। पारमडीह गांव के अनिल कोइरी,केशर मुंडा घर से 1 हजार रुपए की चोरी हुई। बुकरुडीह गांव के मीना देवी,ओर शांतिराम महतो के दरवाजे को तोड़ा गया लेकिन कोई वस्तु की चोरी नहीं हुई।

### लगातार तीन प्रखंड में हुई है चोरी

- सोनाहातू थाना क्षेत्र के मारांगकिरी ओर चरकुडीह गांव में 10 जनवरी को छः घर में चोरी हुई थी।
- सिल्ली थाना क्षेत्र दोवाडु गांव में 19 जनवरी को 5 घरों में चोरी हुआ था तथा 8 घरों में ताला तोड़ा गया था।
- अज्ञात चोर बंद घर को टारगेट करते है या घर के सदस्य बाहर गये होते है।

# संजय सेठ व अर्जुन मुंडा ने संयुक्त रूप से भारत माता मंदिर का किया लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बुंडू ।** रांची के सांसद व केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को बुंडू ब्लॉक चौक स्थित नवनिर्मित भारत माता मंदिर का लोकार्पण संयुक्त रुप से किया।इस अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया।अनावरण व लोकार्पण से पूर्व दीप प्रज्जवलित किया गया।

तत्पश्चात मंत्रोचारण एवं शंखनाद के साथ भारत माता की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् आदि नारे लगते रहे ।लोकार्पण के बाद भारत माता चौक पर नोताओं ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित भी किया। मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि वे बुंडूवासियों को अभिनन्दन करते हैं कि उनके द्वारा भारत माता की जिती जागती मंदिर की स्थापना बुंडू में की गई। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही वैज्ञानिक है।

यही वह धर्म में जिमसें मातृभूमि एवं गौ को माता का दर्जा दिया गया है। लेकिन बहुत से लोगों को भारत मता का जयकारा लगाने में शर्म महसूस होता है। उन्होंने कहा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि बुंडूवासियों के सतत प्रयास से ही यहां भव्य भारत माता मंदिर बनकर तैयार है। इसके लिए बुंडू की तमाम जनता बधाई के पात्र हैं।उन्हें मेरी ओर से शुभकामनायें। उन्होंने कहा कि भारत विराट संस्कृति का वाहक है। हम नए सिरे से जागरण की स्थिति में बढ़ रहे हैं। जल्द ही हमारा देश समृद्ध भारत, श्रेष्ट भारत, संपन्न भारत व विकसित भारत के रुप में अपनी पहचान बनायेगा।

## बेड़ो से 74 वर्षीय बुजुर्ग हुआ लापता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के तेतरटोली बेड़ो से एक 74 वर्षीय बुजुर्ग गुरुचरण लोहरा के अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित चचरे भाई कृष्णा लोहरा ने बेड़ो थाना में अपने चचरे भाई की गुमशुदगी का एक मामला दर्ज कराया है। कृष्णा लोहरा ने बताया कि मेरा चचेरा भाई गुरुचरण लोहरा 15 जनवरी 2025 को पश्चिम बंगाल के मलांगी चाय बागान हसीमारा जलपाईगुड़ी काल चीनी से मेरे घर आया था। मेरे घर पर एक दिन रहने के बाद 17 जनवरी को बेड़ो तेतर टोली अपने फुआ दुखनी देवी के घर पहुंचा। वहीं 18 जनवरी को फुआ के घर से गाड़ी भाड़ा का पैसा लेकर जलपाईगुड़ी जाने के लिए निकला। लेकिन वह अभी तक अपने घर नहीं पहुंचा है। मेरे चचरे भाई के स्वजनों ने काफी खोजबीन किया परंतु गुरुचरण का पता नहीं लगा।

# स्वास्थ्य मेला सह जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला सह जनसुनवाई का आयोजन किया गया। मेला का उद्घटान प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा, खलारी बीडीओ संतोष कुमार, सीओ प्रणव अम्बष्ट, खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार,दीपक कुमार,बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश महतो, झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान,कांग्रेस खलारी प्रखण्ड अध्यक्षत साबीर अंसारी, बुकबुका पंचायत मुखिया पारसनाथ उरांव सहित अन्य ने फीता काट कर किया। जनसुनवाई व स्वास्थ्य मेला में विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें ओपीडी स्टॉल में डॉ. इरशाद, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार सिंह ने मेला में आए लोगों के स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श व पुलिस ऑफिसर, अंचलाधिकारी ने सुनवाई में आये व्यक्तियों का ऑन द स्पोर्ट हल किया गया। वहीं स्वास्थ्य मेला में नेत्र जांच, शुगर बीपी खुन जांच, मातृत्व स्वास्थ्य, नशा मुक्ति जागरूकता, टीबी जांच जागरूकता, मलेरिया और फाईलेरिया जांच, कुष्ट रोग जांच, टीकाकरण की जानकारी देने सहित अन्य स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य मेला में कुल 221 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराया। साथ ही लोगों को उचित परामर्श देकर उनेके बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया।

# पुलिस ने चिपकाया इस्तिहार सरेंडर नही किया तो कुर्की जब्ती



आरोपी के घर में इस्तिहार चिपकाते पुलिस।

**ओरमांझी।** पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के इरबा मदरसा मोहला में एक फरार आरोपी के घर इस्तिहार चिपकाने की कार्रवायी की गई। इस्तिहार चिपकाने पुलिस बैंड बाजा व लॉडिस्पिकर के साथ पहुंची थी। वहीं गांव वाले पुलिस की कार्रवायी को देख रहे थें। बताया गया कि इरबा मदरसा में पढने जाने वाली छोटी-छोटी बच्चियों के साथ मदरसा के नयाब मोलबी द्वारा बच्चियों के साथ अभद्र व्यवहार व छेड़छाड की जाती थी। बच्चियों द्वारा अपने स्वजनों की इसकी जानाकरी देने के बाद नाराज स्वजन द्वारा चार अक्टुबर 2023 को ओरमांझी थाना में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराई गई थी। उनमें से तीन ओरापी को पूर्व में ही ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजी जा चूकी है। वहीं एक आरोपी मोहम्मद आजाद अभी तक फरार है। थाना प्रभारी अनिल कुमारी तिवारी ने बताया आरोपी के घर इस्तिहार चिपकाने की कार्रवायी की गई है। 30 दिन के अंदर आरोपी द्वारा सरेंडर नही किए जाने पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवायी करेगी। इससे पूर्व घटना के बाद अंजुमन कमिटि द्वारा भी सभी आरोपियों पर कार्रवायी करते हुए मदरसा से निकाल दिया गया था। इस्तिहार चिपकाने की कार्रवायी में एसआई बिनय कुमार, एएसआई राजीव कंदन, एएसआई राघवेंद्र चौधरी व पुलिस जवान शामिल थें।

# मांडर महाविद्याल में हिंदी दिवस मनाया गया



**मांडर।** महाविद्यालय मांडर में बुधवार को हिंदी विभाग के द्वारा विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बुदु उरांव ने विश्व हिंदी दिवस मनाने की परंपरा और हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को मनाया गया, तभी से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विश्व हिंदी दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई।

उन्होंने हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और कहा कि अपने देश की संस्कृति और गौरव को सुरक्षित रखने के लिए हमें अपनी भाषा को महत्व देना होगा।

मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुमार आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव ने माय, माटी और मातृभाषा का महत्व को बताया और कहा कि हिंदी भाषा के विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के समक्ष आने वाली चुनौतियां से लड़ना होगा और हिंदी भाषा को बढ़ावा देना होगा। इस अवसर पर कुडुख विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सोमरा उरांव ने कहा कि हमें अन्य भाषाओं का ज्ञान भी अवश्य अर्जित करना चाहिए, परन्तु अपनी मातृभाषा को हमेशा याद रखना चाहिए। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, गीत और पोस्टर इत्यादि प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ ममता कुमारी बाड़ा और धन्यवाद ज्ञापन सेनेल टेटे ने किया।

इस मौके पर हिंदी विभाग के डॉ विवेक कुमार, दिव्या रानी, डॉ के.पी शाही, डॉ फैयाज अहमद जहांगीर, डॉ अंसेलम मिंज, डॉ नीलम कुमारी और सुषमा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर किया गया समीक्षा बैठक

**राहे।** प्रखंड के सभागार में बीडीओ अशोक कुमार के अध्यक्षता में सभी बीएलओ ,सुपरवाइजर, और कंप्यूटर ऑपरेटर की बैठक संपन्न हुई ।बैठक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारी की समीक्षा की गई। बीडीओ अशोक कुमार ने कहा कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे सही प्रतिनिधियों का चयन करें और देश के विकास में योगदान दें।मतदान एक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य दोनों है। हमें सभी को अधिकार और कर्तव्य की जानकारी देना है।

## डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के कक्षा 10 वीं 24वें बैच के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**खलारी।** डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के कक्षा 10 वीं आईसीएससी 24 वें बैच के 94 विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजन कर विदाई दिया गया। विदाई समारोह के मौके पर स्कूली बच्चों के बीच शिक्षकों के द्वारा उज्जवल भविष्य का नवनिर्माण होने का लक्ष्य को साझा किया। वही कार्यक्रम में सहायक प्राचार्य जोशी टीडी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। बिदाई होने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों के द्वारा उपहार व फुल देकर बिदाई दी गई। विद्यार्थियों के ह्र्दयप्रेम क्षण पर क्लास शिक्षक अरुण कुमार व नंदलाल गुप्ता सहित अन्य शिक्षक ने अपने संबोधन में बच्चों का मार्गदर्शन किया। एवं उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने हेतु उचित मार्गदर्शन दिए गए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य टीडी जोशी, कल्याण मोहंती,राकेश साह सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## नामकुम एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**नामकुम।** बुधवार को राष्ट्रीय भेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नामकुम सीएचसी में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ० नीलम माईकल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने प्रशिक्षण मे उपस्थित सभी सहियाओं को आरडी के से जाँच रक्त पटसंग्रह, बिमारी के लक्षण, उपचार एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गयी।


### खोया पाया

मैं लोकेश नाथ, पिता स्व. मिथिलेश प्रसाद निवासी देव किरण अपार्टमेंट, थाना लोअर बाजार, जिला राँची का निवासी हूँ यह कि दिनांक 20.01.2025 को अपने उक्त फ्लैट से डंगरा टोली चौक जाने के क्रम में निबंधित दस्तावेज संख्या 12355 दिनांक 09.08.2005 की मूल प्रति जो फ्लैट संख्या 401, देव किरण अपार्टमेंट, लोअर बाजार, जिला राँची से सम्बंधित और मीनाक्षी पाण्डेय के नाम से था रास्ते में कंहीं गिर गया ककाफी खोजने के पश्चात भी उक्त दस्तावेज की मूल प्रति नहीं मिल पाई किसी सज्जन को मिलने पर सूचित करें

लोकेश नाथ (मो 7086014183)



**Govt. of Jharkhand, Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165, E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**Notice**

**Tender reference no.: 17/JREDA/EE/24-25 Dated: 21.01.2025**

Offline bids are invited for Notice Inviting Bid (NIB) for the Engagement of Agencies for Transportation, including Loading and unloading, of the Surya Nutan Double Burner Hybrid Cooktop to multiple Locations in Jharkhand State. The details are as follows:

| Sl. No. | Name of the work | Estimated Cost of Work (in Rs. Inclusive of GST) | Bid Fees (Non-Refundable) | | Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | General Bidders (in Rs.) | MSME/NewMSME Bidders (in Rs.) | General Bidders (in Rs.) | MSME/New MSME Bidders (in Rs.) |
| 1 | "Engagement of Agencies for Transportation, including Loading and unloading, of the Surya Nutan Double Burner Hybrid Cooktop to multiple Locations in Jharkhand State" | ₹ 6,00,000/- | ₹ 1,475/- | Nill | ₹ 12,000/- | Nill |
| 2 | Last date & time for receipt of offline bids. | 18.02.2025 (Tuesday) up to 03:00 P.M. | | | | |
| 3 | Bid Opening Date & Time | 21.02.2025 (Friday) at 2:00 P.M. | | | | |
| 4 | Price bid Opening Date & Time | Will be Communicated | | | | |
| 5 | Availability of tender document. | Tender documents can be purchased from the JREDA Office on all working days up to 24.01.2025 (Friday) till 03:00 P.M. | | | | |
| 6 | Method to apply | Interested bidders will have to apply tender document in a sealed envelope which will contain two separate sealed envelopes: - 1. First Envelope: Techno-Commercial Part. 2. Second Envelope: Price Part | | | | |
| 7 | Name and address of office inviting tender. | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA), 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Helpline no. for procurement. | 0651-2491163/67/61/7903935514 | | | | |

**Terms & conditions:** 1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned during office hours on any working day till the day before submission of the tender after depositing the cost of the Tender document (Non-refundable) in the shape of Bank Demand Draft in favour of "**Director, JREDA**" payable at Ranchi.
2. No postal request for the issue of a Tender document will be entertained.
3. The tender must be accompanied by the Earnest Money Deposit (refundable) in the shape of **(DD/BG/FDR)** issued from any Indian nationalized/scheduled bank in favour of "**Director, JREDA**" payable at Ranchi. The Proof of EMD must be attached with tender documents otherwise the tender will be rejected without assigning any reason.
4. The undersigned reserves the right to issue the tender document /extend the date of sale/submission of tender/opening of tender and cancellation of tender without assigning any reason thereof.

Sd/-
Director, JREDA, Ranchi

PR 344861 Energy(24-25)#D



**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा**

**-: आम सूचना :-**

" द्वितीय दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन "

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र० सं० | प्रखण्ड का नाम | पंचायत | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक / कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो० न० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | छतरबर | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ० निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया। 2. श्री विनोद तिवारी (अनुसेवक) | 9934748130 |
| | | डुमरडीहा | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | गझण्डी | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| | | चाराडीह | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ० विनिता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा। 2. श्री सुदर्शन चौधरी (अनुसेवक) | 9431537040 |
| | | करमा | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | पूरनानगर | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 2 | सतगांवा | सिवपुर | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ रविकांत प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सतगांवा। 2. श्री नीतीष कुमार (पशुधन सहायक) | 8540956364 |
| | | समलडीह | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | माधोपुर | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 3 | जयनगर | जयनगर पश्चिमी | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ० तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2.श्री विपुन महतो (रात्रि प्रहरी) | 9931742693 |
| | | सतडीहा | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | चेहाल | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| | | जयनगर पूर्वी | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 01.डा० शोएब खान प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, जयनगर 2. श्री रजनीश कुमार (पशुधन सहायक) | 7858096780 |
| | | ककरचोली | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | डण्डाडीह | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 4 | डोमचांच | कारायुंट | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच, 2. श्री ओमप्रकाष प्रसाद (अनुसेवक) | 9934352062 |
| | | बगडो | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | बगरीडीह | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| | | ढाब | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ राजेष कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच 2. श्री हरीषचन्द मिश्र (अनुसेवक) | 8789914345 |
| | | बंगाखलार | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | जानपुर | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 5 | चन्दवारा | बेन्दी | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ कृष्ण चन्द झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा 2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 9934182005 |
| | | आरागारो | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | भोण्डो | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |
| 6 | मरकच्चो | मुर्कमनाय | पंचायत भवन | 24.01.2025 25.01.2025 | 1. डॉ अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो 2. श्री कृष्णा सिंह (अनुसेवक) | 7903560601 |
| | | नावाडीह | पंचायत भवन | 27.01.2025 28.01.2025 | | |
| | | पपलो | पंचायत भवन | 29.01.2025 30.01.2025 | | |

नोट :– शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।
शिविर का समय :– सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होंगी।
1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जाँच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जाँच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

निवेदक:– जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा

PR 344858 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D

# आधी आबादी की चिंता

एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें झारखंड महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं दूसरी ओर जिन राज्यों में महिला केंद्रित योजनाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया, वहां महिला वोटरों की औसत संख्या में कम इजाफा हुआ है। निर्विवाद रूप से विभिन्न चुनावों में लगातार महिला वोटरों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। यहां तक कि किसी भी राजनीतिक दल की जीत या हार में उनकी निर्णायक भूमिका साफ नजर आ रही है। शोध अध्ययन बताता है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव के मुकाबले वर्ष 2024 में 1.8 करोड़ अधिक महिला वोटरों ने मतदान किया। ये आंकड़ा पिछले दिनों देश के चुनाव आयोग ने जारी किया। दूसरी ओर एसबीआई के शोध ने उन कारणों का विश्लेषण किया जो महिला वोटरों की संख्या बढ़ाने में सहायक बने। रिपोर्ट के अनुसार साक्षरता में वृद्धि से तीस लाख अतिरिक्त महिलाओं ने वोट डाले। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में वोटिंग में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। अतः सरकार बनाने में महिला वोटरों की भूमिका लगातार बढ़ी है। महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि के मूल में जिन चार मुख्य योजनाओं की भूमिका है, उनमें मुद्रा योजना, पीएम आवास योजना व स्वच्छता योजना शामिल हैं। दूसरी ओर बिजली, पानी आदि सुविधाओं में वृद्धि ने भी मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। झारखंड में हेमंत सरकार की एतिहासिक जीत के पीछे भी उनकी दूरदर्शिता से भरी मईंया योजना का बड़ा योगदान है।

## कार्टून वर्ल्ड







**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस





- अंकित सिंह

जनवरी 1938 को जब वे विदेश यात्रा पर थे तब उन्हें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जो देश की ओर से किसी भारतीय को दिया जाने वाला उच्चतम पद था। उस समय वे मात्र 41 वर्ष के थे। कांग्रेस का नेतृत्व ग्रहण करने पर भारतीय इतिहास एवं सुभाष के जीवन में नया मोड़ आया।

**भारत** के महान सपूत महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। नेता जी आजीवन युद्धकर्म और संघर्ष तथा संगठन में रत रहे। सुभाष जब 15 वर्ष के थे उसी समय दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव स्वामी विवेकानंद और उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस का पड़ा। सुभाष के जीवन पर अरविंद के गहन दर्शन एवं उनकी उच्च भावना का प्रभाव भी पड़ा। नेता जी ऋषि अरविंद की पत्रिका आर्य को बहुत ही लगाव से पढ़ते थे। पिताजी की इच्छा का निवर्हन करते हुए उन्होंने उन दिनों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षा आईसीएस में बैठने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा आठ माह में परीक्षा उत्तीर्ण कर ली।

किंतु काफी विचार विमर्श के बाद उन्होंने आईसीएस की नौकरी का परित्याग करके एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। तब तक किसी भारतीय ने आईसीएस के इतिहास में ऐसा नहीं किया था। सुभाष 16 जुलाई 1921 को बम्बई पहुंच गये और वहां पर महात्मा गांधी से उनके आवास पर मिले। युवक सुभाष तो सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर रहे थे वह उस नेता से मिलना चाहते थे जिसने सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन चला रखा था। गांधी जी ने सुभाष को कलकत्ता पहुंचकर देशबंधु चितरंजन दास से मिलने का सुझाव दिया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। उस समय देश में गांधी जी के नेतृत्व में लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी शामिल था। सुभाष ने इस युद्ध में कूदने का निश्चय किया और विरोध का नेतृत्व करने लगे। अंग्रेज अधिकारी आंदोलन के स्वरूप को देखकर घबरा गये। उन्होंने सुभाष को साथियों सहित 10 दिसंबर 1921 को संध्या समय गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। एक वर्ष बाद उन्हें जेल से मुक्ति मिली। किन्तु जल्द ही क्रांतिकारी षड्यंत्र का आरोप लगाकर अंग्रेजों ने सुभाष को मांडले जेल भेज दिया। दो वर्ष पश्चात सुभाष को मांडले से कलकत्ता लाया गया जहां उन्हें स्वस्थ्य के आधार पर मुक्त कर दिया गया। सुभाष ने कांग्रेस का प्रथम नेतृत्व 30 वर्ष की आयु में किया जब वे बंगाल प्रांतीय कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

जनवरी 1938 को जब वे विदेश यात्रा पर थे तब उन्हें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जो देश की ओर से किसी भारतीय को दिया जाने वाला उच्चतम पद था। उस समय वे मात्र 41 वर्ष के थे। कांग्रेस का नेतृत्व ग्रहण करने पर भारतीय इतिहास एवं सुभाष के जीवन में नया मोड़ आया। गांधीजी ने सीतारमैया को अपना सहयोग दिया। अतः गांधीजी की इच्छा को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के पश्चात फारवर्ड ब्लाक नामक अग्रगामी दल की स्थापना की। हिंदू-मुस्लिम एकता की समस्या पर बैरिस्टर जिन्ना के साथ बातचीत करके वह वीर सावरकर के घर पहुंच गये। सुभाष का वीर सावरकर के घर पहुंचना एक ऐतिहासिक घटना थी। अभिनव भारत में इस वृतांत का वर्णन किया गया है। जिसमें उन्होंने सुभाष को सशस्त्र संघर्ष के नेतृत्व की कमान को संभालने के विचार से अवगत कराया है। अतः सावरकर के विचारों को ध्यानपूर्वक ग्रहण करने के बाद दो मास की अनिवर्चनीय कठिनाइयों एवं गोनपीयता, दुविधा, चिंता और शारीरिक कष्टों को झेलते हुए विभिन्न रास्ते पार करते हुए 1941 में अप्रैल माह में मास्को होते हुए बर्लिन पहुंचे। नौ माह बाद जर्मनी रेडियो से उन्होंने भारतीयों को संबोधित किया तब यह रहस्य खुला कि वे भारत से काफी दूर पहुंच चुके हैं। उस समय भारत एवं जर्मनी के मध्य उच्चस्तरीय संबंध स्थापित हो चुके थे।

जर्मनी ने सुभाष को अंग्रेजों से लड़ने के लिये हर प्रकार की गतिविधियों को चलाने एवं उनकी सहायता करने की छूट दे दी थी। सुभाष बोस ने जर्मनी पहुंचते ही स्वातंत्रय योद्धाओं की परिषद के सहयोग एवं रास बिहारी बोस की अध्यक्षता से आजाद हिंद सरकार गठित की जिसे जापान, जर्मनी, फिलीपिंस, आइरिश रिपब्लिक मंचूरिया तथा इटली ने सहायता दी। अब भारत की मुक्ति के लिये सैनिक अभ्यास की तैयारी शुरू हो गयी। फरवरी 1944 में भारत और जापान ने संयुक्त अभियान बर्मा के जंगलों में प्रारम्भ कर दिया। अनेक दुर्गम और जोखिमपूर्ण पड़ावों को पार करते हुए आजाद हिंद फौज ने मार्च में भारतीय सीमा में प्रवेश कर लिया। किंतु उन्हें वापस लौटना पड़ा। नेताजी ने अथक परिश्रम करके सैनिक कार्यवाही की बारीकियों को समझा।

अभियान की असफलता के पश्चात सैनिकों का मनाबेल बढ़ाने के लिये भारतीयों का विशेष ध्यान रखना पड़ता था। 15 अगस्त 1945 को अमेरिका द्वारा हिरोशिमा एवं नागासकी में परमाणु बम गिराये जाने के बाद जापान की पराजय का समाचार प्राप्त हुआ। अतः नेताजी एवं उनके मंत्रिमंडल ने एकमत होकर यह निश्चय किया और अगले दिन प्रातः सिंगापुर, बैंकाक होते हुए रूस अधिकृत क्षेत्र मंचूरिया पहुंच गये। दिन में उन्होंने कर्नल स्ट्रेसी को बुलाया और स्पष्ट निर्देश दिये कि वे सिंगापुर में समुद्र के किनारे आजाद हिंद फौज स्मारक का निर्माण शीघ्रता से प्रारम्भ करें। 16 अगस्त का प्रातःकाल होने वाला था। नेताजी उठे और शीघ्रता से अपना कुछ निजी सामान और वस्त्रों को संभाला और उस यात्रा के लिये तैयार हुए जिसे वे अज्ञात लक्ष्य की ओर अभियान कह रहे थे। 17 अगस्त 1945 को प्रातः नेताजी बैंकांक हवाई अड्डे के लिये लोगों से विदाई लेकर चले।

22 अगस्त 1945 को टोक्यो रेडियो से हुए प्रसारण में फारमोसा द्वीप में हुई वायुयान दुर्घटना में नेताजी की मृत्यु का समाचार सुनकर सम्पूर्ण विश्व स्तब्ध रह गया। लेकिन उनकी यह मौत अभी भी रहस्य की चादरों पर लिपटी हुई है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने कुछ गोपनीय फाइलों को सार्वजनिक कर दिया है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नेताजी की रहस्यमयी मौत से आवरण हटाने में जुट गये हैं।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**वर्तमान** में जीना और अपने प्रयासों को उच्च लक्ष्यों की ओर केंद्रित करना ही जीवन को सार्थक बनाता है। सत्यनिष्ठा और यथार्थवाद हमें सही दिशा में ले जाते हैं, जबकि उत्साह, साहस, धैर्य और आत्मविश्वास हमें हर चुनौती का सामना करने की शक्ति प्रदान करते हैं। समय के साथ स्वयं को ढालना और अपने संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करना ही सफलता का मूलमंत्र है।

**- अवधेशानंद गिरी**

**अर्जुन** पुरस्कार से सम्मानित झारखण्ड की बेटी और प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूँ।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# हमारे मूल संविधान की प्रति की स्थिति की होती है तकनीकी जांच

**रानी राज**

## सामयिक




**खास** गैस चैम्बर में रखी है भारतीय संविधान की मूल प्रतिदुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और उसका सबसे बड़ा संविधान। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और उनके साथियों ने कड़ी मेहनत के बाद इसका मसौदा तैयार किया और देश के पहले प्रधानमंत्री की ख्वाहिश पर मशहूर कैलिग्राफर ने छह महीने की कड़ी मेहनत के बाद इसे अपने हाथों से लिखकर तैयार किया।

नंदलाल बोस और उनके छात्रों ने इस पर खूबसूरत पेंटिंग भी उकेंरी। इतनी कड़ी मेहनत के बाद संविधान की मूल प्रति किसी महान कलाकृति सी तैयार हो गई। मगर वक्त की मार से इसे बचाकर रखना एक बड़ी चुनौती था। इसलिए इस खास प्रति की सुरक्षा के लिए खास तरीका अपनाया गया।

भारतीय संविधान की मूल प्रति को सुरक्षित रखने के लिए हीलियम गैस चेम्बर में रखा गया है। संविधान की मूल प्रति को एक खास कपड़े में लपेटकर नेफ्थलीन बॉल्स सफेद रंग की फिनाइल की गोलियां के साथ रखा गया था।

आग से भी सुरक्षित है हीलियम गैस

हाइड्रोजन के बाद सबसे हल्की गैस हीलियम ही है। इस गैस का कोई रंग नहीं होता और ना ही इससे आग लग सकती है। वातावरण में चाहे तापमान कैसा भी हो, यह बनी रहती है। विमान के टायरों में भी इसका इस्तेमाल होता है। मौसम की जानकारी लेने के इसी गैस को गुब्बारे में भरकर आसमान में छोड़ा जाता है।

1994 में वैज्ञानिक विधि से तैयार किया गया चैम्बर

संविधान की मूल प्रति को सुरक्षित करने के लिए काफी अध्ययन किया गया। यह देखा गया कि बाकी देशों ने अपने संविधान की सुरक्षा कैसे की है। पता चला कि अमेरिका का संविधान सबसे सुरक्षित वातावरण में रखा गया है।

अमेरिकी संविधान को वॉशिंगटन स्थित लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में हीलियम गैस के चैम्बर में रखा गया है। यह एक पृष्ठ का है। इसके बाद अमेरिका के गेट्टी इंस्टीट्यूट, भारत की नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी और भारतीय संसद के बीच करार के बाद गैस चैम्बर बनाने की पहल हुई। 1994 में संसद भवन के पुस्तकालय में वैज्ञानिक विधि से खास चैम्बर तैयार किया गया।

भारतीय संविधान की मूल प्रति 40 से 50 फीसदी नाइट्रोजन गैस वाले वातावरण में रखा गया है और यहां आक्सीजन एक फीसदी से भी कम है। इस कागज की सुरक्षा के लिए ऐसे ही वातावरण की आवश्यकता थी, जो इनर्ट यानी नॉन-रिएक्टिव हो।

हर साल संविधान की मूल प्रति की सेहत की जांच होती है। हर साल चैम्बर की गैस खाली की जाती है। सीसीटीवी कैमरे से इस पर लगातार निगरानी रहती है।

**काली स्याही से लिखी है मूल प्रति**

भारतीय संविधान काली स्याही से लिखा है। इसलिए इसके उड़ने का खतरा बना रहता था। इसे बचाने के लिए आद्रता 50 ग्राम प्रति घन मीटर के आस-पास रखने की जरूरत होती है। इसलिए चैम्बर ऐसा बनाया गया, जिसमें हवा न जा सके।

# यूएस सोल्जर से बाबा मोक्षपुरी, आईआईटियन से युवा योगी दुर्लभ संयोग वाला महाकुंभ

**अभिनय आकाश**

## कुंभ

30 लाख लोग भगवान सूर्य को जल देने के लिए एक साथ नदी में उतर जाएं तो क्या होगा? पांच करोड़ लोग एक साथ प्रचंड जय घोष के साथ हर हर महादेव का जयकारा लगाते नजर आए तो? 45 करोड़ लोग एक टेंट सिटी में 45 दिनों के लिए एक साथ ठहर जाए तो? आप इसे अजूबा या चमत्कार की कहेंगे।

जब संत शब्द सुनते हैं, तो दिमाग में ऐसे व्यक्ति का खाका खिंच जाता है जो दुनियादारी से दूर है। महाकुंभ में आध्यात्म, संस्कृति के अलग अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। ऐसे ही एक संत से जब उनका नाम पूछा गया तो उन्होंने चेहरे पर मुस्कान लिए पलट कर कहा मसानी गोरख, बटुक भैरव, राघव, माधव, सर्वेश्वरी, जगदीश्वरी या फिर जगदीश, ये मेरे नाम हैं, कौन सा बताऊं। करोड़ों का पैकेज, कॉरपोरेट का आकर्षण छोड़कर प्रयागराज की रेती पर क्या कर रहा है ये युवा योगी? ऐसे ही कभी अमेरिकी सेना में अपनी सेवाएं देने वाले राइफल मैन लोगों के बीच चर्चा के केंद्र में हैं। बाबा का नाम बाबा मोक्षपुरी है।

**कौन हैं आईआईटी बाबा अभय सिंह?**

अभय सिंह मूल रूप से हरियाणा के निवासी हैं। उन्होंने अपनी इंजीनियरिंग की डिग्री आईआईटी बॉम्बे से पूरी की। अपने शैक्षणिक जीवन के दौरान, उन्होंने दर्शनशास्त्र में गहरी रुचि विकसित की और प्लेटो, सुकरात के कार्यों का अध्ययन करके और उत्तर आधुनिकतावाद की खोज करके जीवन की गहरी समझ हासिल की। बाद में अभय सिंह ने अपना नाम बदलकर मसानी गोरख रख लिया और अपना जीवन भगवान शिव को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें राघव और जगदीश जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है। जेईई इंट्रेंस में 731वीं रैंक लाकर पास हुआ अभय अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद, आईआईटी बाबा ने डिजाइन में मास्टर डिग्री हासिल की और फोटोग्राफी के माध्यम से अपने रचनात्मक पक्ष का पता लगाया।

**शन्यू की अवस्था के बाद जागता है इंसान**

बाबा अभय सिंह ने अपने सपनों को पूरा करने कि लिए आईआईटी की इंटर्नशिप के दौरान 2 महीने तक उत्तराखंड में फोटोग्राफी की. फिर फैशन जगत की प्रसिद्ध पत्रिका वोग और जीक्यू के लिए काम किया। डिजाइनिंग के बाद जब नौकरी के क्षेत्र में आए तो पहली नौकरी 12 लाख की मिली। कुंभ मेले में अभय सिंह ने कहा कि उनकी आंतरिक खोज ने उन्हें अपना वैज्ञानिक करियर छोड़कर एक भिक्षु का जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाकुंभ मेला 2025 में उन्होंने अपनी यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि यह मंच सबसे अच्छा मंच है। अभय सिंह की कहानी ने कई लोगों को प्रेरित किया है और उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. एक सफल इंजीनियर से एक भिक्षु के रूप में उनका परिवर्तन अर्थ और पूर्ति की सार्वभौमिक खोज पर प्रकाश डालता है जो भौतिकवादी लाभ से परे है। अभय सिंह कहते हैं कि उन्होंने सारी धर्मो की किताबें पढ़ी हैं। कुरान, हदीस, बौद्ध धर्म की किताबें. चीन, इजिप्ट का इतिहास, भौतिकी, विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, वास्तुशास्त्र, ज्योतिषी सब कुछ पढ़ डाला. ये है क्या? मैं ठंडे पानी से नहाने का अभ्यास करता। हाथ सिकुड़ जाता, कांपने लगता।

**कभी अमेरिकी सेना के सिपाही अब बन गए बाबा मोक्षपुरी**

अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिक बाबा मोक्षपुरी, जिन्हें माइकल के नाम से जाना जाता है, ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ भारत की पहली यात्रा के बाद आध्यात्मिकता को अपनाया। इसी यात्रा के दौरान बाबा मोक्षपुरी ने ध्यान और योग की खोज की और उन्हें सनातन धर्म की शिक्षाओं से परिचित कराया गया। भारत की सांस्कृतिक समृद्धि ने आध्यात्मिक जागृति पैदा की और अब उनका मानना ??है कि यह एक दैवीय आह्वान था। उन्होंने कहा कि मैं अलग नहीं हूं। दरअसल, एक समय ऐसा भी था जब मैं भी किसी आम आदमी की तरह ही था। मुझे बाहर जाना, अपनी पत्नी और परिवार के साथ समय बिताना बहुत पसंद था। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में बड़ा बदलाव तब आया जब मेरे बेटे की अकाल मौत हो गई। मुझे लगा कि संसार में कुछ भी स्थायी नहीं है। ऐसे समय में ध्यान और योग ने मुझे काफी सहारा दिया। मुझे इसके जरिए ही कठिन समय से बाहर निकलने में मदद मिली।

**2016 के उज्जैन कुंभ से हर महाकुंभ में शामिल होने का लिया संकल्प**

माइकल उर्फ बाबा मोक्षपुरी ने बताया कि उनका जन्म अमेरिका में हुआ था। साल 2000 में वह पहली बार पत्नी और बेटे के साथ भारत आए थे। उन्होंने इसे अपने जीवन की सबसे यादगार घटना बताया और कहा कि भारत आकर मैंने ध्यान और योग के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि पहली बार इस दौरान सनातन धर्म के बारे में उन्हें समझने का मौका मिला। भारतीय संस्कृति ने मुझे काफी प्रभावित किया। यहीं से मेरी आध्यात्मिक जागृति प्रारंभ हुई। बाबा मोक्षपुरी ने साल 2016 के उज्जैन कुंभ से हर महाकुंभ में शामिल होने का संकल्प लिया। इसके बाद से वह हर महाकुंभ में हिस्सा लेते रहे हैं।

**पर्यावरण बाबा**

पर्यावरण बाबा या आचार्य महामंडलेश्वर अरुणा गिरि भी उन बाबाओं में से हैं जिनके महाकुंभ मेले में आगमन ने ध्यान खींचा। अगस्त 2016 में बाबा ने वैष्णो देवी से कन्याकुमारी तक 27 लाख पौधे वितरित किए, और तब से वह अपने अनुयायियों को दो पेड़ एक अंतिम संस्कार के लिए और एक पीपल का पेड़ ऑक्सीजन के लिए लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। मैं अब तक 82 अनुष्ठान कर चुका हूं। लगभग 30 देशों के मेरे भक्तों ने हमारे देश में 1 करोड़ से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। 2016 में वैष्णो देवी से कन्याकुमारी तक मार्च के दौरान, हमने 27 राज्यों में पेड़ लगाए। तभी से भक्त मुझे पर्यावरण बाबा कहने लगे।

## स्पीड न्यूज

### श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मना राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पेंटिंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में भी भाग लिया। बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों और दुर्घटना के कारणों की जानकारी दी गई। अभिभावकों को भी जागरूक किया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण सड़क पर लापरवाही व यातायात नियमों की अवहेलना है। बच्चों में बचपन से जो संस्कार के बीज रोपे जाते हैं, वह जीवन भर काम आते हैं। इसलिए बच्चों में सड़क पर सुरक्षित व्यवहार का संस्कार शुरू से भरने की जरूरत है। बच्चे अगर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होंगे तो वह अपने अभिभावकों को भी नियमों के प्रति प्रेरित करेंगे। एचके सिंह ने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए नियमों का पालन करें। सड़क दुर्घटना के घायलों को अस्पताल पहुंचाएं या हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर तुरंत सहायता करें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा का शपथ लिया।

### कुजू में खुला अरना सेनेटरी हाउस



कुजू। कुजू शिव मंदिर के पास बुधवार को अरना सेनेटरी हाउस का उद्घाटन विधायक रौशनलाल चौधरी व मांडू विधायक तिवारी महतो की पत्नी सोनोका देवी ने किया। मौके पर अतिथियों ने संचालक चंदन व रूपेश केशरी को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में इस तरह के सेनेटरी हाउस के उद्घाटन होने से लोगों को काफी सुविधा होगी। वहीं संचालक चंदन व रूपेश ने बताया कि हमारे सेनेटरी हाउस में नल, पाइप, पाइप फिटिंग, बेसिन, कम्बोर्ड, गिजर एवं वेनिटी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत बूके देकर किया गया। मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष तेजनाथ महतो, मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, सिकंदर मेहत, अरविंद कुमार, तरुण अग्रवाल, लखन प्रसाद, दशरथ प्रसाद केशरी, नीलम कुमारी, किशोरीलाल केशरी, धनजंय पुटुस, जयकिशोर महतो, रवि साहू, आशीष साहू, अमित केशरी, पंचित महतो, श्याम केशरी, कौलेश्वर महतो, नीतेश गुप्ता, सुनील मेहता, आनंद शर्मा, गोविंद ठाकुर, सिंटू केशरी, बंटी केशरी, अमित केशरी, अमन केशरी, संदीप केशरी, विकाश महतो सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### संकुल केंद्र में क्विज प्रतियोगिता



रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड स्थित संकुल संसाधन केंद्र में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत क्विज और मॉडल प्रतियोगिता हुआ। सुलोचना कुमारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चितरपुर एवं मो. इंशाअल्लाह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद थे। सुलोचना कुमारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मकसद बच्चों में जिज्ञासा बढ़ाना और वैज्ञानिक सोच विकसित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें नई खोज एवं आविष्कार की दिशा में प्रेरित करना था। निर्णायक मंडल में डॉ. सरफराज आलम, दिलीप कुमार, राजदीप कुमार, निर्णायक मंडल विज्ञान प्रदर्शनी राघवेंद्र कुमार सिंह, निहारिका कुशवाहा, सुजित कुमार शामिल थे।

### मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन



चैनपुर। अयोध्या राम मंदिर के पहली वर्षगांठ पर चैनपुर बरबंदा स्थित राम दरबार मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को भूमि पूजन हुआ। इस दौरान आचार्य विकास पांडेय व चंदन पांडेय ने यजमान बने मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह नावाडीह मुखिया संजय प्रसाद सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया। बाद में गाजे-बाजे के साथ ध्वज का नगर भ्रमण कराते हुए मंदिर निर्माण स्थल पर स्थापित किया गया। मौके पर पंकज साहा, आदित्य प्रसाद, सुरेश साव, लूतवरण साव, भीम प्रसाद, संतोष साव, रामलोचन प्रसाद, जानकी साव, मनोज प्रसाद, अरविंद प्रसाद, बसंत प्रसाद, मुकेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, छोटन प्रसाद, श्याम प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### रामगढ़ चैंबर ने बांटा करेंसी



भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के तत्वाधान में बुधवार को भुरकुंडा बाजार के व्यवसायियों के बीच करेंसी नोटों का वितरण बतौर एक्सचेंज किया गया। चैंबर पदाधिकारियों ने बताया कि बाजार में व्यवसायियों के व्यापार में सुलभता हेतु छोटे-छोटे नोटों की किल्लत को देखते हुए करेंसी नोटों का वितरण क्रमबद्ध तरीके से शहरी एवं कोयलांचल क्षेत्रों में किया जा रहा है। भुरकुंडा बाजार में भी चैम्बर सदस्यों के बीच लगभग 3 लाख रुपए के नोटों का एक्सचेंज किया गया। मौके पर रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, मनजीत साहनी, इंद्रजीत सिंह पाले, चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, अनूप कुमार, मंजी सिंह, मुरारीलाल अग्रवाल, बिनय कुमार सिंह, अशोक अग्रवाल, श्याम किशोर सिंह, बसंत श्रीवास्तव, मंटू छाबड़ा, दिनेश राजगढ़िया, जयप्रकाश सिंह, दिनेश प्रसाद, राकेश सिंह, संजय अग्रवाल, अमरेश सिंह, रॉकी अग्रवाल, सुनील सिंह, लालमुनि ठाकुर, अजय गोयल, प्रमोद शर्मा, अजय सिंह, किशन बंसल, अशोक सोनी, जयराम सिंह, अखिलेश शर्मा, अशोक कुमार, मंजीत रंजन आदि मौजूद थे।

# रामगढ़ : गणतंत्र दिवस पर 16 विभाग निकालेंगे झांकी

▸▸ विकास के लिए कार्य करने वाले लोग व संस्थायें होंगे सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 16 विभागों जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला कल्याण विभाग, वन प्रमंडल रामगढ़, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, जिला खनन विभाग, टिस्को वेस्ट बोकारो, जेएसएलपीएस रामगढ़, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला पंचायती राज कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय एवं पर्यटन विभाग द्वारा झांकी निकाली जाएगी विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत वैसे लोग/ संस्थाएं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से हटकर विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किया हो उन्हें रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य कार्यक्रम के लिए अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को होगा। उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को कार्यक्रम के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी रात 10:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मधशालाओं एवं बधशालाओं को बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को दिया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिद्धू - कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:45 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:50 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 11:10 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:15 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।

बैठक के दौरान झंडोत्तोलन के समय परेड की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, विधि व्यवस्था आदि विषयों पर भी चर्चा करते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मेला का सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया उद्घाटन

## आयुष्मान योजना का लाभ उठायें ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने ओरिया स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य हर व्यक्ति का अधिकार है, और सरकार इसे सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना और लोगों को जागरूक करना था। स्वास्थ्य मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयों का वितरण, टीकाकरण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड के पंजीकरण और वितरण की सुविधा भी दी गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विभिन्न रोगों के लिए परामर्श दिया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष शिविर लगाए गए। विधायक ने आयुष्मान भारत योजना को गरीबों के लिए वरदान बताया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाते हैं। मेले में 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की। महिलाओं के लिए एनीमिया जांच और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। विधायक ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन नागरिकों के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## डीटीओ ने की वाहनों की जांच, 2.97 लाख रुपये जुर्माना वसूला

रामगढ़। परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिले के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, बुधवार को जांच के दौरान 20 से 25 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए सभी वाहनों के वाहन चालकों से कुल 2.97 लाख रुपया जुर्माना वसूला गया।

# कार्यशाला में शामिल हुये 25 मुखिया



भुरकुंडा (रामगढ़)। मैत्री प्रोजेक्ट के पीरामल फाउंडेशन ने बुधवार को पतरातु प्रखंड के वर्किंग हॉल में मुखियाओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में पतरातु प्रखंड अंतर्गत 25 पंचायत के मुखियाओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में कक्षा 3 से 5 में एफएलएन (बुनियादी साक्षरता और गणितीय) की स्थिति, स्कूल में बच्चों की सीखने की पद्धति में सुधार, बच्चों का प्राथमिक से उच्च प्राथमिक या मध्य विद्यालय में स्थानांतरण, ड्रॉप आउट की स्थिति, पंचायत में स्वयंसेवक (वालंटियर) चिन्हित करने, पंचायत में मोहल्ला की कक्षाएं शुरू करवाने, छात्रों में पढ़ने की आदत का अभ्यास जागृत करने, एसएमसी को और मजबूत करने ताकि स्कूल पर अधिक ध्यान दिया जा सके, पंचायत के विभिन्न समितियों द्वारा छात्रों की सीखने के प्रतिफल में योगदान देने आदि बिंदुओं पर मुखियाओं के साथ चर्चा की गई। इस दौरान बेसलाइन एसेसमेंट, पंचायत लेड एसेसमेंट के परिणामों से संबंधित बातों को मुखिया से साझा किया गया। साथ ही एसएलओ (स्कूल लर्निंग आउटकम) को कैसे बढ़ाया जा सके इस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

कार्यशाला का संचालन पीरामल फाउंडेशन के सिलवेस्टर टोपनो, तन्मय सेन, निशा वर्मा, अनिकेत दीवे, अनुराग सिंह, रितेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पतरातु बीडीओ मनोज गुप्ता ने पीरामल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से निश्चित रूप से पठन-पाठन काफी सुधार होगी। साथ ही बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने में मुखियाओं और अभिभावकों का योगदान अहम साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है। शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मौके पर सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, चोरधरा मुखिया रामनारायण कुमार, लपंगा मुखिया आनंद दुबे, देवरिया मुखिया विकास नायक, सयाल उत्तरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव सहित 25 मुखिया मौजूद थे।


## बरही में हेड क्लर्क की अनुपस्थिति से निबंधन का काम हो रहा बाधित

बरही। बरही दस्तावेज नवीस संघ ने झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बरही निबंधन कार्यालय में हेड क्लर्क से निबंधन कार्य ठप होने की जानकारी दी है। संघ ने पत्रांक 25/2025 के माध्यम से इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि 4 से 24 जनवरी तक हेड क्लर्क के नहीं होने से निबंधन का काम पूरी तरह ठप है। लोग शादी, इलाज या अन्य महत्वपूर्ण कामों के लिए जमीन या अन्य संपत्ति के क्रय-विक्रय से जुड़ी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। संघ ने यह भी आशंका जताई है कि यदि हेड क्लर्क दोबारा छुट्टी पर जाते हैं तो यह समस्या और गहरा सकती है। अवर निबंधन कार्यालय बरही में चौपारण, बरही, चलकुशा, बरकट्ठा और पदमा जैसे इलाकों के लोग दस्तावेज निबंधन के लिए आते हैं लेकिन काम न होने के कारण निराश होकर लौट रहे हैं। दस्तावेज नवीस संघ ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि बरही निबंधन कार्यालय में तत्काल हेड क्लर्क की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि निबंधन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस पत्र की प्रतियां मंत्री, राजस्व विभाग के सचिव, हजारीबाग उपायुक्त, बरही और बरकट्ठा विधानसभा के विधायकों को भी भेजी गई हैं। ज्ञापन में सचिव मो. इसराफिल, उपसचिव इंद्रदेव चौधरी, नकुल प्रसाद, सुखदेव मालाकार, सुबोध सिंह, अब्बास अंसारी, मो. शोएब अख्तर, मो. शब्बीर अंसारी, लक्ष्मण यादव समेत अन्य नवीस संघ के सदस्यों का हस्ताक्षर शामिल है।

# हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में सी-आर्म मशीन खराब

सांसद मनीष जायसवाल ने लिया संज्ञान, जल्द समाधान का आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विभाग में सी-आर्म मशीन के खराब होने से हड्डी के मरीजों की सर्जरी रुकी हुई है। पिछले 20 दिनों से भर्ती मरीज ऑपरेशन न हो पाने के कारण परेशान हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बिना सी-आर्म मशीन के ऑपरेशन संभव नहीं है, जिससे मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है।

इस गंभीर समस्या की जानकारी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को मिलने पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई की। मरीज मुकेश राम के परिजनों द्वारा शिकायत किए जाने पर सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल अधीक्षक प्रो. डॉ. अनुकरण पूर्ति से संपर्क कर इस समस्या का समाधान निकालने का आग्रह किया।

अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि सी-आर्म मशीन को सोमवार तक ठीक करवा लिया जाएगा, जिससे सभी जरूरतमंद मरीजों की सर्जरी जल्द शुरू हो सकेगी। यहां की सी-आर्म मशीन अक्सर खराब हो जाती है, जिससे हर बार मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सांसद मीडिया प्रतिनिधि ने अधीक्षक से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपील भी की, ताकि भविष्य में मरीजों को लंबे समय तक इलाज के लिए इंतजार न करना पड़े। मरीज और उनके परिजन अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही सी-आर्म मशीन ठीक हो जाएगी और उनका इलाज शुरू होगा। यह घटना सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को उजागर करती है और इन समस्याओं के स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर देती है।

## इचाक सीएचसी में लगा स्वास्थ्य मेला

इचाक। स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक में स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, बीडीओ संतोष कुमार, सिविल सर्जन सरयू प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सांसद प्रतिनिधि महेश साव, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, मानव विकास के सचिव बीरबल प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सरयू राय ने अधिक से अधिक लोगों को मेले में आकर स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया।

## एक नजर में

### विधायक ने पुल का किया शिलान्यास



बरकट्ठा। विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र के मासीपीढ़ी और बंडासिंघा गांव के बीच स्थित बरसोती नदी पर छह स्पेन के बनने वाले पुल का शिलान्यास किया। ग्रामीणों के बहुप्रतीक्षित सपना और मांग के बाद पुल बनेगा। विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में जो भी जनहित की समस्या है। वह जरूरत के हिसाब से प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा। यह पुल निर्माण होने से कई गांव के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। लोगों का सीधा संपर्क प्रखंड मुख्यालय से हो जाएगा। उन्होंने संवेदक से कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। शिलान्यास में भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद, उमेश यादव, राजकुमार यादव, सुरेंद्र साव, त्रिवेणी यादव, टुकलाल नायक, रवि गोस्वामी, इंद्रदेव यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने किया स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन



बरकट्ठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सीओ श्रवण कुमार झा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज, जिप सदस्य कुमकुम देवी, पंसस मंजू देवी, प्रीति गुप्ता मौजूद थी। स्वास्थ्य मेला में सैकड़ों लोगों ने इलाज कराया। अमित यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा लोगों तक पहुंचे। इसके लिए मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सहिया, स्वास्थ्य कर्मी लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाएं ताकि सही इलाज हो सके। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी निशांत बेक, आयुष चिकित्सक फातमा खातून, मो जसीम, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, लेखपाल भवेश कुमार सीएचसी प्रबंधक पंकज कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, विशाल सिंह, मिथलेश भारती, एएनएम किरण कुमारी, सुलेखा कुमारी, मंजू कुमारी, सबिता कुमारी समेत आदि लोग मौजूद थे।

### मुखिया शमशेर आलम ने 52 बच्चों को दिया ड्रेस



बरही: बरहीडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 52 बच्चों के बीच ड्रेस वितरण किया गया। कार्यक्रम में बरही पश्चिम के मुखिया शमशेर आलम, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, समाजसेवी टिंकू आलम, शिक्षक अजय प्रजापति, शशि प्रजापति, आशा मैडम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुखिया शमशेर आलम ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने सरकार की इस पहल को सराहा और बच्चों को नियमित स्कूल आने की अपील की पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य ने कहा कि बच्चों को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और समाजसेवियों ने भी अपने विचार साझा किए और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

### दारू में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला

दारू। मंगलवार को दारू प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन बीडीओ हारून रशीद, सीओ राम बालक कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (सदर) डॉ. अमरेश कुमार, हरली मुखिया फरजाना खातून और हरली पंचायत समिति सदस्य गीता देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मंच संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. प्रियंका, डॉ. अविका गोयल, डॉ. मुकेशचंद्र झा, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. सुजन जयपुरियार, सज्जन सिंह (एसटीटी), सीएचओ, एएनएम, एलटी, बीटीटी, सहिया साथी और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। स्वास्थ्य मेले में वृद्ध 11 व्यक्तियों को वॉकर और फाइलेरिया से ग्रसित 7 मरीजों को एमएमडीपी किट प्रदान की गई। इसके अलावा 600 से अधिक लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। सिविल सर्जन और डीआरसीएचओ, हजारीबाग ने मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को वॉकर और एमएमडीपी किट वितरित करने के साथ ही स्वस्थ रहने के लिए जरूरी सलाह भी दी।

### एनएच 33 पर लगे स्पीड ब्रेकर : प्रिंसिपल

बरही। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवगंदा मोड़ के प्रिंसिपल रोहित सिंह ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को एक आधिकारिक पत्र भेज कर एनएच 33 पर स्कूल के पास बैरिकेड्स, स्पीड ब्रेकर्स, स्ट्रीट लाइट, स्कूल साइन बोर्ड एवं सर्विस रोड की मांग की है। यह मांग स्कूल के आसपास के क्षेत्र में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं और सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस संबंध में उपायुक्त राकेश कुमार ने एनएचएआइ पदाधिकारी से मुलाकात की। स्कूल गेट के पास हाईवे पर तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। खासतौर पर स्कूल के समय के दौरान यह क्षेत्र छात्रों, शिक्षकों और आम राहगीरों के लिए अत्यधिक जोखिमपूर्ण बन जाता है। सड़क पर सुरक्षा उपायों की कमी के कारण न केवल छात्रों की सुरक्षा खतरे में है, बल्कि स्थानीय निवासियों और पैदल यात्रियों के लिए भी यह स्थिति खतरनाक बन गई है। प्राचार्य रोहित सिंह ने इस मुद्दे को हल करने के लिए एनएच 33 पर स्कूल गेट और आसपास के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बैरिकेड्स, स्पीड ब्रेकर्स, स्ट्रीट लाइट, साइन बोर्ड एवं सर्विस रोड लगाने का सुझाव दिया है।

### मुखिया नायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत के आराहारा में कृषि के लिए ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से किसानों को सिंचाई के लिए काफी परेशानी हो रही थी,जिसकी सूचना मिलते ही विधायक रौशनलाल चौधरी ने तत्परता दिखाते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जिसका उद्घाटन चेपाकला मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने फीता काटकर किया।मौके पर तुलेश्वर महतो,बालेश्वर महतो,मोहन महतो,गोपाल महतो,दिनेश्वर महतो,तापेश्वर तिर्की,गंगो कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बलराज यादव ने बच्चों को दिया ड्रेस, जूता व स्वेटर

बरही। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डपोक में वर्ग 1 और 2 के सभी छात्र-छात्राओं को ड्रेस, जूते और स्वेटर का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम उप मुखिया बलराज यादव और पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक भीखू दास, अध्यक्ष राजकुमार पासवान, उपाध्यक्ष महेंद्र भुइयां सहित विद्यालय के शिक्षक रामनारायण यादव, बीरेंद्र कुमार यादव और इंद्रदेव कुमार यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करना और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करना था।

### नकुल महतो ने मल्हार टोली में लगाया चापानल

बड़कागांव।जीसस मिशनरी सोसाइटी ऑफ कर्णपुरा के संस्थापक पास्टर नकुल महतो के नेतृत्व में सीकरी मल्हार टोली में चापानल लगा। पास्टर ने कहा कि पूर्व से गांव वाले पेयजल की समस्या के कारण नदी व नाले की पानी पीने को मजबूर थे इसकी शिकायत मुझे मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए सोसाइटी की ओर से चापानल लगाया गया। द्वारका मल्हार, छोटन मल्हार,मोहन मल्हार, मंगल मल्हार, जय धन मल्हार,तिलेश्वरी देवी, मंजू देवी,कुंती देवी गुड़िया देवी, लक्ष्मी देवी,रोशन देवी व अन्य उपस्थित थे।

# सबसे युवा गणतंत्र का करें सम्मान



**शेखर गुप्ता**

**प्रतिस्पर्धी** खेलों में लीग व्यवस्था होती है। ये लीग उच्च, मध्य, निम्न, वरिष्ठ और कनिष्ठ समेत तमाम वर्गों में विभाजित होती हैं। किसी प्रतिभागी का कद देखकर ही यह निर्णय होता है कि वह किस लीग में खेलेगा या खेलेगी। जो खिलाड़ी निचले स्तर की लीग में युवतर खिलाडियों (या कहें बच्चों) के साथ खेलता है, वह अपना ही कद कमजोर करता है। देश की राजनीति पर भी इस बात को लागू किया जा सकता है। खासतौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार छात्रों के विरोध प्रदर्शन से जिस तरह निपट रही है उसे देखते हुए ऐसा किया जा सकता है।

इसे समझने का एक सामान्य तरीका वह है जो हम पहलवान से अभिनेता बने दारा सिंह से सीख सकते हैं। दारा सिंह खुद को कुश्ती की चुनौती देने वालों से कहते थे कि पहले वह उनके भाई रंधावा को पराजित करे तभी वह उनसे कुश्ती लड़ पाएगा। मैंने उनसे सवाल किया कि वह ऐसा क्यों करते हैं तो उन्होंने जवाब दिया कि 'कोई भी लल्लू पंजू यह डींग हांकना चाहेगा कि वह दारा सिंह के साथ लड़ चुका है। मैं उन्हें खुश करने के लिए अपना कद क्यों छोटा करूं?'

वापस राजनीति की बात करते हैं। भाजपा की ताकतवर सरकार बीते एक महीने से यही कर रही हैः वरिष्ठ, शक्तिशाली स्त्री और पुरुष, बच्चों से लड़ रहे हैं। उनकी नीतियों के विरोध में देश भर के शैक्षणिक परिसरों में आग भड़की हुई है। भाजपा जहां सत्ता में है वहां इसका मुकाबला वह पूरी शक्ति से कर रही है। इंटरनेट और संचार सीमित किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश में तो सामूहिक जुमार्ना तक लगाया गया है। यदि इतने बहुमत से जीतकर आई सरकार छात्रों की बात सुनने के बजाय उनसे लड? लगती है तो तीन घटनाएं लाजिमी तौर पर घटती हैंः

सबसे पहले तो इससे अत्याचारी बनाम शोषित की कहानी बनती है। दूसरा, इससे ऐसी तस्वीरें पैदा होती हैं जो वैश्विक स्तर पर भारत की छवि धूमिल करती हैं। इन्हें बाहर निकलने से किसी तरह रोका नहीं जा सकता है। तीसरी और सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इससे युवाओं के बीच 'बच्चे बनाम अंकल/आंटी' वाला माहौल बनता है। इसे विस्तार से समझते हैं। सन 2014 और 2019 के हर एक्जिट और ओपिनियन पोल में यही दशार्या गया कि देश के युवा, खासतौर पर पहली बार मतदान करने वाले नरेंद्र मोदी के समर्थक हैं। मैंने सन 2019 के आम चुनाव के दौरान देश भर के युवाओं से बात की और वे केवल एक नेता का नाम लेते थेः मोदी।

मैंने नई दिल्ली में सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की एक बहस में उन कारकों पर बात की थी जो मोदी की बड़ी जीत में योगदान कर रहे हैं। खासतौर पर इस बात का कि कैसे युवा पहचान आधारित बातों मसलन जाति, भाषा, जातीयता और कई मामलों में धर्म को भी परे रखकर मोदी को अपना रहे हैं। उनकी आंखों में आशावाद, खुशी, बेहतर जीवन की आकांक्षा नजर आई। वे अपने परिवारों की पुरानी राजनीतिक वफादारी को इसलिए नहीं छोड़ रहे थे क्योंकि वे उनसे नफरत करते थे या डरते थे। यदि 2014 का चुनाव बेहतर जीवन की आशा का चुनाव था तो 2019 का चुनाव उस वादे के नवीनीकरण का चुनाव था।

बहरहाल, छह महीने के भीतर उन्हें लगा कि उन्हें कुछ अलग ही मिला है। अर्थव्यवस्था में जबरदस्त गिरावट आई है। गिरावट का सिलसिला लंबे समय से जारी है और वृद्धि एवं अच्छे दिन की बात अब कपोल कल्पना लग रही है। युवाओं के बीच सन 1970 के दशक के मध्य जैसा निराशावाद और असहायता घर कर रही है। नए रोजगार नहीं हैं। भले ही हर रोजगार महत्त्वपूर्ण होता है लेकिन सच यही है कि कॉलेज में पढ? वाला हर युवा स्विगी या जोमैटो के लिए डिलिवरी करने या ओला अथवा उबर के लिए वाहन चलाने का इरादा नहीं रखता।

मोदी ने उनसे इसका वादा नहीं किया था। उनकी आकांक्षाएं और जरूरतें एकदम स्पष्ट हैं और वे पूरी नहीं हो रही हैं। जाहिर है इसकी भरपाई कश्मीर के एकीकरण और उस पर नियंत्रण से अथवा पाकिस्तान को सबक सिखाने से नहीं हो सकती है। न ही मुस्लिमों का भय दिखाने या प्रवासी मुस्लिमों से घृणा करने का दबाव बनाने से उनकी जरूरतें पूरी होंगी।

इनमें से कोई कदम ऐसा नहीं है जो उन्हें रोजगार दिला सके, बेहतर आजीविका सुनिश्चित कर सके या बेहतर जीवन दे सके। यकीनन तब तक नहीं जब तक कि वे आपके वैचारिक अनुयायी न हों। कॉलेज जाने वाले युवाओं के बीच मोदी को लेकर तेजी से मोहभंग हुआ है।

किसी के मन में यह गलत धारणा नहीं रहनी चाहिए कि ऐसा वाम और उदार रुझान वाले चुनिंदा सरकारी विश्वविद्यालयों में 'अर्बन नक्सल' की वजह से हो रहा है। अब यह गुस्सा महंगे निजी विश्वविद्यालयों में भी फैल चुका है। जबकि वहां किसी तरह की राजनीति या राजनीतिक संगठनों की जगह नहीं है। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता बहुत अधिक धन खर्च करके बच्चों को यहां पढ़ाते हैं। मैंने देश के कई हिस्सों में लोगों से बात की और पाया कि लोगों में वैसा ही गुस्सा है जैसा कि जेएनयू, जामिया अथवा बीएचयू में नजर आ रहा है। छात्रों में यह भावना प्रबल हो रही है, 'हमने इसलिए तो मतदान नहीं किया था।' मैं सुनिश्चित तौर पर यह भी कह सकता हूं कि इन युवाओं में बड़ी तादाद उनकी है जिन्होंने मोदी को वोट दिया था और उनमें भी ज्यादातर ने पहली बार मतदान किया था। द प्रिंट का कार्यक्रम है 'डेमोक्रेसी वॉल'। यह आयोजन किसी प्रमुख शैक्षणिक परिसर में किया जाता है। इसकी विशेषताओं में एक विशालकाय बैनर शामिल है जो देखने में दीवार जैसा नजर आता है। छात्र अपने मन की बात उस पर लिखकर हस्ताक्षर कर सकते हैं। बीते छह महीनों में इस पर लिखी जाने वाली इबारत में बदलाव आया है। पिछले तीन महीनों में तो यह बदलाव नाटकीय रहा है।

ये सभी महंगे निजी विश्वविद्यालयों से हैं। हाल के दिनों में इनमें क्रोध और निराशा भी नजर आने लगी है। इस बीच चतुराई का प्रयोग भी होता है। मिसाल के तौर पर 'मेरा देश जल रहा है' लिखने के बाद हैशटैग के साथ ऑस्ट्रेलिया को बचाने की गुहार की जाती है। सबसे आम नजर आने वाला वाक्य है 'बुरे दिन वापस कर दो।' तीन महीने पहले तक कुछ आलोचना होती थी। आज तो तारीफ का एक शब्द देखने को नहीं मिलता। ज्यादातर अवसरों पर राष्ट्रवाद, धर्म और किसी नेता के व्यक्तित्व के मिश्रण के बल पर एक चुनाव जीता जा सकता है। परंतु इसके बल पर लगातार दो चुनाव नहीं जीते जा सकते। मोदी के दूसरी बार सरकार बनाने के छह महीने के भीतर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संवाददाताओं को संबोधित करके छात्रों को दंगाई और देशद्रोही बताना पड़ रहा है। मैं माफी चाहता हूं लेकिन सवाल यह भी है कि देश में पुलिस पर यकीन ही कौन करता है। कैबिनेट मंत्री टेलीविजन चैनलों पर बैठकर छात्र-छात्राओं को बता रहे हैं कि कैसा व्यवहार करें और कैसे देशभक्त बनें। लेकिन आज का युवा चतुर है।

तिरंगा लहराते हुए विरोध करके वे इन नेताओं को चुप करा देते हैं, वे बड़ी तादाद में एकत्रित होकर संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हैं और राष्ट्रगान गाते हैं। महज छह महीने पहले बॉलीवुड का एक बड़ा तबका मोदी के साथ सेल्फी ले रहा था। आज उनमें से कई विरोध प्रदर्शन करने वालों के साथ हैं। जो शेष हैं, वे भी खामोश हैं।

## कुंभ योग के समय गंगा का पानी सकारात्मक ऊर्जा

**जेबी पाण्डेय**

कुंभ योग के समय गंगा का पानी सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है और इसमें सूर्य,चंद्रमा और बृहस्पति की सकारात्मक विद्युत चुम्बकीय विकिरणों का प्रभाव पड़ता है, जिससे जल क्रिस्टल कुंडलित संरचनाओं में व्यवस्थित होकर उस जल में स्नान करते मनुष्य की संपूर्ण चेतना को उर्ध्वमुखी कर देते हैं; जो उसकी आध्यात्मिक उन्नति हेतु सोपानों का निर्माण करते है और इस से उसके लिए अति दुर्लभ संभावनाओं के द्वार खुल जाते हैं। उस प्रकार कुंभ मेला आत्म जागृति एवं आत्म उन्नति का माध्यम बन जाता है। इसी कारण कुंभ मेले को अमरत्व का मेला भी कहा जाता है।



अनेक प्रयोगों द्वारा सिद्ध हो गया है कि गंगा जल में बैक्टीरियोफेज नमक जीवाश्म पाए जाते हैं जो बैक्टीरियों को खाते है जिससे गंगा जल में एंटीबैक्टीरियल गुण होते है। इसमें गंधक और फॉस्फोरस जैसे खनिज भी पाए जाते हैं, जिससे गंगाजल दीर्घकाल तक रखने पर भी खराब नहीं होता है। इसमें वातावरण से ऑक्सीजन सोखने की अद्भुत क्षमता होती है; जिससे गंगा जल स्वतः ही साफ होता रहता है । गंगाजल में बीमारी पैदा करने वाले ई कोलाई बैक्टीरिया को मारने की भी अद्भुत क्षमता होती है और गंगा जल हैजे के बैक्टीरियों को भी मार देता है। इन्हीं कारणों से गंगाजल की पवित्रता दीर्घ काल तक बनी रहती है । गंगा जल के उक्त दिव्य गुणों के आधार पर इसे पतित पावनी कहा जाता है और आदिकाल से प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठान में गंगाजल का प्रयोग किया जाता है।

उक्त उल्लेखित कुंडलित संरचनाओं में गंगाजल में उपस्थित बैक्टीरियोंफेज एवं निजी जीवाश्म ( जो गंगा जल के दिव्य औषधीय गुणों एवं एंटीबैक्टीरियल गुणों का आधार हैं ) बहुत सक्रिय हो जाते हैं जिसके फलस्वरूप इस पर्व ( कुंभ ) के समय इसमें स्नान करने वाले मनुष्यों के अनेक असाध्य रोग समाप्त हो जाते हैं। देखने में आया है कि कुंभ के पवित्र पर्व के अवसर पर गंगा में स्नान करने से पुराने चर्मरोग, कुष्ठ रोग, वात रोग समाप्त हुए हैं। यह भी देखने में आया है कि कुंभ के पावन पर्व पर प्रयागराज तथा हरिद्वार में गंगा स्नान करने पर अनेक साधकों की चेतना उर्द्धवमुखी हो जाने पर उनकी आत्मा उन्नत हुई है और उन्हें दिव्यता की अनुभूति हुई है । यह भी देखने में आया है कुंभ के पावन अवसर पर गंगा स्नान करने पर कई मनुष्यों के दुर्दिन समाप्त होकर अच्छे दिन आए हैं अर्थात उनपर कुग्रहों के प्रभाव कम हुए हैं । इस प्रकार से कुंभ के पावन पर्व पर निर्दिष्ट स्थानों ( प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक ) में क्रम से गंगा -यमुना -सरस्वती संगम में, गंगा में, शिप्रा में और गोदावरी में स्नान करने पर मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, हार्दिक एवं आत्मिक लाभ होते हैं और दिव्यता की अनुभूति होती है।हिंदू समाज नदियों के संगम को सदा शुभ मानता रहा है, विशेषतः प्रयागराज में गंगा यमुना और जल की पौराणिक नदी सरस्वती का संगम अलौकिक पुण्य प्रद मानाना गया है। तीर्थ का अर्थ है नदियों का पवित्र घाट, जहां से धर्म परायण मनुष्य सांसारिक सीमाएं लांघकर दिव्य स्वर्ग लोक में जा सकते हैं। प्रयाग राज तो वैसे भी तीर्थों का राजा माना जाता हैऔर वहां त्रिवेणी संगम (गंगा, यमुना और सरस्वती) में स्नान मानव जीवन के चारों पुरुषार्थों को देने वाला हैः-

**अकथ अलौकिक तीर्थ राऊ।**

**देखि सद्य फल प्रकट प्रभाऊ। सुनि समुझहिं जन मुदित मन, मज्जहिं अति अनुराग। लहहिं चारि फल अछत तनु,साधु समाज प्रयाग।**

## लक्ष्य की ओर बढ़ती मोदी सरकार



**अवधेश कुमार**

नरेन्द्र मोदी मंत्रिमंडल की पहली बैठक का फैसला सरकार की सोच और दिशा का संकेत देने वाला है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब सभी किसानों को सालाना 6,000 रुपये मिल रहें हैं। फिर किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए पेंशन योजना का भी ऐलान किया गया।पेंशन योजना के तहत 18 से 40 वर्ष के लोगों को 60 साल की उम्र के बाद प्रति महीने 3 हजार रुपये पेंशन मिलेगी। पेंशन योजना के तहत 12 से 13 करोड़ लोग कवर होंगे। पहले चरण में 5 करोड़ लोगों को कवर करने का लक्ष्य है। व्यापारियों के लिए पेंशन योजना से करीब 3 करोड़ खुदरा व्यापारी और दुकानदारों को फायदा मिलेगा। जाहिर है, इन योजनाओं से किसानों, छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर में सुधार होगा और उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।

तीसरे फैसले में नेशनल डिफेंस फंड के तहत प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना में बदलाव करते हुए शहीद सुरक्षा बलों के लड़कों को हर महीने 2000 रुपये की जगह 2500 रुपये एवं लड़कियों को अब 2250 रुपये की जगह 3000 रुपये छात्रवृत्ति मिलेगी। छात्रवृत्ति का दायरा बढ़ाते हुए इसमें राज्य पुलिस को भी शामिल किया गया है। आतंकी या माओवादी हमले में शहीद हुए राज्य पुलिस के बच्चों को भी अब छात्रवृत्ति मिलेगी। यह नरेन्द्र मोदी की आर्थिक सामाजिक विकास और राष्ट्रवाद, सुरक्षा तथा सैन्य पराक्रम को साथ लेकर आगे बढ़ने की नीति का स्पष्ट द्योतक है। इससे यह साफ हो जाता है कि आने वाले पांच वर्षों में सरकार की दिशा क्या होगी। इसका आभास भाजपा ने चुनाव के लिए जारी अपने संकल्प पत्र में विस्तार से करा दिया था। उस संकल्प पत्र की शुरूआत राष्ट्रवाद और सुरक्षा से होती है तथा सामाजिक-आर्थिक विकास से होते हुए संस्कृति तक विस्तारित हो जाती है। इसके कवर पृष्ठ पर संकल्पित भारत सशक्त भारत शब्द प्रयोग है तो पीछे के पृष्ठ पर विचारधारा के तीन प्रमुख बिन्दू थे- राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा, अन्त्योदय हमारा दर्शन, सुशासन हमारा मंत्र। प्रधानमंत्री ने अपनी संकल्पना में स्पष्ट कहा था कि हम स्वतंत्रता के 100 वर्ष यानी 2047 के भारत की कल्पना लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उस समय तक भारत को विश्व का महानतम और समृद्धतम देश बनाने की ठोस आधारभूमि में हम 2019 से 2024 के अपने कार्यकाल में तैयार कर देंगे।

भाजपा के संकल्प में और प्रधानमंत्री की उसकी संकल्पना में स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष यानी 2022 तक के लिए 75 लक्ष्य घोषित किए गए हैं।

सबसे बड़ें और एतिहासिक निर्णय में राम मंदिर का निमार्ण और राम के बालक रूप की प्राण प्रतिष्ठा कर भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय की कहानी लिखना। यह कार्य हजार साल तक याद रखा जायेगा कि एक प्रधानमंत्री ने राम की मंदिर का शिलान्यास भी किया और राम की प्राण प्रतिष्ठा भी।

## राजपथ के पहले भी होता है कई परेड

**राजपथ** एक बार फिर से सज चुका है, 75 वें गणतंत्र दिवस का गवाह बनने के लिए। मगर ऐसा नहीं है कि 26 जनवरी की परेड का गवाह हर बार राजपथ ही बना है। इस ऐतिहासिक लम्हे को जीने के लिए राजपथ को भी पांच साल का इंतजार करना पड़ा।

26 जनवरी 1950 को देश में पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया गया। मगर इसका आयोजन राजपथ पर नहीं हुआ था। इस जश्न की तैयारियां 7 जनवरी से ही शुरू हो चुकी थीं। पहला गणतंत्र दिवस इर्विन स्टेडियम (आज का नेशनल स्टेडियम) में मनाया गया। देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने यहां आकर तिरंगा झंडा फहराया और करीब 3 हजार जवानों की सलामी ली।

इसके बाद भी 26 जनवरी की परेड का समारोह स्थल बदलता रहा। 1954 तक कभी किंग्सवे कैंप, कभी रामलीला मैदान तो कभी लाल किले पर इसका आयोजन होता रहा। साल 1955 में पहली बार गणतंत्र दिवस समारोह राजपथ पर पहुंचा। तब से आज तक नियमित रूप से यह जारी है।



### 8 किमी परेड के लिए 600 घंटे का अभ्यास

: गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी भारतीय सेना अगस्त से ही शुरू कर देती है। इस दौरान एक-एक जवान करीब 600 घंटे का अभ्यास करता है। इसकी तैयारी रेजीमेंट में ही शुरू हो जाती है। फिर दिसंबर में जवान दिल्ली में आकर तैयारियां शुरू कर देते हैं।

### रायसीना हिल्स से परेड की शुरूआत

राजपथ पहुंचने के बाद से ही परेड का रूट लगभग एक सा रहा है। 26 जनवरी की परेड की शुरूआत रायसीना हिल्स से होती है। इसके बाद राजपथ, इंडिया गेट से गुजरती हुई परेड लाल किले तक जाती है। यह सफर करीब 8 किलोमीटर तक का होता है। राष्ट्रपति को सलामी के साथ परेड की शुरूआत होती है। परेड शुरू होने से पहले राष्ट्रपति 14 घोड़ों की बग्घी में बैठकर इंडिया गेट पर आते हैं, जहां प्रधानमंत्री उनका स्वागत करते हैं।

### बदलेगी परंपरा

1973 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इंडिया गेट पर स्थित अमर जवान ज्योति पर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने की परंपरा शुरू की थी। जो पिछले साल तक चली आ रही थी।

अमर जवान ज्योति 1971 में पाकिस्तान से युद्ध में शहीद जवानों के लिए तैयार की गई थी। मगर इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल तैयार नेशनल वॉर मेमोरियल जाकर जवानों को श्रद्धांजलि देंगे। यहां अब तक हुए युद्ध में शहीद जवानों के नाम अंकित हैं।

## महाकुंभ का पौराणिक एवं वैज्ञानिक आधार

**डॉ जंग बहादुर पाण्डेय**

**कुंभ** का विशिष्ट ऐतिहासिक, सांस्कृतिक , सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। इसके आयोजन के दो मुख्य पक्ष हैंः -

पहला पक्ष पुराणों से उद्धत है और दूसरा पक्ष विज्ञान सम्मत ज्योतिष से संबंधित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार देव और दानवों ने समवेत रूप से रत्नों की प्राप्ति के लिए समुद्र मंथन किया था। समुद्र मंथन के लिए भगवान विष्णु का कच्छप अवतार हुआ था।मंदराचल पर्वत को मथानी और शेषनाग वासुकी को रस्सी बनाकर समुद्र का मंथन किया गया। समुद्र मंथन से 14 रत्न निकले-

श्री, मणि, रम्भा, वारुणि, अमिय, शंख, गजराज। कल्पतरु, शशि, धेनु, धनु, धनवंतरी, विषय, बाज।

समुद्र मंथन से प्रथम रत्न विष निकला।देव और दानवों की समवेत प्रार्थना पर शिव ने उसे अपने गले में धारण कर जलते हुए संसार के प्राणियों की रक्षा की। महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने अपने सुप्रसिद्ध महाकाव्य रामचरितमानस में इसका संकेतन किया हैः-

*जरत सकल सुर वृंद,विषम गरल जेहि पान किय।*

*कस न भजसि मन मंद,को कृपालु शंकर सरिस।*

अकबर दरबार के 9 रत्नों में सुप्रसिद्ध अब्दुल रहीम खानखाना ने भी शिव की इस महान महानता एवं अतिशय उदारता का वर्णन अपने एक दोहे में किया हैः-

*मान सहित विष खाइ कै,शंभु भये जगदीश।*

*बिना मान अमरित भख्यो, राहु कटायो सीस।*

सबसे अंत में अमृत कुंभ लिये हुए वैद्यराज धन्वंतरि प्रकट हुए।अमृत निकलते ही उसे पानी करने के लिए देव दानवों में होड़ लग गई। देवों ने अमृत कलश ( कुंभ) की सुरक्षा का दायित्व वृहस्पति, सूर्य, चंद्रमा एवं शनि को सौंपा। जब इस कलश पर अधिकार हेतु असुरों ( दैत्यों ) ने आक्रामक क्रूर रूप धारण कर लिया तो, ये चारों देव अमृत कलश लेकर भाग गए थे। तब असुरों ने कलश हस्तगत करने हेतु उनका पीछा किया जो 12 दिन तक चलता रहा। इस अवधि में इन देवों ने अमृत कलश चार स्थानों : -प्रयागराज; हरिद्वार; उज्जैन;तथा नासिक में रखा। एक अन्य मान्यता के अनुसार इन स्थानों पर कलश से अमृत की बूंदे गिरीं । ये बूंदे हरिद्वार में छठे दिन ; प्रयागराज में नौवें दिनः नासिक और उज्जैन में बारहवें दिन गिरी। मान्यता है कि देवताओं के ग्रह का एक दिन मनुष्य के एक वर्ष के बराबर होता है। अतः महाकुंभ का मेला प्रत्येक बारह वर्षों में एक बार उक्त सभी चारों स्थानों पर एक साथ लगता है और अर्ध कुंभ छः वर्षों में एक बार लगता है। हर तीन साल बाद उक्त में से किसी न किसी स्थान पर कुंभ मेला लगता है। मान्यता है कि बारह साल में मौसमी और पार्थिव स्थिति इस तरह बन जाती है कि निम्नलिखित चार नदियों का पानी अमृत बन जाता हैः-

प्रयागराज में गंगा ( यमुना और सरस्वती के साथ );हरिद्वार में गंगाः नासिक में गोदावरी;उज्जैन में शिप्रा।

इन स्थानों पर आयोजित कुंभ मेलों में चारों ओर दिव्यता विद्यमान रहती है ।अतः कुंभ मेले को अमरत्व का मेला भी कहा जाता है। प्रत्येक कुंभ मेले में करोड़ों हिन्दू भाग लेते हैं और पूरे भारत से बहुत अदभुत संत भी आते हैं। इनमें से विशिष्ट होते हैंः-नागा साधु जो निर्वस्त्र रहते हैं और राख से लिपटे रहते हैं;शरीर को कठोर तप से तपने वाले उर्ध्वहर;तथा मौनव्रती परिवर्जक ।

**वैज्ञानिक पक्ष :**

विज्ञान सम्मत ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य, चंद्रमा, वृहस्पति और शनि की विशेष युक्तियों में कुछ विशेष प्रकार की खगोलीय ऊजाएं पृथ्वी पर उक्त चुनिंदा चार स्थानों ( प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन ओर नासिक) पर स्थित जल भंडारों को प्रभावित करती हैं और यह उर्जित जल मनुष्य के स्वास्थ्य तथा कार्मिक ऊजाओं को पुष्ट करता है।

प्रयागराज में कुंभ तब लगता है जब माघ अमावस्या के दिन सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में होते हैं और बृहस्पति (गुरु ) मेष राशि में होता है;हरिद्वार में कुंभ तब होता है जब गुरु कुंभ राशि में होता है और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है। नासिक में कुंभ के समय सूर्य और गुरु दोनो ही सिंह राशि में होते हैं;उज्जैन में कुंभ तब होता है जब गुरु कुंभ राशि में प्रवेश करता है।इस प्रकार सूर्य, चंद्रमा, गुरु एवं शनि का कुंभ के आयोजन में विशेष महत्व है।पृथ्वी और चंद्रमा अपने अपने कालचक्रों में घूमते रहते हैं ,जिसका प्रभाव हर मनुष्य ( बल्कि हर जीव ) पर पड़ता है। इन कालचक्रों में सबसे लंबा है- 12 .12= 144 वर्ष का। इसके अनुसार प्रत्येक बारह वर्षों में एक बार ऐसा होता है ; जब सौर मंडल में कुछ विशेष घटनाएं होती हैं जो अध्यात्म, विज्ञान एवं ज्योतिष की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। इन्हीं अवसरों पर महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। कुंभ के योग के समय गंगा का पानी सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है; अतः उस समय इसमें स्नान करने से सभी प्रकार की नकारात्मकता ( विकृति, पाप एवं दोष ) दूर हो जाती है। उस समय गंगा और उक्त उल्लेखित अन्य तीन नदियों का जल सूर्य, चंद्रमा तथा वृहस्पति की सकारात्मक विद्युत चुम्बकीय विकिरणों से भरा होता है। प्राचीन ऋषियों ( जो अध्यात्म के साथ ही उच्च कोटि के वैज्ञानिक भी होते थे ) ने पृथ्वी पर इन चार स्थानों ( प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक ) को चिन्हित किया था ;जहां पर इन धनात्मक ऊर्जा से युक्त विकिरणों का बहुत प्रबल प्रभाव मनुष्यों एवं अन्य सभी जीवों पर पड़ता है जिससे उक्त अवसर पर वहां रहने वालों के लिए दुर्लभ संभावनाओं के द्वार खुल जाते हैं।

कथित देव ग्रह का एक दिन पृथ्वी के एक वर्ष का हो सकना विज्ञान के सापेक्षता सिद्धांत के अनुरूप है, जिसके अनुसार तीव्र गतिवान पर्वेक्षक के लिए काल की गति धीमी हो जाती है ( टाइम रिटर्डसन)।वर्तमान विज्ञान में गहन शोध के बाद निष्कर्ष निकाला गया है कि जल में अत्यंत विशेष प्रकार की संरचनाएं निर्मित होती रहती है -जिनका आधार वहां का वातावरण, कॉस्मिक ऊजाएं ओर वहां स्थित कंपन ( वाइब्रेशंस) होते हैं।जल में ये विशेष क्रिस्टल जीवों की ऊजाओं को प्रभावित करते है। मनुष्य शरीर 70% से अधिक जल से निर्मित है ।अतः जल के ये क्रिस्टल्स मानव शरीर को बहुत प्रभावित कर सकते हैं। भारतीय ऋषियों के अनुसंधान हजारों वर्ष पहले जल क्रिस्टल के इस रहस्य को जान चुके थे और विशेष कॉस्मिक परिस्थिति में इन जल क्रिस्टल का लाभ आनेवाली संतति को दिया जाए; इसका तरीका भी उन्होंने निकाल लिया था। वस्तुतः कुंभ इसी प्रकार के अनुसंधानों का परिणाम है। जल क्रिस्टल ( अधिक व्यापक रूप में लिक्विड क्रिस्टल) पदार्थ की एक अवस्था है, जिसके गुण पारंपरिक तरल पदार्थ ओर ठोस पदार्थ के बीच के होते हैं। लिक्विड क्रिस्टल तरल की तरह बह सकता है लेकिन इसके अणु एक ठोस की तरह एक ही दिशा में उन्मुख हो सकते हैं। लिक्विड क्रिस्टल्स को तीन मुख्य प्रकारों में विभाजित किया जाता हैंः- थर्मोट्रोपिक, लियोट्रोपिक और मेटालोट्रॉपिक।जल में लियोट्रोपिक क्रिस्टल्स की संभावना होती है। ये क्रिस्टल्स तापमान और विलायक ( जल) में अणुओं की सांद्रता के आधार पर चरण संक्रमण प्रदर्शित करते हैं। इन्हीं के कारण जल में स्मृति होती है। जल में स्मृति के प्रमाण अनेक क्रियाओं में मिलते हैं जिनमें से होम्योपैथी औषधि को जल द्वारा एविगाद्रों सीमा तक तनुकृत (डाइल्यूट ) करने पर भी औषधीय गुणों का पाया जाना है, जिसका कारण जल के अणुओं में संचित औषधि की स्मृति है। लिक्विड क्रिस्टल्स के प्रकाशीय गुण पदार्थ की परत के माध्यम से प्रकाश की दिशा पर निर्भर करते हैं। विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र लिक्विड क्रिस्टल्स की एक परत में अणुओं में उन्मुखीकरण को बदल सकता है और इस प्रकार इसके प्रकाशीय गुणों को प्रभावित कर सकता है। प्रकाशकीय रूप से सक्रिय लिक्विड क्रिस्टल के अणु विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र में स्वचालित रूप से कुंडलित संरचनाओं में व्यवस्थित हो जाते हैं, जो एक विशिष्ट तरंगदैर्ध्य के प्रकाश को परावर्तित कर सकते हैं। गंगा जल में उपस्थित अनेक जैविक पदार्थ जल क्रिस्टल्स का निर्माण करते हैं।

**- (लेखक रांची विवि, हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष हैं)**

स्पीड न्यूज

### नरकोपी में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**बेड़ो।** नरकोपी थाना परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन उपप्रमुख मोदस्सिर हक,प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित्रा कुमारी व मुखिया सरिता एक्का ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया। मेले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 20 अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। मेले में टीबी के एक, मधुमेह के 20, आंख के 45, फाइलेरिया के एक, मानसिक रोग के दो, दांत के 12,परिवार नियोजन के 34,सिकल सेल के 134, युवा मातृ 10, एनसीडी के 163, स्किन के 5 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दीं गईं। ओपीडी के लिए 178 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराकर दवाइयां लिया। मौके पर उपप्रमुख ने कहा कि मरीज को डाक्टर से अपनी बीमारी को छिपाना नहीं चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से सही समय में अपना इलाज कराने की बात कही। जिससे उन्हें भविष्य में दिक्कत नहीं होगी। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह के मेले के आयोजन से एक ही प्रांगण में सभी प्रकार की सुविधा आसानी से लोगों को मिल जाती है।

### दो दिवसीय उरांव सांस्कृतिक कार्यशाला का समापन

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के देवगांव पंचायत सभागार में दो दिवसीय उरांव सांस्कृतिक कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया । इस दौरान विभिन्न गांव के नृत्य दल ने नृत्य कर अदभुत समा बांधा ।वही पर सरसा गांव निवासी झिरगा भगत जी ने अपने शहनाई के धुन में व मंगरी भगताईन ने अपने लोक गीतों से सबको झुमाया। वही पर आगामी 23 जनवरी को नवाटोली महावीर मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय सांस्कृतिक जतरा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। मौके पर मुखिया दुर्गा उरांव, सुनील उरांव मौजूद रहें। वही सभा का संचालन समाजसेवी फगुआ भगत ने किया। मौके पर देवगांव के ग्राम प्रधान करमा उरांव , झिरगा भगत , मंगरा उरांव , झिरगा टाना भगत , बुद्धदेव उरांव , गन्दूर उरांव , पवन उरांव , कमल के साथ दर्जनों पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

### डालसा का जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के करामबु गांव में डालसा का 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कविता कुमारी खाती ने आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत व 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। आगे उन्होंने युवाओं से कहा कि नशा न करें, नशा से तन और धन दोनों की हानि होती है। बाल विवाह पर बोले कि अभिभावक अपने बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। डायन-बिसाही पर बोलते हुए कही कि लोगों को डायन कहना और उन्हें प्रताड़ित करना कानूनन अपराध हैं। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी सोनामनी देवी, रूकमनी देवी, सुनीता कुमारी, मुस्कान कुमारी, संध्या कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स प्रबंधन एवं यूनियन के परस्पर सहयोग से प्लांट के अंदर की समस्याएं दूर करने तथा सौहार्दपूर्ण औद्योगिक वातावरण कायम करने के लिए जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, कोषाध्यक्ष एम के सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, संयुक्त महामंत्री हरदीप सिंह सैनी, संयुक्त महामंत्री अजय भगत, उपाध्यक्ष शिवनारायण सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा शामिल हैं। इसके साथ एपेक्स लेबल कमेटी का भी गठन किया गया है। जो निम्न है :

- प्लांट सेफ्टी कमेटी में मनोज कुमार सिंह, अशोक कुमार, उपाध्याय सिंटू कुमार, रवि जायसवाल, नवीन कुमार, चंद्रकांत सिंह, अरविंद सिंह, प्रदीप दास, दीपक दास।
- मेडिकल एडवाइजरी कमेटी में हरदीप सिंह सैनी, शिव नारायण सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, पवन सिंह, राकेश रोशन दुबे, नवीन कुमार, संतोष जायसवाल।
- प्लांट हेल्थ एंड वैलनेस कमेटी में हरदीप सिंह सैनी, प्रकाश विश्वकर्मा, अशोक उपाध्याय, मनोज सिंह, नवीन कुमार।
- मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमेटी में अनिल शर्मा, अजय भगत, हरदीप सिंह सैनी, अमित कुमार, प्रदीप दास, मनोज शर्मा।
- जनरल वेलफेयर कमेटी में अनिल कुमार शर्मा, विनोद शर्मा, शिवनारायण सिंह, पवन सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा।
- कैंटीन मैनेजिंग कमेटी में मनोज सिंह, अजय भगत, शिवनारायण सिंह, प्रवीण कुमार, प्रदीप दास, नवीन कुमार।
- इंप्लाई बस ट्रांसपोर्ट कमेटी में मनोज कुमार, अमित कुमार, राकेश रोशन दुबे, पवन सिंह, कामेश्वर शर्मा, भारती रानी।
- लीव बैंक कमेटी में विनोद कुमार शर्मा, एचएस सैनी, प्रकाश विश्वकर्मा। यूनियन प्रतिनिधि के रूप रहेंगे। इसके अलावे 16 जेडीसी जॉइंट डिविजनल काउंसिल कमेटी बनी है जिसमें विभिन्न डिवीजन के कमेटी मेंबर एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। डिवीजन लेवल की सारी समस्या जेडीसी स्तर पर निपटारा करने की योजना बनी है। इसके साथ ही टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में प्रवक्ता के रूप में नवीन सुलंकी, अंजय कुमार एवं दीपक कुमार को मनोनित किया गया है।

## टाटा वर्कर्स यूनियन पहुंची टाटा इलेक्ट्रोनिक्स की टीम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के प्रतिनिधि गौरी, रेनुका एवं भुवन की टीम टाटा वर्कर्स यूनियन कार्यालय पहुंची। टीम के साथ टाटा स्टील के चीफ आईआर एवं रिवार्ड राहुल दुबे भी थे। टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के प्रतिनिधियों ने यूनियन परिसर में स्थित स्व वीजी गोपाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद कांफ्रेंस रूम में टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक हुई। जिसका संचालन टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने किया। उन्होंने यूनियन के पदाधिकारियों का विस्तृत परिचय टीम से कराया। यूनियन के सह अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने टाटा वर्कर्स यूनियन के कार्यकलापों के बारे में एवं टाटा स्टील में साफ्ट फ्लोर पर कर्मचारी किस तरह से कार्य कर कंपनी को निरंतर प्रगति की ओर ले जाते रहे हैं। इसकी विस्तृत जानकारी टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बेहद सुंदर तरीके से टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के प्रतिनिधियों को टाटा स्टील कंपनी की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। टाटा इलेक्ट्रोनिक्स के अधिकारियों ने टाटा वर्कर्स यूनियन के गौरवशाली इतिहास एवं कार्यकलापों के बारे में जानकर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। हमसब मिलकर यहां कि गुणवता को अपने यहां भी अपनाने की प्रयास करेंगे। सभा में टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष संजय सिंह, संजीव तिवारी, राजीव चौधरी, सहायक सचिव नितेष राज, अजय चौधरी, श्याम बाबु, कोषाध्यक्ष अमोद दुबे व अन्य उपस्थित थे। यूनियन के ऑफिस इंचार्ज धर्मबीर सिंह ने टीम को यूनियन कार्यालय एवं वीजी गोपाल हेरिटेज का भ्रमण कराया।

बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बागबेड़ा बड़ौदा घाट में निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे आंदोलनकारी सुबोध झा, बोले

# फरवरी तक पानी देने का वादा था पर जनता को मिल रहा केवल झूठ

खबर मन्त्र ब्यूरो



बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना की हकीकत जानने पहुंचे लोग।

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के नेतृत्व में समिति के प्रमुख सदस्य गण ने बागबेडा बडौदा घाट में पाइपलाइन पार करने के लिए बनाए गए पाया निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे, समिति के अध्यक्ष एवं इस आंदोलन के आंदोलनकारी सुबोध झा ने कहा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने कहा था, पाया का निर्माण पूरा हो गया है।

पाइपलाइन पाया के ऊपर से आदित्यपुर के तरफ से बड़ौदा घाट के तरफ पार कर गिद्धी झोपड़ी के फिल्टर प्लांट तक 25 जनवरी तक ले जाने का कार्य किया जाएगा। लेकिन 22 जनवरी समाप्त होने जा रहा है, पाया के ऊपर एक भी पाइप को नहीं चढ़ाया गया है, मात्र हर कार्य में झूठा आश्वासन प्राप्त हो रहा है। फरवरी तक पानी देने का वादा किया गया है, न्यायालय में भी झूठ बोला जा रहा है, जनता को भी झूठ बोला जा रहा है।

इस तरह से गुमराह कर जनता के साथ धोखाधड़ी की जा रही है, बागबेडा महानगर विकास समिति की ओर से प्रत्येक बस्तियों में बैठक कर जन जागरण का कार्य चल रहा है। जमशेदपुर से दिल्ली पदयात्रा कर जनता जनार्दन और आंदोलनकारी प्रधानमंत्री से गुहार लगा रहे हैं, कि हम लोगों को गर्मी से पहले पानी प्राप्त हो जाए, लेकिन नतीजा नहीं निकल रहा। बड़ौदा घाट निरीक्षण में सुबोध झा के साथ समिति के संयोजक विनोद राम, विजय शंकर पांडे उमेश राय अशोक पात्रो उमेश कुशवाहा मिश्रीलाल पासवान राजेंद्र सिंह अकलू रजक सोना देवी मालती पूर्ति सुलोचना सिंह अशोक कुमार निरंजन सिंह एवं अन्य समिति के सदस्य गण शामिल थे।

## बोरे में बंद मिला महिला के हाथ, पैर व सर कटा शव

### लापुंग क्षेत्र में फैली सनसनी

लापुंग। लापूंग थाना क्षेत्र के लतरातु डैम के किनारे एक बोरे में बंद महिला का शव मिलने की खबर के बाद आसपास के क्षेत्र में यह खबर आग की तरह फैल गई। इधर ग्रामीणों ने बंद बोरा में मिले महिला की शव की जानकारी लापुंग थाना पुलिस को दिए इसके बाद लापुंग थाना के पुलिस पहुंचकर लतरातुड डैम के किनारे बंद बोर में मिले महिला केशव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।

महिला के शव पत्थर से बंधे बंद बोरा में था। वही शव मिलने की जानकारी के बाद आसपास के पहुंचे लोगों ने बताया कि महिला के शव को पहले कुछ चरवाहो ने देखा इसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली। इधर पुलिस प्रशासन के आने के बाद महिला के शव को जब बंद बोरा से बाहर निकल गया तो आसपास के मौजूद लोग महिला के शव को देखते ही रह गए।

बोर में बंद मिले महिला के शव के हाथ, पैर व सर नहीं थे। जिससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इधर समाचार लिखे जाने तक और महिला के हाथ, पैर और सर नहीं होने के कारण महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

## न्यूवोको विस्टास ने 2025 के तीसरी तिमाही में दर्ज की 16% बिक्री वृद्धि

खबर मन्त्र ब्यूरो

NUVOCO Shaping a new world

**जमशेदपुर।** भारत की अग्रणी बिल्डिंग मटीरियल्स कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए। कंपनी ने अपनी कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री में 16 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज कर 4.7 मिलियन टन (एमएमटी) का आंकड़ा छू लिया। इस अवधि में संचालन से कंपनी की कुल आय 2,409 करोड़ रुपए रही, जबकि कंसोलिडेटेड एबिटडा 258 करोड़ रुपए रहा। वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के सफल अधिग्रहण से कंपनी अपनी क्षमता 31 एमएमटीपीए तक बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है। वीसीएल के अंतर्गत कच्छ में 3.5 एमएमटीपीए क्लिंकर यूनिट और सूरत में 6 एमएमटीपीए ग्राइंडिंग यूनिट शामिल हैं, जो कंपनी के विकास को नई दिशा देगा। कंपनी ने ऑपरेशनल दक्षता पर जोर देते हुए बिजली और ईंधन लागत को न्यूनतम बनाए रखा, जो 1.45 प्रति मैक कलोरी रही। आरएमएक्स और एमबीएम व्यवसायों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, न्युवोको ने उद्योग में सबसे कम कार्बन उत्सर्जन का मानक स्थापित किया, जो प्रति टन सीमेंट उत्पादन पर 457 किलोग्राम सीओ2 है। इस संबंध में मैनेजिंग डायरेक्टर, जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि हमने मांग का लाभ उठाते हुए मजबूत बिक्री वृद्धि दर्ज की है। पश्चिमी भारत में विस्तार और रणनीतिक प्राथमिकताओं से कंपनी की स्थिति और मजबूत होगी।

## केरला पब्लिक स्कूल कदमा ने मनाया वार्षिक स्नातक समारोह 2024-25

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** कदमा 2024-25 के निवर्तमान बैच के लिए वार्षिक स्नातक समारोह मंगलवार को केरला पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल मिश्रा के पास ऑपरेशन विजय, पराक्रम, रक्षक और हिफाजत का असाधारण अनुभव है। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान के आशीर्वाद की प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद सम्मानित मुख्य अतिथि के सम्मान में एक मधुर स्वागत गीत गाया गया। समारोह का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव मिश्रा ने केरल पब्लिक स्कूल के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में औपचारिक दीप प्रज्वलित करके किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिला मुखर्जी ने छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों में जिम्मेदारी, लचीलापन और उत्कृष्टता को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए एक प्रेरक संबोधन के साथ शाम की शुरुआत की।

## जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चे किये गये पुरस्कृत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**गम्हरिया।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की गयी। सरायकेला के संत फ्रांसिस स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा ने किया। मिश्रा ने कहा कि खेल टीम भावना को विकसित करता है। साथ ही समाज मे भेदभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ जीवन के लिए खेल जरूरी है। कहा कि दिव्यांग बच्चों में विशेष क्षमता निखारने की जरूरत है। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें खरसावां एवं कुचाई प्रखंड से आये बच्चियों ने नृत्य कर सभी को मोहित किया। कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसडर बौद्धिक क्षमता से ग्रसित दिव्यांग भोला मंडल, जो स्पेशल ओलंपिक के राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की बिष्टुपुर में नयी शाखा का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जेआरजी बैंक की नई शाखा का उद्घाटन बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार के कर कमलों द्वारा बिष्टुपुर, आउटर सर्किल रोड, जी एस टी भवन के समीप किया गया। बिष्टुपुर में नई शाखा खोलने का उद्देश्य क्षेत्र के शहरी ग्राहकों को सुलभ और बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक जहां एक ओर केसीसी, स्वयं सहायता समूह, कृषि आदि संबद्ध गतिविधियां, उद्यमी दीदी के माध्यम से झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र तक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है वहीं शहरी क्षेत्र में विभिन्न ऋण योजनाओं के साथ अपनी प्रबल उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

गणमान्य अतिथियों को संबोधित करते हुए श्री बरियार ने कहा कि बिष्टुपुर शाखा झारखंड में जे आर जी बैंक की 446वीं तथा सिंहभूम क्षेत्र की 82वीं शाखा है। बैंक का प्रधान कार्यालय रांची में स्थित है और यह झारखंड प्रदेश में तीसरा सबसे बड़ा बैंक है एवं राज्य के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है क इस वित्तीय वर्ष में बैंक की 5 शाखाएं खुलनी थी जिसमें बिष्टुपुर पहली शाखा है। बाकी 4 शाखाएं भी शीघ्र ही खोली जायेंगी। हमारे पास 75 लाख ग्राहक है, डिपॉजिट 10800 करोड़ एवं 6500 करोड़ का ऋण पोर्टफोलियो है। ग्रामीण बैंक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है, किसानों व कामगारों को न्यूनतम दर पर ऋण उपलब्ध कराना तथा प्राथमिक क्षेत्र में 75% ऋण प्रदान करना है। प्राथमिक क्षेत्र में सरकार का ऋण वितरण पर विशेष ध्यान रहता है जैसे मुद्रा योजना, छात्रों के लिए शिक्षा ऋण, होम लोन इत्यादि।

सरकार की विभिन्न योजनाएं हैं जिनमें कोई सिक्योरिटी नहीं लगता है जिसे सीजीएफएमयू कहते हैं जिसकी ऋण सीमा को बढ़ाकर 10 से 20 लाख कर दिया गया है। महिलाओं के उत्थान के लिए स्टैंड अप इंडिया योजना है जिसके अंतर्गत आज ऋण भी वितरित किया गया है, पी एम एफ एम ई के अंतर्गत भी ऋण वितरित किया गया है। आज की तारीख में हमारे बैंक के पास हर बैंकिंग उत्पाद उपलब्ध है जो कि बहुत ही प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर ग्राहकों को उपलब्ध कराते हैं व महिलाओं के लिए विशेष छूट भी देते हैं। इसके अलावा सरकार के 3 महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में हमारा प्रदर्शन उत्कृष्ट है। अटल पेंशन योजना में तो हम अखिल भारतीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हैं। आज की तारीख में 90 हजार महिला समूह हमसे जुड़ा हुआ है और हमारा बैंक उनके आर्थिक उत्थान के लिए कृत संकल्पित है।

## एक नजर में

### प्रखंड स्तर स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**सिल्ली।** प्रखंड स्तर स्वास्थ्य मेला का आयोजन सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में किया गया जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक अमित कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक अमित महतो ने स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि अस्पताल में जो भी सुविधा है उसे बहाल किया जाएगा इस क्षेत्र में पहला अस्पताल है जो ग्रामीणों को प्रतिदिन सेवा देता है हम चाहेंगे कि अस्पताल में सुविधा दुरुस्त हो जो भी कमी है हमें लिखित आवेदन देकर सूचना दें उस कमी को दूर करना हमारा करता बनता है। वही मेले में स्टॉल दंत चिकित्सक, पेयजल, कुष्ठ रोग, नशा मुक्ति, एनिमिया, मलेरिया फलेरिया हाथी पांव, परिवार नियोजन आदि का स्टॉल लगा हुआ था। वही दुर दराज से आए हुए ग्रामीणों ने स्टॉल के माध्यम से अपने-अपने इलाज करवा एवं दवा भी साथ लेकर अपने घर गए। इस मौके पर सिल्ली अस्पताल प्रभारी डॉक्टर प्रियंका कुमारी, डॉक्टर प्रेम प्रकाश, डॉ विवेक कुमार, मारुति नंदन, चौबे जी, दीपक कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**सिल्ली।** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन सिल्ली प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी अनुज उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का उपस्थित थे। वही जन शिकायत में सात आवेदन सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी में तीन आवेदन आए जिसमें सातवें आवेदन का निष्पादन किया गया। दूसरी और मुरी सिल्ली आसपास के ग्रामीणों के द्वारा अपनी अपनी शिकायत को लेकर प्रखंड में पहुंचे जहां शिकायतों का समाधान तुरंत किया गया। इस मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह, वी हेमरम आदि प्रशासन एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### जलछाजन यात्रा की सफलता को लेकर बेड़ो प्रखंड में हुई बैठक

**बेड़ो।** जलछाजन यात्रा की सफलता को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसकी शुरूआत झारखंड में बेड़ो प्रखंड से किया जा रहा है। हमारा सामुहिक प्रयास हो की यह कार्यक्रम सत प्रतिशत सफल रहे। इसकी सफलता हम सब की जिम्मेदारी है। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, मुखिया रमेश उरांव, लक्ष्मी कोया,सुशांति भगत, बुधराम बाड़ा,जेएसएल पीएस के मुकेश कुमार, कुलदीप उरांव,फारूक नदीम,सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कुमार रितेश,कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन,दुर्गा टाना भगत, अभय आशीष कोया, सुरेश लिंडा,पंचायत सेवक ,रोजगार सेवक,जन सेवक व प्रखंड के दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

### नामकुम ,टाटीसिलवे और खरसीदाग ओपी में जन षिकायत समाधान शिविर आयोजित

**नामकुम।** बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देष पर नामकुम थाना परिसर में जन षिकायत समाधान षिविर का आयोजन किया गया। षिविर में नामकुम प्रखण्ड के तहत आने वाले नामकुम, टाटीसिलवे और खरसीदाग ओपी क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें से पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में कुछ समस्याओं को मौके पर निस्पादन किया गया। बाकि समयाओं को जल्द निपटा देने की बात कही गयी। संबंधित पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि समस्याओं को जल्द निस्पादित कर दिया जाएगा अन्यथा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इस दौरान नामकुम थाना में दस मामले आए जिसमें से आठ मामलों का निस्पादन कर दिया गया दो अन्य मामलों का जल्द निपटारा कर दिया जाएगा। वहीं टाटीसिलवे थाना क्षेत्र से कुल चार मामले षिविर में आए जिनमें से दो मामलो का निस्पादन मौके पर कर दिया गया जबकि एक मामले को अंचल कार्यालय भेज दिया गया बाकि एक मामले की छानबीन जारी है। वही खरसीदाग ओपी क्षेत्र से दस मामले षिविर में आए,जिनमें दो मामलों का निपटारा मौके पर कर दिया गया बचे आठ मामलों पर छानबीन की जा रही है।

### स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**अनगड़ा ।** प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अनगड़ा में बुधवार को प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य मेला में रोगियों की जांच और इलाज किया गया मेला में मुख्य अतिथि के तौर पर सिविल सर्जन राँची डॉ प्रभात कुमार उपस्थित थे । उन्होंने स्वास्थ्य मेला में आए लोगों से नशा का त्याग करने समय समय पर अपना नियमित स्वस्थ्य की जॉच कराने की सलाह ही ' उन्होंने कहा कि सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अनगड़ा में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में सभी सुविधाएं उपलब्ध है । लेकिन सभी सुविधाओं के बावजूद अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन की उपलब्धता नहीं होने जैसी गंभीर समस्या के समाधान को लेकर कहा कि सीएसआर फण्ड से या स्टेट से अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

# ईडन गार्डंस पर भारतीय टीम की टी20 में लगातार सातवीं जीत

- भारत ने 4 विकेट से जीता पहला टी20
- अभिषेक शर्मा ने खेली 34गेंद में 79 रन की मैच विनिंग पारी
- बटलर की फिफ्टी के बावजूद इंग्लैंड 132 पर ऑलआउट

## वरुण-अर्शदीप के बाद चमके अभिषेक शर्मा

**एजेंसी**

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 132 रन बनाए थे, लेकिन अभिषेक ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से 79 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर मैच जीता। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट और आदिल राशिद ने एक विकेट लिया।

### किसी मैदान पर लगातार जीत दर्ज करने वाली संयुक्त रूप से दूसरी टीम बनी टीम इंडिया

कोलकाता के ईडन गार्डंस में भारत की यह लगातार सातवीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत है। इसी के साथ टीम इंडिया ने पाकिस्तान की बराबरी कर ली है। दरअसल, पाकिस्तान ने 2008-21 के बीच में कराची के मैदान पर कुल सात मुकाबले जीते। इस मामले में शीर्ष पर इंग्लैंड की टीम है। इस टीम ने 2010-21 के बीच में कार्डिफ में लगातार आठ मुकाबले अपने नाम किए।

### इंग्लैंड पर हावी हुए अभिषेक

कम स्कोर का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को संजू सैमसन और अभिषेक ने अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। हालांकि, आर्चर ने पहले सैमसन (26) और फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव को खाता खोले बिना आउट किया जिससे भारत की पारी लड़खड़ा गई। हालांकि, अभिषेक ने इसके बाद हाथ खोले और महज 20 गेंदों पर पचासा जड़ दिया। अभिषेक ने इंग्लैंड के हर गेंदबाज को निशाना बनाया। अभिषेक इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। अभिषेक की पारी का अंत आदिल राशिद ने किया। फिर तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या ने जीत की औपचारिकता पूरी की। तिलक 16 गेंदों पर 19 रन और हार्दिक चार गेंदों पर तीन रन बनाकर नाबाद लौटे।

### भारतीय गेंदबाजों ने बरपाया कहर

इससे पहले, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे इंग्लैंड की पारी 132 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए कप्तान जोस बटलर ने अर्धशतक जड़ा और 44 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। इंग्लैंड के सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई अंक तक पहुंच सके और बटलर के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सका। भारत ने इस मैच के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को प्लेइंग-11 में जगह नहीं दी थी, लेकिन अर्शदीप सिंह ने जिम्मा संभाला और शुरूआत में ही मेहमान टीम को दो झटके देकर भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई। अर्शदीप इसके साथ ही भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे सफल गेंदबाज बन गए। भारत के लिए वरुण ने तीन विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले।



## अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज पचासा जड़ने वाले तीसरे भारतीय बने अभिषेक

भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला कोलकाता में खेला गया। इस मैच में भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दमदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 232.35 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### युवराज के बराबर पहुंचे अभिषेक

इस मैच में अभिषेक शर्मा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह भारत के लिए संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने महज 20 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ उन्होंने अपने गुरू युवराज सिंह की बराबरी कर ली। पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ने 2009 में श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में इतनी ही गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

### अभिषेक के नाम दर्ज हुई एक और उपलब्धि

इसके अलावा अभिषेक टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। इस मामले में शीर्ष पर युवराज सिंह का नाम दर्ज हैं, जिन्होंने 2007 में महज 12 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था। 20 गेंदों में अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पचासा जड़ा। वहीं, तीसरे पायदान पर केएल राहुल का नाम है जिन्होंने 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ 27 गेंदों में अर्धशतक लगाया था।

## अभिषेक शर्मा ने बनाए 34 गेंद में 79 रन

जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे दौरे पर अपने दूसरे ही मैच में शतक ठोककर रातों-रात सनसनी बनने वाले अभिषेक शर्मा का बल्ला बीते कुछ समय से शांत था। वह लगातार फेल हो रहे थे। इस मुकाबले से पहले तो प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह पर भी सवालिया निशान था, लेकिन कोलकाता में शर्मा जी के लड़के ने कोहराम मचा दिया। 232.35 की स्ट्राइक रेट से पांच चौके और आठ छक्के लगाए। क्या पेसर और क्या स्पिनर उन्होंने किसी को नहीं बख्शा। 20 गेंद में अर्धशतक के साथ उन्होंने भारत के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी ठोक दी। पहले नंबर पर युवराज सिंह (12 गेंद) का नाम है।

### 0 पर आउट हुए कप्तान सूर्या

2021 के बाद पहला इंटरनेशनल मैच खेल रहे जोफ्रा आर्चर ने धमाकेदार वापसी की। चार ओवर में भारत का स्कोर बिना कोई विकेट खोए 39 रन हो चुका था। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी क्रीज पर सेट थी, लेकिन जोफ्रा आर्चर ने अगले ओवर में भारत को दो करारे झटके दिए। पहले संजू को कैच आउट किया, जो 20 गेंद में 26 रन बनाकर लौटे तो नए बल्लेबाज कप्तान सूर्यकुमार यादव आते ही बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में मिस हिट कर बैठे। हवाई फायर हवा में ही टंगा रह गया। विकेटकीपर फिल साल्ट ने हाई कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में सिर्फ 21 रन देकर दो बड़े विकेट लिए।




# चैंपियंस ट्रॉफी के प्रमोशनल एड में दिखे पांड्या, बोले तैयार हैं हम

**एजेंसी**

**दुबई।** दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि भारत क्रिकेट के अपने विशिष्ट कौशल (ब्रांड) का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है और खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी को फिर से घर लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से आयोजित की जाएगी। सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत ने पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था जिससे टीम अपने सभी मैचों को दुबई में खेलेगी। भारत ने 2013 में इंग्लैंड में आयोजित इस टूनामेंट का चैंपियन बना था जबकि 2002 में मेजबान श्रीलंका के साथ वह संयुक्त विजेता रहा था। हार्दिक ने आइसीसी से जारी बयान में कहा कि आइसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी से क्रिकेट को काफी बढ़ावा मिलेगा। यह एकदिवसीय प्रारूप को दिलचस्प और प्रासंगिक बनाता है। यह प्रतिष्ठित टूनामेंट प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच खेल को लेकर उत्साह जगाने का वादा करता है। उन्होंने आइसीसी के ऑल ऑन द लाइन अभियान के लिए जारी वीडियो में कहा कि भारत क्रिकेट के अपने विशिष्ट कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है, हर खिलाड़ी ट्रॉफी को फिर से घर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस टूनामेंट का शुरूआती मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 19 फरवरी को कराची में खेला जायेगा। भारतीय टीम इसके अगले दिन दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। आइसीसी की विज्ञप्ति के मुताबिक हार्दिक के अलावा मोहम्मद नबी, फिल साल्ट, शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी की मौजूदगी वाली यह वीडियो चैंपियंस ट्रॉफी और सफेद जैकेट हासिल करने के लिए सब कुछ दांव पर लगाने वाले खिलाड़ियों के सामने आने वाले चुनौतियों को दिखाती है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। कोलकाता में बुधवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। अर्शदीप ने शुरूआती ओवरों में ही इंग्लैंड को झटके दे दिए। इसके वरुण वक्रवर्ती ने 3 विकेट लेकर इंग्लैंड को 132 रन तक रोक दिया। कप्तान जोस बटलर ने 44 गेंदों पर 68 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम को सैमसन और अभिषेक ने तेजतर्रार शुरूआत दी। सैमसन ने जहां 26 रन बनाए तो वहीं, अभिषेक ने 34 गेंदों पर 8 छक्कों की मदद से 79 रनों का योगदान दिया।

# श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को हराकर फाइनल की दौड़ में बनाए रखी उम्मीदें




**रांची।** श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने बुधवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हुए हीरो महिला हॉकी इंडिया लीग (2024-25) के मुकाबले में दिल्ली एसजी पाइपर्स को हराया। कैथरीन मल्लन (21' और 33') ने बंगाल टाइगर्स के लिए दो गोल किए।

## जे एस डब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 2-1 से हराया

जे एस डब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने बुधवार को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) 2024-25 के मैच में दिल्ली एस जी पाइपर्स को 2-1 से हराया। हरजीत सिंह (9') और गुरजंत सिंह (17') ने सूरमा को शुरूआत में ही बढ़त दिलाई। हालांकि, कोरी वियर (59') ने आखिरी क्वार्टर में एक गोल कर पाइपर्स को वापसी की उम्मीद दी, लेकिन वे नतीजे को बदलने में असफल रहे।



# आस्ट्रेलिया, द अफ्रीका, स्कॉटलैंड, बांग्लादेश, नेपाल, नाइजीरिया और न्यूजीलैंड सुपर सिक्स में

**बांगी, (मलेशिया)।** आस्ट्रेलिया, स्कॉटलैंड, बंगलादेश, नेपाल, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया और न्यूजीलैंड ने बुधवार को महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप के सुपर सिक्स में जगह बना ली है। जबकि आयरलैंड ने पाकिस्तान को हराकर टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। बुधवार को आस्ट्रेलिया ने ग्रुप डी मुकाबले में नेपाल को 83 रनों से हराया। आस्ट्रेलिया ने काओइमहे ब्रे (45), एलेनोर लारोसा (31) और हसरत गिल (नाबाद 30) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 139 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 56 रन ही बना सकी और 83 रनों से मुकाबला हार गई। नेपाल के लिए कप्तान पूजा महतो ने सर्वाधिक (18) रनों की पारी खेली।

## समोआ को 67 रनों से हराकर न्यूजीलैंड महिला अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स में

**कुचिंग (मलेशिया)।** ईव वोलैंड (48) रन की पारी के बाद ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबलों में समोआ को 67 रनों से हराकर टूनार्मेंट के सुपर सिक्स में जगह बना ली हैं। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समोआ की टीम का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नही टिक सका। समाओ की पूरी टीम 14.2 ओवर में 40 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। समाओ का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। न्यूजीलैंड की ओर से ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल ने तीन-तीन विकेट लिये। सोफी कोर्ट को दो विकेट मिले। हन्ना ओ'कॉनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## स्कॉटलैंड को हराकर बांग्लादेश की महिला टीम अंडर -19 विश्वकप के सुपर सिक्स में

**बंगी (मलेशिया)।** कप्तान सुमैया अख्तर (नाबाद 28) के बाद अनीसा अख्तर सोबा (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश की महिला टीम ने बुधवार को महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप में स्कॉटलैंड को 17 रनों से हराकर सुपर सिक्स में जगह बना ली हैं। बांग्लादेश के 120 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। इसके बाद पिप्पा स्प्राउल और निअम मुइर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में कप्तान निअम मुइर (22) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद स्कॉटलैंड का कोई भी बल्लेबाज पिच पर अधिक देर तक नहीं टिक सका। पिप्पा स्प्राउल ने 41 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से (41) रनों की पारी खेली। बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे स्कॉलैंड की पूरी टीम 103 रन पर सिमट गई।

## इंग्लैंड ने अमेरिका को आठ विकेट से हराया

**जोहोर (मलेशिया)।** डेविना पेरिन (74) और ट्रुडी जॉनसन (नाबाद 44) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबले में अमेरिका को आठ विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के 119 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर एरिन थॉमस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ट्रुडी जॉनसन ने डेविना पेरिन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 117 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में पूजा शाह ने डेविना पेरिन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविना पेरिन ने 45 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुये (74) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। ट्रुडी जॉनसन (44) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में दो विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया।

## टेलर और कैटरीना की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ओपन महिला युगल के सेमीफाइनल में

**मेलबर्न।** अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी ने बुधवार को चीन की झांग शुआई और फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच की जोड़ी को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के महिला युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। नौवीं वरीयता प्राप्त झांग और म्लादेनोविच को टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 70 मिनट में 6-1, 7-5 से हराया।

# नवारो को हराकर स्वियातेक ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट, कीज से होगा मुकाबला



**एजेंसी**

**मेलबर्न।** इगा स्वियातेक ने आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो के खिलाफ 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत दर्ज करते हुए साल के शुरूआती ग्रैंड स्लैम में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने टूनार्मेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। मेलबर्न पार्क में अपना पहला खिताब जीतने के लिए जोर लगा रही पोलैंड की इस खिलाड़ी ने टूनार्मेंट में अब तक सिर्फ 14 गेम गंवाये हैं। इससे पहले 15 से कम गेम गंवाकर आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाने का कारनामा 2013 में मारिया शारापोवा ने किया था।अब तक पांच बार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी इस 23 साल की खिलाड़ी ने कहा, 'मैं टूनार्मेंट में अपने अब तक के प्रदर्शन से काफी खुश हूं। सेमीफाइनल में पहुंचना शानदार है। मैं और आगे बढ़ने की कोशिश करूंगी। पोलैंड की स्वियातेक के सामने सेमीफाइनल में अमेरिका की 29 साल मैडिसन कीज की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज कीज ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर मौजूदा सत्र में लगातार 10वी जीत दर्ज की।

## आस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे सिनर, शेलटन से होगा मुकाबला



**नयी दिल्ली।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर काबिज यानिक सिनर ने आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यहां स्थानीय खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर को आसानी से हराकर अंतिम चार की टिकट पक्की की। सिनर के सामने शुक्रवार को पुरुष एकल के सेमीफाइनल में 2023 अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनलिस्ट बेन शेलटन की चुनौती होगी, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो सोनेगो को मात दी। मिनौर के साथ स्थानीय दर्शकों का समर्थन था लेकिन सिनर ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और 6-3, 6-2, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। इससे पहले अमेरिका के 22 साल के वामहस्त खिलाड़ी शेलटन ने इटली के गैरवरीय खिलाड़ी के खिलाफ 6-4, 7-5, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की।इस 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 144 मील प्रति घंटे (232 किलोमीटर प्रतिघंटे) की रफ्तार से सर्विस कर पहला सेट अपने नाम करने के साथ मौजूदा सत्र के सबसे तेज सर्विस की बराबरी की। शेलटन ने इस जीत के बाद कहा, राहत महसूस कर रहा हूं। मैं सोनेगो की तारीफ करना चाहूंगा, उसने भी कमाल का खेल दिखाया।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने कई योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** केंद्रीय राज्य मंत्री बनवारी लाल वर्मा उर्फ बी एल वर्मा ने आकांक्षी प्रखंड के तहत प्रखंड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह महिला जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया, और वितरण का जांच किए। इसके बाद पानी पंचायत करमडीह अमृत सरोवर बड़ा तालाब के निरीक्षण के दौरान तालाब को और बेहतर बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। इसी दौरान ग्रामीण लाभुकों ने जन वितरण को लेकर शिकायत किया। वहीं इसके बाद रेफरल अस्पताल के कुपोषित (एमटीसी)उपचार केंद्र, महिला वार्ड प्रसव केंद्र का निरीक्षण किए। उसके बाद सभी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मी एएनएम को मन लगाकर मरीजों की सेवा करने का निर्देश दिए। वहीं इससे पूर्व रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ बुके देकर स्वागत किए और एएनएम, सहिया सहित अस्पताल कर्मियों के द्वारा स्वागत गान व पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। इसके बाद माननीय मंत्री प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति कनक, अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार एवं प्रखंड प्रमुख आरती दुबे के द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया



निरीक्षण करते मंत्री

गया। इसके बाद प्रखंड सभागार में सभी प्रखंड सह अंचल कर्मियों के साथ गोपनीय समीक्षा बैठक किया गया। वहीं श्री बी एल वर्मा ने आकांक्षी प्रखंड के तहत प्रखंड क्षेत्र को विकसित करने के लिए दिशा निर्देश दिए। गई। बैठक के पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि वह कल प्रेस वार्ता के दौरान इसका जवाब देंगे। जबकि उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि पूरे भारत देश में भारत सरकार नीति आयोग द्वारा 500 ब्लॉक को आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया गया है। जहां पर केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में एकमात्र मझिआंव प्रखंड आकांक्षी प्रखंड है। जहां पर योजनाओं की समीक्षा के लिए मंत्री सर आए हुए हैं। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय,सीएस अशोक कुमार, पंचायत मुखिया अख्तर खान, महताब आलम, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम शंकर दुबे, एजीएम मुकेश कुमार पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह के समीप बाइक से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान 23 वर्षीय बंटी सोनी पिता संजय सोनी ग्राम पेठियाबागी निवासी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से दुकान से घर जाने के दौरान नावाडीह के समीप जानवर सामने आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद घायल को ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है।

### युवती ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बगरीडीह निवासी एक युवती ने बुधवार को घर में डांट पड़ने के बाद जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। वहीं युवती के द्वारा जहर खाने की जानकारी मिलने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं युवती की पहचान 21 वर्षीय सिमरन परवीन पिता सिराज अंसारी के रूप में की गयी। वहीं चिकित्सकों की देखरेख में युवती का इलाज चल रहा है।

### विद्युत तार की चपेट में आने से बच्ची घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना अंतर्गत पचाने में बुधवार को घर के समीप लगे विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से एक बच्ची बुरी तरह झुलस कर जख्मी हो गयी। जख्मी हालत में उसे तत्काल ईलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में भर्ती कराया गया। वहीं घायल बच्ची की पहचान सतगावां थाना क्षेत्र के कोठियार पंचायत अंतर्गत पचाने गांव निवासी जानकी राय के 12 वर्षीय पुत्री शालिनी कुमारी के रूप में की गयी।

### सिमरिया चौक पर चलाया गया सफाई अभियान

**सिमरिया।** सिमरिया एसडीओ सन्नी राज के नेतृत्व में बुधवार को सिमरिया चौक पर विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक कार्यकर्ता और दुकानदारों के साथ सफाई अभियान चलाया गया। इसके लिए कई दौर की बैठक कर जागरूक किया गया था। सफाई के दौरान बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय और थाना प्रभारी मानव मयंक अपने कर्मचारियों के साथ दिनभर लगे रहे। यह कार्यक्रम सुभाष चौक से अनुमंडल कार्यालय रोड थाना रोड, बगरा रोड, टंडवा रोड और हजारीबाग रोड में चलाया गया। प्रशासन द्वारा झाड़ू और डस्टबिन भी उपलब्ध करवाया गया। एसडीओ श्री राज बीडीओ श्री प्रसाद सीओ श्री राय और थाना प्रभारी श्री मयंक ने खुद झाड़ू लगाए और फावड़ा चलाएं।

### लंबित अबुआ आवास की राशि को लेकर मुखिया में आक्रोश

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखण्ड मुखिया संघ की बैठक खूंटीकेवाल पंचायत सचिवालय में बुधवार को आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव ने किया। इस बाबत मुखिया संघ के उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव और सचिव सोनी देवी ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास सभी पंचायत में तो दिया गया है लेकिन पहली किस्त, दूसरी किस्त, तीसरी किस्त, चौथी किस्त,की राशि के लिए लाभुक प्रखण्ड कार्यालय में लगा रहे हैं जिसपे भुगतान में हो रहे विलंब को तत्काल दूर करने के लिए बैठक की गई।

### भाजपा और आरएसएस के मंसूबे को सफल नहीं होने देंगे : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान डालटनगंज विधानसभा के सदर प्रखंड में पहुंचा। मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने किया। सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने संविधान के निर्माता बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर फूल माला अर्पण करके अभियान की शुरूआत किया। कार्यक्रम में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि देश संविधान से चल सकता है। देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों से चल सकता है। देश संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के सोच से चलाया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज

### बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में मनाई जाएगी सरस्वती पूजा

**गढ़वा।** शहर के बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा को लेकर विश्वविद्यालय में बैठक की गई। बैठक में बीडीएसयू सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी का चुनाव किया गया। जिसमें डॉ. अरविंद कुमार सिंह को अध्यक्ष, डॉ. अमित मिश्रा को सचिव एवं राकेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय भूषण व संचालन प्रवीण सिंह ने की। मौके पर विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के प्राचार्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक, झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**भवनाथपुर।** गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 9 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 9.50, वन क्षेत्र कार्यालय 10 बजे, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय 10.05, थाना परिसर 10.10, कर्पूरी चौक 10.30, उच्च विद्यालय 10.35, बुनियादी विद्यालय 10.45, प्रखंड शिक्षा प्रसार कार्यालय 10.50, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय 11.05, कस्तूरबा विद्यालय 11.20, सभी पंचायत सचिवालय में 9.30 मे झंडोत्तोलन किया जाएगा। मौके पर सभी प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी तथा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक पार्टी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### समाजसेवी ने रखी डीहवार मंदिर की आधारशिला

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत के परती गांव में समाजसेवी पंकज सिंह ने डीहवार बाबा का मंदिर निर्माण का शुभारंभ नींव खुदाई कर किया। इस अवसर पर समाजसेवी ने कहा कि इस गांव के आदिवासी समुदाय के लोगों का मांग बड़का आंगना के समीप डीहवार बाबा का मंदिर का निर्माण करना था। उन्होंने अपने निजी खर्च से मंदिर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इस मंदिर निर्माण की कुल लागत लगभग 15 लाख रुपए है। पंकज सिंह ने कहा कि प्रखंड के लोगों का सहयोग करने के लिए वो हर सम्भव तैयार है। मौके पर सतेन्द्र ठाकुर, लालमुनि चौधरी, राधा सिंह, गौरव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### समावेशी शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**गिद्धौर।** मध्य विद्यालय गिद्धौर में बुधवार को समावेशी शिक्षा के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय, रिसोर्स शिक्षक अशोक कुमार और बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा ने किया। इस कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित रहीं।

# बाजार समिति व्यवसायी संघ की बैठक में झंडोत्तोलन का निर्णय



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाजार समिति व्यवसायी संघ की बैठक बाजार परिसर स्थित दुर्गा मंडप के समीप संपन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। संघ के सदस्यों ने बताया कि पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर सुबह 11:30 बजे झंडोत्तोलन करेंगे। बैठक में सभी व्यवसायियों से विचार करने के बाद निर्णय लिया गया कि आगामी एक फरवरी से कोई भी गेट पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं दिया जाएगा। बैठक में संघ के सदस्य समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य मेला में 517 मरीजों का निःशुल्क इलाज

**भंडरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रांगण में स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर 517 मरीजों का निःशुल्क इलाज कर दवा दी गई। इनमें सबसे अधिक 93 मरीज बीपी, शुगर वाले पहुंचे थे। शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार, कमजोरी सहित अन्य मरीजों की भीड़ लगी थी। शिविर में 35 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में मलेरिया, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, कुपोषण, डायबिटीज, मातृत्व चिकित्सा, मोतियाबिंद, दंत चिकित्सा, होम्योपैथी, यक्ष्मा, योग सहित अन्य स्टोल लगाए गए थे। इसके पूर्व मुख्य अतिथियों ने द्वीप जलाकर शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर भंडरिया मुखिया विनय सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी देवी, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता शिविर



जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार को शहर के गोविंद उच्च विद्यालय में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलवी संगीता सिन्हा ने बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, डायन प्रथा समेत अन्य कानूनी जानकारी दी। वहीं पीएलवी उमा शंकर द्विवेदी ने बाल मजदूरी, नशाखोरी, समेत सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अंतरराज्यीय कन्फ्रेंस सह सम्मान समारोह आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखण्ड सहित सभी इलाकों में सामाजिक बदलाव और कुरीतियों को समाप्त कर समाज में परिवर्तन लाने के लिए 23 जनवरी को अंतरराज्यीय कॉन्फ्रेंस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोशल चेंजिंग मिशन के सचिव मुमताज अंसारी ने प्रेस कन्फ्रेंस कर बताया कि आज के इस युग में किसी भी समझ में फैली कुरीतियों व बुराइयों को समाप्त कर समाज में एक अच्छा संदेश का मिशाल पेश रखना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव व उद्घाटन कर्ता झामुमो नेता ताहिर अंसारी होंगे। मंच का संचालन तबीब आलम करेंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि डॉ यासीन अंसारी, दीपक प्रताप देव, जिला शिक्षा पदाधिकारी कौशर रजा, धुरकी अंचल पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान गरीब व असहायों के बीच कंबल का भी वितरण किया जाएगा। प्रेस कन्फ्रेंस में हाजी सदर जान मोहम्मद अंसारी, हाजी इस्माइल अंसारी, साबिर अंसारी, अजय राम, मुद्रिका यादव, जाबिर अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# धुरकी के मुखिया संघ ने की ग्रामीण विकास विभाग मंत्री से मुलाकात



मंत्री से मुलाकात करते संघ के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी मुखिया संघ ने ग्रामीण विकास विभाग सह पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पांडेय से औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान ुरकी मुखिया संघ अयक्ष एवं मुखिया प्रतिनिाि ने प्रखण्ड की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही सभी मुखिया व मुखिया प्रतिनिाि ने वर्तमान में रोक लगे योजनाओं को चालू करने की भी मांग किया। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय ने सभी मुखिया व मुखिया प्रतिनिाि को भरोसा दिलाया कि उनके कार्य को सकारात्मक रूप से किया जाएगा। औपचारिक मुलाकात में प्रखंड के मुखिया व मुखिया प्रतिनिाि ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। मौके पर गनियारी कला पंचायत मुखिया शंभु प्रसाद गुप्ता, रक्सी पंचायत मुखिया प्रतिनिाि सत्यनारायण बैठा, खुटिया मुखिया प्रतिनिाि इस्लाम खान, भंडार मुखिया रघुनाथ सिंह, खाला मुखिया प्रतिनिाि साबिर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### दो पाटीदारों के बीच हुई मारपीट में चार घायल

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के अछिया टोला में जमीनी विवाद को लेकर दो पाटीदारों के बीच हुई लाठी और कुदाल से मारपीट में दोनों पक्षों से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां आयुष चिकित्सक नीतीश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना स्थानों पुलिस को दे दी गई है। घायलों में एक पक्ष से राम लाल यादव और उनके पुत्र जयगोविंद यादव के नाम शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से रवि रंजन यादव और लव यादव के नाम है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच जमीनी विवाद चल रहा है और बुधवार को अमीन के द्वारा मापी की गई थी। जिसके कुछ देर बाद ही रामलाल यादव के भाई और भतीजा ने घर में हमला बोल दिया और कुदाल लाठी से मारपीट की गई इस बीच घर में महिलाओं के साथ भी मारपीट और गली गलौज किया गया जिसमें घटना में चार लोग घायल हो गए।

# अनियंत्रित हाईवा पेड़ से टकराया, चालक घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियारडीह - मरकच्चो मुख्य मार्ग पर परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर के समीप बीती रात लगभग 10 बजे एक अनियंत्रित हाईवा पेड़ से जा टकरायी। जिसके बाद पेड़ को जड़ से कबाड़ते हुए हाईवा के परखचे निकल गया एवं हाईवा चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हाईवा चालक नशे में धुत था। हाईवा नवलशाही थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह निवासी का बताया गया। वहीं हाईवा मालिक मोहन राणा ने बताया कि हमारा हाईवा इधर कैसे आ गया मुझे इसकी जानकारी नहीं है। दुर्घटना की सूचना नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार तथा मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा को दिया गया। सूचना मिलते ही दोनों थाना प्रभारी व गस्ती कर रहे पीसीआर घटना स्थल पर पहुंचे कर गाड़ी में फंसे चालक को बाहर निकालकर उसे निजी क्लिनिक उपचार के लिए भेज दिया एवं हाईवा को जप्त कर नवलशाही थाना परिसर लाया गया।

# एआरडी में मनायी गयी भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अवध राज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर स्कूली बच्चों द्वारा भगवान राम, सीता व लक्ष्मण के वनवासी रूपों को दर्शाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य आणिमा पांडेय ने भगवान राम की आरती वंदना से किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न मनमोहक व आयात्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जिससे विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया।

मौके पर निदेशक पीके दुबे ने कहा कि स्कूली बच्चों का यह रूप देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि त्रेता युग का बनवासी राम, लक्ष्मण व सीता आज साक्षात् इस धरा पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस तरह का आध्यात्मिक कार्यक्रम अपने आप में एक उदाहरण है। जहां संस्कार विलुप्त होते जा रहा है और चंद स्वार्थी लोग जाति व धर्म के नाम पर आपसी विभेद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी तरह का पूजा स्थल हमारा पौराणिक व आध्यात्मिक धरोहर है। इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। प्राचार्या अनिमा पांडेय ने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का प्रतीक है। आज का कार्यक्रम उसी को दर्शाता है। हमें भगवान राम के चरित्र को आत्मसार करने की आवश्यकता है। विद्यालय की केजी की छात्रा शाना फातमा, शाहिना गुलशन व ति रानी के द्वारा भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता के बनवासी रूपों की अनुपम छंटा को बड़े ही मनमोहक तरीकों से दर्शाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गुनगुन चौबे ने किया। मौके पर शिक्षिका नीतू दूबे, रागिनी कुमारी, नीतू कुमारी, विभा कुमारी, जागृति कुमारी, संजना कुमारी, काजल कुमारी, लाडली खातून, गुलाम सरवर अंसारी, राजीव कुमार दूबे, राजेश कुमार ठाकुर, राजीव कुमार दूबे, आदर्श कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित लोग

## पेज एक का शेष

### महाराष्ट्र के जलगांव में ...

इस हादसे में करीब 40 लोगों के घायल होने की सूचना है। मध्य रेलवे ने एक बयान में कहा है कि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) यूपी के लखनऊ से चलकर मुंबई जा रही थी। सुबह करीब पांच बजे जलगांव के परांडा स्टेशन के पास यह हादसा हुआ। जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदे यात्रियों को तेज रफ्तार कर्नाटक एक्सप्रेस ट्रेन लोगों को कुचलते हुए निकल गयी। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ बताया कि ट्रेन में अलार्म चेन पुलिंग हुई थी।

सीएम योगी ने जताया दुःख : कई यात्रियों की मौत पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुःख जताया है। उन्होंने दुर्घटना में दिवंगत लोगों की आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। शुरूआती जानकारी में सामने आया है कि कुछ यात्रियों ने ट्रेन के कोच के नीचे कुछ धुआं देखा था। इसके बाद आग लगने की अफवाह फैली थी। इसके बाद हादसा हुआ। रेलवे के जानकारों का कहना है कि कई बार ट्रेन के पहियों के गर्म होने से भी चिंगारी निकलती है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से ...

जून तक सभी कार्य हो जायेंगे : निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इस वर्ष जून माह तक सभी निर्माण कार्य पूरा हो जाने की बात कही। इस दौरान सीएम ने आवास, हेल्थ सेंटर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, चिल्ड्रन पार्क, प्ले ग्राउंड, बिजली, पानी और सड़क, व्हीकल पार्किंग सिवरेज- ड्रेनेज सिस्टम समेत अन्य निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। इस परिसर में 70 डुपलेक्स बन रहे हैं जिसकी आधारशिला 20 नवंबर 2022 को रखी गयी थी। 43.5 एकड़ भूमि पर 216 करोड़ की लागत से बन रहे है।

### एक महिला समेत...

इस दौरान बुधवार सुबह 5 बजे से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। दोनों तरफ से काफी देर तक फायरिंग हुई। मुठभेड़ में दो नक्सलियों की मौत हो गयी। सर्च आपरेशन में पुलिस, सीआरपीएफ और जगुआर के जवान शामिल थे। जंगल में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### सीजीएल परीक्षा रिजल्ट ...

पिछली सुनवाई में झारखंड हाई कोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम-2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर अपनी रिपोर्ट दे। इस मामले की जांच जांच सीआईडी कर रही है। सीआईडी ने दो केस दर्ज कर लिये हैं। अनुसंधान के लिए डीजीपी सह सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने एसआइटी भी गठित कर दी है।

इस मसले को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र नेता देवेंद्र महतो का कहना है कि सीजीएल रिजल्ट पर पूरे राज्य की निगाह है। एसआईटी को सबूत भी सौंपे गये हैं। उन्होंने फिर दावा किया कि इस परीक्षा में व्यापक स्तर पर धांधली हुई है। सरकार को छात्रों का विश्वास बनाए रखने के लिए दोबारा परीक्षा करानी चाहिए। हाईकोर्ट के 17 दिसंबर 2024 के आदेश के आलोक में डीजीपी की पहल पर एसआईटी की जांच चल रही है। अबतक एसआईटी को 54 शिकायतें मिली हैं।

स्पीड न्यूज

## मणिपुर में जदयू प्रदेश अध्यक्ष हटे

**इम्फाल।** जनता दल यूनाइडेट (जदयू) में बुधवार अंदरुनी कलह सामने आया, जब उसकी मणिपुर इकाई के अध्यक्ष ने भाजपा के नेतृत्ववाली राज्य सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा की, जिसके तुरंत बाद पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राज्य इकाई के अध्यक्ष को अनुशासनहीनता के आरोप में पद से हटाया जा चुका है। जदयू की मणिपुर की राज्य इकाई के अध्यक्ष के. बिरेन सिंह के नाम से बुधवार को ही राज्यपाल के नाम लिखे समर्थन वापसी के पत्र में कहा है कि विधानसभा में पार्टी का एक मात्र विधायक सरकार का समर्थन नहीं करता और उसे विपक्षी सदस्य के रूप में माना जाय।

## अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो चालक से मिले सैफ



**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने यहां अपने घर पर चाकू से हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाने वाले ऑटो-रिक्शा चालक भजन सिंह राणा से मुलाकात की और मदद करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। अभिनेता ने चालक को कुछ पैसे भी दिए और जरूरत पड़ने पर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। ऑटोरिक्शा चालक ने कहा कि मैं मंगलवार को अस्पताल में उनसे (सैफ से) मिला। उन्होंने मेरी सराहना की। मुझे उनसे और उनके परिवार से आशीर्वाद मिला। राणा ने कहा कि उन्होंने (खान) मुझे अपनी मां (शर्मिला टैगोर) से मिलवाया और मैंने उनके पैर छुए। उन्होंने मुझे जो भी सही लगा, रुपये दिये और कहा कि जब भी मुझे मदद की जरूरत होगी, वह उपलब्ध रहेंगे।

## बांग्लादेश में विमान को उड़ाने की धमकी

**ढाका।** इटली के रोम से बांग्लादेश के ढाका आ रहे बंगलादेश एयरलाइंस के विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के कार्यकारी निदेशक ग्रुप कैप्टन कमरुल इस्लाम कहा ने बताया कि बुधवार की सुबह विमान की रोम से ढाका उड़ान के संबंध में एक अज्ञात नंबर से बम की धमकी मिली है। उन्होंने बताया कि 250 यात्रियों और चालक दल के 13 सदस्यों को लेकर आ रहे विमान को 09:20 बजे ढाका हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतार लिया।

## बेंगलुरु और बनारस के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे ने महाकुम्भ मेला के दौरान अतिरिक्त यात्री भार को कम करने के लिए एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) और बनारस के बीच एक तरफा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला के दौरान अतिरिक्त यात्रीभार क्लियर करने और यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से विशेष ट्रेन चलाई जा रही है।

## इंडिगो फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** पटना से लखनऊ के लिए बुधवार शाम उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। इंडिगो की फ्लाइट ने पटना एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए उड़ान भरी थी लेकिन आधा घंटे बाद हवा में ही तकनीकी खराबी आ गयी। सूझ-बूझ से काम लेते हुए पायलट ने एटीएस को सूचित करने के बाद पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करायी। तकनीकी खराबी आने से यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया।

# बर्थराइट पॉलिसी के खिलाफ अमेरिका के 22 राज्यों में मुकदमा

एजेंसी

▸▸ कानूनी चुनौतियों का सामना करेंगे: व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बर्थराइट पॉलिसी बदलने के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह पॉलिसी अमेरिका में जन्मे बच्चों को उनके माता-पिता के इमिग्रेशन स्टेटस को नजरअंदाज कर नागरिकता की गारंटी देती है। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के साथ जारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जो अमेरिकी संविधान में बर्थराइट पॉलिसी को बदलने की बात करता है। ट्रंप की बर्थराइट पॉलिसी को लेकर दी गई मंजूरी कानूनी अड़चनों में फंसती दिख रही है। ट्रंप ने देश की बर्थराइट पॉलिसी की यह कहते हुए आलोचना की थी कि यह नीति अवैध आव्रजन को प्रोत्साहित करती है। इसी वजह से दोबारा सत्ता में आते ही ट्रंप ने इस नीति को बदलने संबंधी आदेश जारी कर दिए। मुकदमा दायर होने के बाद व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि वह अदालत में राज्यों का सामना करने के लिए तैयार है। इन मुकदमों को वामपंथी प्रतिरोध का विस्तार बताया।

**क्या है बर्थराइट पॉलिसी :** 1868 में किए गए अमेरिका के संविधान के 14वें संशोधन के मुताबिक, देश में पैदा हुए सभी बच्चों को जन्मजात नागरिकता दी जाती है। संशोधन का मकसद पूर्व में देश में गुलाम बनाए गए लोगों को नागरिकता और समान अधिकार देना था। संविधान के मुताबिक, अमेरिका में जिन बच्चों का जन्म हुआ, उनके अधिकार क्षेत्र के अधीन वो अमेरिका और



जिस भी राज्य में पैदा हुए वहां के नागरिक बन जाते हैं। इस नीति के अंतर्गत विदेशी राजनयिकों के बच्चों को छोड़ कर अमेरिका में पैदा हुए लगभग सभी व्यक्तियों को शामिल किया गया है। ट्रंप के आदेश में कहा गया है कि बर्थराइट पॉलिसी में गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों के बच्चों को बाहर रखा जाना चाहिए और उन्हें जन्मजात नागरिकता नहीं दी जानी चाहिए। ट्रम्प का आदेश अमेरिका में जन्मे किसी भी बच्चे को 14वें संशोधन के तहत नागरिकता प्रदान करने को चुनौती देता है।

### ये राज्य हैं खिलाफ

ट्रंप के आदेश के साथ अमेरिका सहित दुनिया भर में हलचल मच गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रंप के आदेश के खिलाफ कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट और सैन फ्रांसिस्को के साथ 18 राज्यों ने फेडरल अदालत में मुकदमा कर दिया है। न्यू जर्सी और दो शहरों के साथ कैलिफोर्निया, मैसाचुसेट्स, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, मेन, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क, उत्तरी कैरोलिना, रोड आइलैंड, वर्मोंट और विस्कॉन्सिन भी ट्रंप के आदेश के खिलाफ मुकदमे में शामिल हुए हैं। न्यू जर्सी के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल मैट प्लैटकिन ने कहा कि राष्ट्रपतियों के पास व्यापक शक्तियां होती हैं लेकिन वे राजा नहीं होते।

## ट्रंप ने किया एआइ में 500 अरब डॉलर निवेश का एलान

एजेंसी

▸▸ एक लाख से अधिक नौकरियां होंगी सृजित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के माध्यम से कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इसे ओरेकल, सॉफ्टबैंक और ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाया जा रहा है। स्टारगेट नामक यह उद्यम, अमेरिकी डेटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश को दशार्ता है। ये तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरूआत टेक्सास में निर्माणाधीन 10 डेटा केंद्रों से होगी। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति ने कहा कि उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी तथा तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी। उन्होंने कहा कि स्टारगेट तुरंत काम शुरू करेगा।

### भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन भारत के साथ आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है। अनियमित आव्रजन से जुड़े मुद्दों का भी हल निकालना चाहता है। रूबियो की प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक करने को तरजीह दी जिससे एक प्रकार से यह संदेश गया कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने को काफी अहमियत देता है।

# बनेगा विंध्य एक्सप्रेस-वे

एजेंसी

## मीरजापुर से प्रयागराज तक छह लेन का एक्सप्रेस-वे बनेगा

▸▸ महाकुंभ में योगी कैबिनेट ने गंगा एक्सप्रेसवे के एक्सटेंशन को दी मंजूरी

**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाकुम्भ त्रिवेणी संकुल पर हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जनहित के कई बड़े फैसले लिए गए। इसके तहत प्रयागराज रीजन डवलपमेंट की स्थापना होगी, जिसके तहत आसपास के जिलों को मिलाकर उनका सुनियोजित विकास कराया जाएगा। पश्चिमी क्षेत्र के बागपत, हाथरस और कासगंज जिलों में मेडिकल कालेजों का निर्माण होगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम अपने बांड जारी कर सकेंगे, जिससे निगमों की वित्तीय हालत में सुधार हो सकेगा। साथ ही मीरजापुर से प्रयागराज छह लेन का एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पीपीपी मोड पर बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कालेजों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। जल्द ही उन पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बलरामपुर में अटल जी के नाम से केजीएमयू का सेंटर बनेगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम बांड जारी कर सकेंगे। अब तक लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगम के लिए ही बांड जारी किये जा रहे हैं। प्रयागराज के लिए एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बांड जारी होगा। काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद काशी वैश्विक पटल पर छा रहा है। उन्होंने बताया कि वाराणसी-विंध्य को एक डेवलेपमेंट रीजन बनाने की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जायेगा। इससे यहां के न केवल पर्यटन की दृष्टि से यहां पर रोजगार के सृजन में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। चित्रकूट और प्रयागराज को भी गंगा एक्सप्रेस के साथ जोड़ने की कार्यवाही हो रही है। प्रयागराज में यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर एक नए पुल के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। योगी ने कहा कि जिस महाकुंभ को ध्यान में रखकर प्रयागराज के साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र का सांस्कृतिक दृष्टि से विकास




किया गया, वह प्रधानमंत्री का विजन है। गंगा एक्सप्रेस-वे प्रयागराज से मिर्जापुर और मिर्जापुर से संत रविदास नगर होते हुए काशी, चंदौली और गाजीपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में जुड़ेगा। इसके अलावा वाराणसी और चंदौली से मिनी एक्सप्रेसवे सोनभद्र को जोड़ते हुए नेशनल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा।

**उद्योगों को मिलेंगी रियायतें :** उप्र औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी की आद्योगिक इकाइयों हेतु विशेष सुविधाएं एवं रियायतें देने के लिए मंजूरी दी गयी। एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति के तहत अशोक लीलैंड को आवंटित भूमि के लिए यूपीसीडा को दिए जाने वाली सब्सिडी के बारे में इम्पावर्ड कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

### झारखंड से भी अच्छा संपर्क स्थापित होगा

इस दृष्टि से प्रयागराज मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली एवं सोनभद्र को जोड़ते हुए 320 किलोमीटर लंबाई वाले नए नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा। इस नए एक्सप्रेस का प्रारंभ बिंदु प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे होगा जबकि सोनभद्र में एनएच-39 पर इसका समापन होगा। इस तरह गंगा एक्सप्रेसवे और विंध्य एक्सप्रेसवे की सीधी कनेक्टिविटी होगी, साथ ही, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में झारखंड से भी अच्छा संपर्क स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में विंध्य एक्सप्रेस-वे पर चंदौली से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम बिंदु गाजीपुर तक विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे का भी निर्माण किया जाएगा।



## महाकुंभ में श्रद्धालु कर सकेंगे कई प्रमुख मंदिरों के दर्शन

महाकुंभनगर। महाकुंभ में आए श्रद्धालु देश के सभी प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन एक साथ कर सकेंगे। यहां तिरुपति बालाजी का मंदिर बनकर भक्तों के लिए तैयार है तो राम मंदिर, मेहंदीपुर बालाजी के मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें भी देखी जा सकती हैं। इनके साथ-साथ अक्षरधाम, चार धाम, खाटू श्याम, मां कामाख्या देवी, इस्कॉन मंदिर श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं।

**मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान :** महाकुंभ नगर में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने का अनुमान है। इनमें विदेशी श्रद्धालु भी होंगे। अमृत स्नान प्रयागराज महाकुंभ में श्रृद्धालुओं के सैलाब को लेकर नया कीर्तिमान दर्ज करने जा रहा है।

## आप-दा वाले दिल्ली में रोज कर रहे हैं हवाई वादे : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर लोकपाल के गठन जैसे वायदों से पीछे हटने का आरोप लगाते हुये कहा कि यह पार्टी हार से इतनी डरी हुयी है कि इन्हें रोज नयी हवाई घोषणायें करनी पड़ रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप की सरकार ने आयुष्मान जैसी केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से दिल्ली के लोगों को वंचित रखने का पाप किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये जोरदार प्रचार अभियान के बीच श्री मोदी ने नमो ऐप के माध्यम से बुधवार को भारतीय भाजपा के दिल्ली के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे थे।

## आइटी व टेक कंपनियों की तेजी से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

▸▸ सेंसेक्स 566 अंक तेजी के साथ 76404 पर पहुंचा, निफ्टी 130 अंक छलांग लगाकर 23155 पर हुआ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई नीतियों और मजबूत कॉर्पोरेट आय के कारण निवेशकों में आशावाद बढ़ने से वैश्विक बाजारों की मजबूती से स्थानीय स्तर पर इंफोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक समेत 21 दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार आधी फीसदी से अधिक उछल गया। सेंसेक्स 566.63 अंक अर्थात 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,404.99 अंक और निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23,155.35 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.20 प्रतिशत की गिरावट लेकर 42,647.77 अंक और स्मॉलकैप 1.56 प्रतिशत का गोता लगाकर 50,906.76 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4059 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1142 में लिवाली जबकि 2802 में बिकवाली हुई वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2052 कंपनियां लाल जबकि 780 हरे निशान पर बंद हुई वहीं 62 के भाव स्थिर रहे।

## बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार सस्पेंड

**पटना।** आय से अधिक संपत्ति मामले के आरोपित बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। गृह विभाग (कारा) ने इससे संबंधित आदेश बुधवार को जारी कर दिया है। निलंबन अवधि में विधु कुमार का मुख्यालय केंद्रीय कारा, बक्सर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। विभाग ने निलंबित जेल अधीक्षक के विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि इसी माह आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने राजधानी के आदर्श केंद्रीय कारा, बेउर के अधीक्षक विधु कुमार के पटना और मोतिहारी के आठ ठिकानों पर छापामारी की थी। ईओयू की प्रारंभिक जांच में विधु कुमार के पास आय से 146 प्रतिशत अधिक संपत्ति पाई गई है। आरोप है कि विधु कुमार ने अवैध कमाई से पटना, मोतिहारी, शिवहर, पूर्णिया और कटिहार में एक दर्जन से अधिक जमीनें खरीदीं हैं।

## अररिया में जल्द खुलेगा मेडिकल कॉलेज : नीतीश

▸▸ भूमि चिह्नित करने के लिए आज जायेगी एक टीम

▸▸ मुख्यमंत्री ने 449 योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अररिया जिले में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराए जाने की बुधवार को घोषणा की। श्री कुमार ने बुधवार को प्रगति यात्रा के दौरान अररिया जिले में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे यहां के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित करने के लिए एक टीम को गुरुवार को ही भेजा जा रहा है ताकि चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की स्थापना शीघ्र हो



सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त अररिया जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। इसके लिए आप सबको बधाई एवं धन्यवाद देता हूं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले में 304 करोड़ 66 लाख की राशि का 449 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

# कर्तव्य पथ पर दिखेंगे दो युद्धपोत और पनडुब्बी वाग्शीर

एजेंसी

▸▸ गणतंत्र दिवस परेड में 144 युवा नौसैनिक करेंगे मार्च

**नयी दिल्ली।** कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने में सक्षम 144 नौसैनिक कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे। नौसेना की इस मार्चिंग टुकड़ी को दो महीने से अधिक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।नौसेना की झांकी में स्वदेशी फ्रंटलाइन जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को दिखाया जायेगा, जिन्हें हाल ही में भारत के समुद्री बेड़े में शामिल किया गया है।

इसके अलावा नौसेना बैंड गर्व और सम्मान के साथ दिल को छू लेने वाली और पैर थिरकाने वाली धुनें बजाएगा। मार्चिंग टुकड़ी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर साहिल अहलूवालिया ने बताया कि इस बार भाग लेने वाली नौसेना टुकड़ी में 144 युवा कार्मिक शामिल होंगे, जो ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे। टुकड़ी के सदस्यों की औसत आयु 25 वर्ष है। इन कर्मियों को भारतीय नौसेना की सभी शाखाओं से चयनित करके दो महीने से अधिक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। टुकड़ी का नेतृत्व प्लाटून कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट कमांडर इंद्रेश चौधरी, लेफ्टिनेंट कमांडर काजल भारवी और लेफ्टिनेंट दिविंदर कुमार करेंगे। उन्होंने बताया कि नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी भी लघु भारत का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी और नाविक शामिल हैं। गणतंत्र दिवस परेड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता, सैन्य कौशल और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करती है। भारतीय नौसेना के 'युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बल' होने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए परेड और बीटिंग रिट्रीट में भाग लेने वाले सभी कर्मी आत्मनिर्भरता के




माध्यम से समुद्री सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेंगे।

देश के हितों की रक्षा के लिए गौरव और प्रतिबद्धता से भरे इतिहास के साथ भारतीय नौसेना की झांकी मजबूत राष्ट्र के लिए मजबूत नौसेना की आवश्यकता का एक ज्वलंत चित्रण होगी। भारतीय नौसेना अपनी बहुआयामी संपत्तियों के साथ भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए कभी भी, कहीं भी और भारत के विकास, गौरव और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। झांकी में स्वदेशी फ्रंटलाइन जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को दशार्या जायेगा, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी को मुंबई में नौसेना के बेड़े में शामिल किया था। झांकी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर ममता सिहाग और लेफ्टिनेंट विपुल सिंह गहलोत होंगे। नौसेना बैंड का नेतृत्व एम. एंटनी राज, एमसीपीओ संगीतकार प्रथम श्रेणी करेंगे तथा जिसमें 80 संगीतकार शामिल होंगे। यह सभी गर्व और सम्मान के साथ परेड में दिल को छू लेने वाली और पैर थिरकने को मजबूर करने वाली धुनों का प्रदर्शन करेंगे।

